खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :35°C न्यूनतम: 26°C
सेंसेक्स 81,118.60 निफ्टी 24,718.60
सोना 1,03,000 चांदी 1,10,000

मुरादाबाद, सोमवार 16 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 306 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत 2082 19 ज़िलहिज्जा 1446 हिज़री नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# गौरीकुंड में हेलीकॉप्टर क्रैश, सात लोगों की मौत

## बाबा केदारनाथ के दर्शन करके लौट रहे थे छह श्रद्धालु, दो मृतक बिजनौर निवासी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में रविवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर बाबा केदारनाथ के दर्शन करा कर पांच श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के एक कर्मचारी को वापस ला रहा था कि मौसम खराब होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे पायलट सहित उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 23 महीने की बच्ची भी शामिल है।

श्रद्धालु परिवार महाराष्ट्र के निवासी थे। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि रविवार सुबह करीब 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/ बीईएलएल 407 गौरीकुंड क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में गिरा है। दुर्घटना की वजह खराब मौसम है। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड के ऊपर घास काट रही नेपाली मूल की महिलाओं ने इसके दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी थी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर केदारनाथ से प्रात: 5:21 बजे गुप्तकाशी के लिए रवाना हुआ था एवं 5:24 बजे इसे वेली प्वाइंट के पास देखा गया। उस समय क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा था जिससे दृश्यता शून्य हो गई थी। 6:13 बजे हेलीकॉप्टर के गुप्तकाशी न पहुंचने की जानकारी हेलीकॉप्टर कंपनी -शेष पृष्ठ दो पर



### चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा सोमवार तक बंद
### उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश दिए

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्रचलित गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धामों की यात्रा के लिए आगामी सोमवार तक हेलीकॉप्टर सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस दौरान चारधाम में लगे सभी हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी एवं सभी ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद ही पुन: हेलीकॉप्टर सेवा को सुचारू किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने आवास में हुई बैठक के दौरान ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में अब हेलीकॉप्टर उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली ऑपरेटर कम्पनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। मुख्यमंत्री ने सचिव, गृह की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबध में उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं।

### विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो करेगा हादसे की जांच

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी की उड़ान के दौरान रविवार सुबह एक बेल 407 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। एक जानकारी में बताया गया कि एहतियाती उपाय के रूप में डीजीसीए ने पहले ही चार धाम तक हेलीकॉप्टर संचालन की आवृत्ति को कम कर दिया है, बढ़ी हुई निगरानी कर रहा है और आगे की किसी भी कार्रवाई के लिए ऑपरेशन की समीक्षा कर रहा है। दुर्घटना की जांच एएआईबी द्वारा की जाएगी।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर सख्त SOP बनाने के निर्देश

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हाल में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इसके लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने के निर्देश दिए। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एसओपी तैयार की जाए जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाए जो हेलीकॉप्टर संचालन की सभी तकनीकी एवं सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि राज्य में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के साथ ही आज के हेलीकॉप्टर दुर्घटना की भी हर पहलू की गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी।

### केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन, आर्यन एविएशन का परिचालन स्थगित, दो पायलटों के लाइसेंस निलंबित

**नई दिल्ली।** केदारनाथ धाम के समीप रविवार सुबह एक बड़े हेलीकॉप्टर हादसे के बाद केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार धाम यात्रा के लिए आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के संचालन को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा, डीजीसीए ने ट्रांसभारत एविएशन के दो पायलटों के लाइसेंस भी छह महीने के लिए सस्पेंड कर दिए हैं। इस हादसे के बाद नागर विमानन मंत्रालय ने चार धाम क्षेत्र में हेलीकॉप्टर परिचालन पर सख्त नजर रखने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। डीजीसीए ने कहा है कि हेलीकॉप्टर गतिविधियों की निगरानी के लिए अफसरों को केदारनाथ घाटी में तैनात किया जाएगा। साथ ही, यूसीएडीए कमांड-एंड-कंट्रोल रूम के कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। इस दुर्घटना ने एक बार फिर से चार धाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर सेवाओं की सुरक्षा व्यवस्था और मौसम की स्थिति में उड़ानों की अनुमति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मथुराः खुदाई के दौरान गिरे छह मकान, 12 से ज्यादा जिंदा दबे, तीन की मौत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** उप्र के मथुरा में एक साथ 6 मकानों के भरभराकर गिरने का मामला सामने आया है। मलबे के नीचे दबने से 3 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, अभी भी कई लोग मलबे में दबे हुए बताए जा रहे हैं, जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। अचानक मकानों के गिरने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां बाड़े में (खुली भूमि) जेसीबी से खुदाई चल रही थी। इस दौरान यह हादसा हो गया। यह मथुरा के थाना गोविंद नगर क्षेत्र की है, यहां कच्ची सड़क पर बने 6 मकान अचानक भरभराकर गिर गए। यह मकान कच्चे टीले पर बने हुए थे। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब 12 बजे ये हादसा हुआ। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 4 लोगों को मलबे से बाहर निकाला

**■ चार लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया**

गया है। अभी भी 10-12 लोगों के दबे होने की खबर है। मलबे मे दबे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस, नगर निगम, प्रशासन और दमकल की टीम मौके पर पहुंची हैं। रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। मृतकों की पहचान तोताराम (38), दो सगी बहनें यशोदा (6) और काव्या (3) के तौर पर हुई है। सभी 6 मकान जो ढहे हैं, वो मिट्टी के टीले पर बने हुए थे। लोगों ने बताया कि यहां बाड़े (खुली भूमी) में जेसीबी से खुदाई चल रही थी। तभी अचानक मिट्टी धंसी और एक के बाद एक सभी मकान मलबे में तब्दील हो गए। लोगों ने बताया कि जब हादसा हुआ तो ऐसा लगा कि भूकंप आ गया हो। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला। वहीं पुलिस लोगों से पूछताछ कर घटने की जांच में जुट गई है।

# अहमदाबाद प्लेन हादसाः विजय रूपाणी के शव ही हुई पहचान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। 12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है।

रविवार सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है, 20 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिये सिक्योरिटी के साथ -शेष पृष्ठ दो पर



**■ राजकोट में आज होगा पूर्व सीएम का अंतिम संस्कार**
**■ अब तक 31 शवों की शिनाख्त, 20 परिजन को सौंपे**



**अगले साल नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा भारतः शाह**
विस्तृत खबर देश-प्रदेश पर



**इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच में सरफराज खान का शानदार शतक**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### वायुसेना को जून के आखिर में तेजस एमके1ए मिलेगा

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के कुछ ही सप्ताह बाद वायुसेना के बेड़े में नया विमान आने जा रहा है। वायुसेना को इस महीने के आखिर में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की अगली पीढ़ी का एयरक्राफ्ट तेजस एमके 1ए मिल जाएगा। फ्लाइंग टेस्ट की आखिरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह फाइटर बेड़े में शामिल हो जाएगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ फरवरी, 2021 में 83 तेजस एमके 1ए विमानों का सौदा 48 हजार करोड़ रुपये में हुआ था। इनकी डिलीवरी मार्च, 2024 में होनी थी। लेकिन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) से मिलने वाले इंजन एफ404 आईएन20 की सप्लाई में देरी की वजह से सुपुर्दगी करीब सवा साल टल गई। एचएएल सूत्रों के अनुसार, इस मार्च से नए इंजन मिलने शुरू हो गए हैं। इस साल के आखिर तक वायुसेना को 12 तेजस एमके 1ए विमान सौंप दिए जाएंगे।

### मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे

**साइप्रस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को साइप्रस पहुंचे, जहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स ने स्वयं हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार करीब पांच बजे साइप्रस के लार्नाका अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, जहां उनकी अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे। हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे। साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर श्री मोदी 15-16 जून को यहां की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि साइप्रस में पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष भाव के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स को मैंने आभार व्यक्त किया है। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि साझा मूल्यों और आकांक्षाओं से युक्त एक विश्वसनीय साझीदारी।

### जी-7 में आतंकवाद के मुद्दे को उठाएंगे : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। श्री मोदी ने तीन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि आज, मैं साइप्रस गणराज्य, कनाडा और क्रोएशिया की तीन देशों की यात्रा पर जाऊंगा।

# यूपी-गुजरात में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित पूरे एनसीआर में शनिवार रात से ही तेज बारिश के साथ गरज-चमक और 80-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली। कई इलाकों में पानी भर गया है और पेड़ उखड़ गए हैं।

कोटा में आंधी-बारिश से मकान का छज्जा गिर गया। हादसे में 17 लोग घायल हो गए। वहीं, जयपुर के जमवारामगढ़ में आंधी के कारण बाइक सवार पर बिजली का पोल गिर गया। व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उत्तर प्रदेश में शनिवार देर शाम हुई बारिश के कारण सिद्धार्थनगर

**■ दिल्ली-एनसीआर में बारिश, 100 किमी प्रतिघंटा स्पीड से हवा चली**

और हमीरपुर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने रविवार को 18 जिलों में लू और 47 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात में भी शनिवार शाम से तेज बारिश का दौर जारी है। राजकोट में बिजली गिरने से एक, दाहोद में दो, मांगरोल में एक और कलोल तालुका में मोकड़ गांव के सरपंच की मौत हो गई।

### पश्चिम बंगाल में बीएसएफ जवान ने सीनियर की हत्या की

**मुर्शिदाबाद।** प. बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक कैंप में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने सीनियर की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार रात करीब 10:30 बजे धुलियान में बीएसएफ कैंप में हुई। कॉन्स्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने सीनियर हेड कॉन्स्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों जवान बीएसएफ की एक यूनिट में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था।

# पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा
## स्थानीय विधायक का दावाः छह लोगों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के मावल तहसील के कुंडमाला गांव के पास में रविवार को दोपहर 3:30 बजे इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। इसमें 25-30 लोगों के बह जाने की आशंका है।

विधायक सुनील शेलके ने बताया कि अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। 6 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कई लोग नदी के तेज बहाव को देखने के लिए खड़े थे। पुणे से कुंडमाला की दूरी 30



**25-30 लोगों के बहने की आशंका**

किमी है। यह जगह मुंबई के रास्ते में एक्सप्रेसवे में प्रवेश करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह पुल पहले से ही बहुत खराब और जर्जर स्थिति में था। हादसे के -शेष पृष्ठ दो पर

### केरल हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा ब्रिटिश लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। उधर वायुसेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है। ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उड़ान भरी थी, लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी।

# पहलगाम हमले का खौफ बरकरार, 90% पर्यटकों ने मुंह मोड़ा

पहलगाम, वार्ता

**दक्षिण कश्मीर के** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को करीब डेढ़ महीना बीत चुका है, लेकिन घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ है। पहलगाम की सड़कों पर चहल-पहल नदारद है, होटल खाली पड़े हैं और दुकानों पर बैठे लोग किसी आने वाले सैलानी की राह तकते नजर आते हैं।

हमले के बाद पर्यटकों के आगमन में 90 फीसदी तक गिरावट आई है और इसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन व्यवसाय पर पड़ा है। पहलगाम पहुंचने पर रंगबिरंगे अक्षरों में सजे 'पहलगाम' बोर्ड के पास कुछ पर्यटक जरूर तस्वीरें खींचते दिख जाते हैं, लेकिन जैसे ही बाजार की ओर बढ़ते हैं, सुनसान सड़कें दिखती हैं। स्थानीय दुकानदार सालिक मोहम्मद मायूस स्वर में कहते हैं कि क्या करें, यह हमारी बदकिस्मती है। आतंकियों ने जो दाग लगाया है, उसे मिटाने में न जाने कितना वक्त लगेगा। हम विरोध में सड़कों पर भी उतरे, लेकिन विश्वास बहाली में वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि यहां कुछ पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन रात में बहुत कम रुक रहे हैं। दिन में करीब 100-200 लोग आते हैं, जिनमें कुछ स्थानीय भी होते हैं। स्थानीय लोग अपील कर रहे हैं कि पर्यटक कश्मीर आएं और इस मुश्किल घड़ी में साथ दें। गुजरात से आए एक पर्यटक दल की सदस्य गीतिका कहती हैं कि मैं तीन साल पहले भी यहां आई थी, तब भीड़ उमड़ी रहती थी। आज ऐसा लग रहा है मानो यह वो पहलगाम ही नहीं है। होटल भी लगभग खाली हैं, रेस्टोरेंट बंद पड़े हैं, लेकिन सुरक्षा को लेकर कोई डर नहीं लगा। लोगों को यहां आना चाहिए और कश्मीर के लोगों का साथ देना चाहिए।



**■ घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ, 90 प्रतिशत होटल बुकिंग रद्द, बाजार सुनसान**

# घबराए तुर्की ने पल्ला झाड़ा

**अहमदाबाद।** तुर्की ने रविवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश में टर्किश टेक्निक कंपनी पर लगाए आरोप को नकार दिया।

तुर्की सरकार ने कहा कि कंपनी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का मेंटेनेंस नहीं करती है। तुर्की के डायरेक्टरेट ऑफ कम्युनिकेशन सेंटर फॉर काउंटरिंग डिसइन्फॉर्मेशन ने कहा कि यह दावा बिल्कुल गलत है कि हमारे देश की कंपनी ने क्रैश प्लेन का मेंटेनेंस किया था। भारत-तुर्की के संबंधों को खराब करने के लिए झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। दरअसल 14 जून को बाबा रामदेव ने कहा था कि मुझे ये पता चला है कि तुर्की की एक एजेंसी विमानों में मेंटेनेंस का काम करती है। कहीं तुर्की ने तो इसके जरिये दुश्मनी तो नहीं निकाली। उधर विपक्ष भी इस हादसे पर साजिश की आशंका जता रहा है। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून की दोपहर एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया था।

**■ कहाः अहमदाबाद हादसे में हमारी कंपनी का लेना-देना नहीं**

# जनक्रांति मूवी से पेंशन आंदोलन को मिलेगी मजबूती

## पुरानी पेंशन की बहाली ही होगी स्व. डा. राम आशीष सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विजय बंधु अर्श सिटी सदरौना, पारा, लखनऊ में अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु द्वारा पेंशन आंदोलन पर बनाई गई जनक्रांति मूवी रिलीज की गई और शहीद डॉ. राम अशीष सिंह की प्रतिमा का अनावरण स्व. डॉ. राम अशीष सिंह के परिजनों यथा उनकी पत्नी रुचि मल्ल, सुपुत्र श्रेयांश सिंह, दिव्यांश सिंह, उनके भाई रामपाल सिंह व राम प्रवेश सिंह की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर विजय कुमार बंधु ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली ही डॉ. राम अशीष सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी और जनक्रांति मूवी से पेंशन आंदोलन को मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य महासंघ के महामंत्री अशोक कुमार व टी.सी. एस. के विवेकानंद आर्य ने कहा कि डॉ. राम अशीष की शहादत को बेकार नहीं जाने देंगे।




पी. डब्लू.डी. कर्मचारी संघ के भारत यादव व लेखपाल संघ के राममूरत यादव ने कहा कि सच्चे अर्थों में डॉ. राम आशीष सिंह महापुरुष थे। उ.प्र. पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के रामराज दुबे ने कहा कि जिस दिन डॉ. राम अशीष के कारण ही आज पेंशन आंदोलन अपने चरम पर है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है और जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि आज भारत के चार राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में भी पुरानी पेंशन बहाल हो गई है और सरकार को भी अब पुरानी पेंशन बहाल कर देनी चाहिए। सिंचाई विभाग के कर्मचारी नेता नरेंद्र कुमार व अमित कुमार ने कहा कि जनक्रांति मूवी डॉ. राम अशीष सिंह के जीवन पर प्रकाश डालने का काम करेगी। डिप्लोमा फार्मासिस्ट के नेता श्रवण सचान व प्राथमिक शिक्षक महासंघ के हरिशंकर राठौर ने कहा कि डॉ. राम अशीष सिंह शिक्षक व कर्मचारियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम का संच. ालन प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरज पति त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर डॉ. आशाराम, सत्येन्द्र राय, डॉ. आनंदवीर सिंह, विजय प्रताप, रंजना सिंह, विक्रमादित्य मौर्य, रजत प्रहरी, कुलदीप सैनी, पंकज यादव, अमित कुमार, संजय यादव, संदीप वर्मा, रवींद्र वर्मा, ओम प्रकाश, वीरेंद्र पटेल, संजय उपाध्याय, राकेश रमन, जनार्दन शुक्ला, राजेश जायसवाल, दानिश इमरान, आशीष वर्मा, रजनीश कुमार, तालिब हसन, गजेंद्र कुमार शर्मा, राजेश कुमार रवि, उमेश कुमार राजपूत, सुभाष चंद्र यादव, मनीष कुमार शर्मा, राजन खान, मुनि राम, रजनीश सहगल, जगदीश गंगवार, मनीष गंगवार, नरेंद्र प्रताप, कुलवंत, रविन्द्र कुमार, दिगपाल सिंह समेत मंडलीय पदाधिकारीगण व जिला संयोजक उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों पर कार्यक्रम

## पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर में गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में भाजपा की झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चांदपुर पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की।

कस्बा झालू में गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में भाजपा झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चांदपुर पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की।



कमलेश सैनी ने कहा कि विकसित भारत का अर्थ है ऐसा देश जहां हर क्षेत्र में समृद्धि और समान अवसर हो। उन्होंने बताया कि मोदी ने सभी देशवासियों के जनधन खाते खुलवाये। जिसमें सभी लाभार्थियों को बहुत लाभ हुआ है और आगे भी हो रहा है। नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाया है। यह केवल भाजपा सरकार ही कर पाई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सपना साकार किया है। कश्मीर से धारा हटाई, सभी भारतीय सेनाओं के बीच जा करके सैनिकों का हौसला बढ़ाते हैं। जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं, तब से उन्होंने किसान भाइयों के लिए बिजली की समस्या का समाधान किया। यातायात के लिए हाईवे बनवाए। सभी सड़कों का चौड़ीकरण कराया, आयुष्मान कार्ड का लाभ दे रहे हैं।

इस अवसर पर विदुर कुटी के पूर्व मंडल अध्यक्ष तेजपाल आर्य, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय वर्मा, बूथ अध्यक्ष हर्ष चौधरी, बूथ अध्यक्ष वरुण कुमार, शिवम अग्रवाल व उनकी समस्त टीम, बूथ अध्यक्ष नीरज चौधरी, सुभाष सिंह, राजीव सिंह, अशोक कुमार, भीम सिंह, अवधेश कुमार, विमल दीप आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान जगन्नाथ महोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** श्री हरि संकीर्तन मण्डल के तत्वावधान में भगवान श्री जगन्नाथ का 15वां रथ यात्रा महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा आस्था व श्रद्धा के साथ निकाली गई। यात्रा में कीर्तन मंडली ने धार्मिक भजनों से वातावरण भक्तिमय कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शनिवार को बस स्टैंड रोड से शुरू हुई यात्रा का शुभारंभ विधि विधान व हवन पूजन के साथ किया। यात्रा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर कृष्ण टॉकीज चौराहा मकरबा सुराही बाजार जगन्नाथ अन्य मार्गों से होती हुई संतोषी माता मंदिर में जाकर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल विदेशी भजन गायकों की टोली ने सुन्दर भजन हरे कृष्णा हरे रामा आदि गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यात्रा में चेतन्य महाप्रभु की पालकी, हरिद्वार इस्कान द्वारा संकीर्तन, हाथ से खींचने वाला रथ, वृदावन व दिल्ली इस्कान द्वारा हरि संकीर्तन, इत्र वर्षा, पंजाब के भक्तो द्वारा सुन्दर सुन्दर रंगोली आदि आकर्षण का केन्द्र रहे। यात्रा को सफल बनाने में संजीव अग्रवाल, राजीव अग्रवाल राजू, पंकज अग्रवाल, यदु ऐरन, अमित बत्रा कपड़े वाले, शिवम अग्रवाल, सुनील राजपूत, निखिल कालरा, उदित कुमार, विजय, कमल बंधु, अनुज अग्रवाल आदि का सहयोग रहा। यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तगणों ने शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। यात्रा का जगह-जगह फूलों की वर्षा कर एवं शर्बत पिलाकर स्वागत किया गया। आयोजक संजीव अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसबल मौजूद रहा। पुलिस की देख रेख में यात्रा सकुशल सम्पन्न हुई।

## यात्रा का फूलों की वर्षा व शरबत पिला कर किया स्वागत

# बारिश से खेत खलिहान जलमग्न

## तापमान में गिरावट, लोगों ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** माह जून से चल रही तपती गर्मी के बाद 15 जून को पहले दिन बारिश पड़ने से लोगों ने राहत की सास ली। वहीं किसानों के खेत पानी से जलमग्न हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र में बीते शुक्रवार को भी हल्की-हल्की रिमझिम बारिश हुई थी। इसके बाद मौसम साफ हो गया था। गर्मी के प्रकोप के चलते लोग परेशान थे। एक दिन पूर्व शनिवार को भीषण गर्मी से लोगों को पसीने ने तरबतर कर बदहाल कर दिया। बीती रात मौसम ने करवट ली और आसमान पर बादल छाने लगे। रविवार प्रात: से हल्की हल्की बूंदाबांदी प्रारम्भ हुई। देखते ही देखते बारिश ने रफ्तार पकड़ ली। दोपहर तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। दिल दहलाने वाली गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली। वर्षा के चलते खेत-खलिहान जलमग्न हो गए। किसानों ने खेतों में धान फसल की रोपाई कराने का कार्य तेज कर दिया। उनका कहना है कि बारिश से खेतों में पानी भर गया है। गर्मी की वजह से सूख रही गन्ने की फसल को फायदा हुआ है। इससे किसानों में खुशी की लहर हैं। वहीं लगातार हुई बारिश से तापमान में गिरावट आने के कारण लोगों को गर्मी से





राहत मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश ने सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी।

# ठेले वाले को मारपीट कर किया घायल

## पीड़ित के पिता ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** कुछ युवकों ने एक ठेला स्वामी को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पीड़ित के पिता की तहरीर पर चार युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नांगल सोती में राजा भरत सिंह इंटर कालेज के समीप अमित तोमर मोमोज का ठेला लगाता है। शनिवार की रात 10 बजे वह अपना काम समाप्त कर ठेला बंद कर रहा था। तभी नांगल के मोहल्ला कैथवाड़ा के कुछ युवक आए और ठेला स्वामी अमित से मोमोज की मांग की, जिस पर ठेला स्वामी ने युवकों को बताया कि मोमोज खत्म हो गई है, इसी बात को लेकर उक्त युवक आग बबूला हो गई, जिसके बाद उक्त युवकों और ठेला स्वामी में गाली गलौच के बात मारपीट शुरू हो गई, इस घटना में ठेला स्वामी अमित कुमार बुरी तरह घायल हो गया, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद मारपीट कर रहे युवक मौके से फरार हो गए। पीड़ित के पिता बाबूराम की तहरीर पर सानिब, शावेज, साहिब, आसाद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बारिश होने से बिजली व पानी की किल्लत दूर

**नगीना।** शुक्रवार की सुबह मौसम में अचानक आए बदलाव से जहां गर्मी की मार से कुछ राहत मिली। वहीं बिजली और पानी की समस्या भी दूर हो गई है। शुक्रवार की सुबह से ही सूरज नहीं दिख रहा था और आसमान में घने काले बादल छाए हुए थे। तेज ठंडी हवाओं के चलने से बारिश के आने का अनुमान लगाया ही जा रहा था कि तभी अचानक बारिश की मोटी मोटी बूंदें पछुआ हवा के साथ गिरनी शुरू हो गईं। करीब 2 घंटे तक चली मूसलाधार बारिश के बाद तापमान में बड़ी गिरावट आई। जिससे गर्मी से बेहाल लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के बाद जहां बार-बार बिजली के तार जलने से बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे लोगों को बिजली मिलनी शुरू हो गई, वहीं पानी की किल्लत भी दूर हो गई।

# खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली

## श्रद्धालु को पिलाया शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री श्याम लखदातार दीवाना मंडल नहटौर के तत्वावधान में रविवार को हल्दौर चौराह से निशान यात्रा कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन कीर्तन करते चल रहे थे। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके शर्बत पिलाकर स्वागत किया गया।

रविवार को श्री श्याम लखदातार दीवाना मंडल शाखा नहटौर के तत्वावधान में हल्दौर चौराहे से निशान यात्रा प्रारंभ हुई निशान यात्रा में श्रद्धालु खाटू श्याम के झंडे लेकर डीजे पर धार्मिक भजनों के आगे थिरकते चल रहे थे। कुछ युवा धार्मिक उदोष लगाते चल रहे थे। निशान यात्रा हल्दौर चौराह, आर्य



मार्केट, पीर की चुंगी, मक्खन मार्केट, हाथी वाला मंदिर, होलियान धर्मशाला, सराय जोखा, होली चौक, नेजो सराय से होते हुए मौहल्ला छापेग्रान में खाटू श्याम जागरण स्थल पर जाकर संपन्न हुई। निशान यात्रा में बगी पर सवार खाटू श्याम की प्रतिमा एक आकर्षण का केंद्र निशान यात्रा का विश्वकर्मा मार्केट धर्मशाला सहित कई स्थानों पर शरबत पिलाकर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। निशान यात्रा में अध्यक्ष निशु सैनी, सौरभ सैनी, आकाश सैनी, प्रशांत चंद्र, दीपू सैनी, कुलदीप सैनी, राहुल सैनी, कमलेश सैनी, सरिता सैनी, कविता सैनी, रीता सैनी, मिथिलेश सैनी, मंजू सैनी, रीमा सैनी, रीना सैनी आदि महिला पुरुष भारी संख्या में शामिल है।

सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# सुंदरकांड पाठ एवं भजन उच्चारण का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रानी बाग कॉलोनी में आयोजित सामूहिक संगीत मय सुंदरकांड पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने दोहों और चौपाइयों का सामूहिक उच्चारण करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम तथा उनके अनन्य भक्त वीर बजरंगबली हनुमान जी महाराज के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की।

राजपूत भवन पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। माता राजरानी के संरक्षण में आयोजित पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान राजवंत सिंह राणा एवं उनकी धर्मपत्नी दीप माला सिंह राणा, उज्जवल राणा, संदीप कुमार एवं नीलम रानी, हर्ष कुमार, आदि सिंह, सत्यवीर सिंह एवं नूतन रानी, रानी राजपूत, मानवी राजपूत, गौरी राजपूत, दीपवंत सिंह राणा, दीपाली सिसोदिया, रुद्र प्रताप सिंह, पार्थ कुमार सिंह, अजयवंत राणा, प्रियंका रानी राणा, कृषवी राणा, ईशवी राणा आदि रहे। जिन्होंने परिजनों सहित पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य बाजार स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ. अमित गिरी जी महाराज के संरक्षण में रामचरित मानस के सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें उनके सहयोगियों विकास आर्य नूरपुर, चिंटू मुरादाबादी एवं महंत मोतीलाल शर्मा आदि सहित सभी सहयोगियों का समर्पित योगदान रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**गौरीकुंड में...** द्वारा दी गई। इसके पश्चात तत्काल कार्रवाई करते हुए खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को सक्रिय किया गया। जिसमें जिला आपदा मोचन बल की टीम के साथ एसडीआरएफ की छह टीमें, एनडीआरएफ की आठ टीमें और 22 पुलिसकर्मी शामिल थे। ये सभी राहत एवं बचाव दल घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे जहां तलाश और बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल गए हैं। श्री रजवार ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। जिनमें पायलट सहित छह वयस्क और एक बच्चा हैं। सभी की हादसे में मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान कैप्टन राजबीर सिंह चौहान, पायलट, निवासी जयपुर, विक्रम रावत, कर्मचारी, बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, निवासी रासी ऊखीमठ, (45), विनोद देवी, निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश, (66), तृष्टि सिंह बिजनौर, उत्तर प्रदेश, (19), राजकुमार पुत्र सुरेश जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (41), श्रद्धा पत्नी राजकुमार जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (35) , काशी पुत्री राजकुमार, निवासी महाराष्ट्र, बालिका (2) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है। फॉरेंसिक टीम तथा डीएनए सैंपलिंग टीम भी मौके पर पहुंच चुकी हैं। श्री रजवार ने बताया कि प्रभावितों के परिवार के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किए गए हैं। इसके लिए राज्य आपातकालीन प्रचालन केन्द्र 0135-2710334, 9058441404 1070 (टोल फ्री) तथा रुद्रप्रयाग हेल्पलाइन नम्बर- 8958757335, 01364-233727 जारी किए गए हैं।

**अहमदाबाद प्लेन हादसा...** शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन रविवार को अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है। सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए एक अलग टीम गठित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी और एक पेशेवर काउंसलर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान एआई171 उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 242 लोग सवार थे, जिसमें से 230 यात्री एवं 12 चालक दल के सदस्य थे। इस हादसे में मात्र एक व्यक्ति ही जीवित बचा है।

**पुणे में...** समय पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक मौजूद थे। लोग टू-व्हीलर और मोटरसाइकिल ले जा रहे थे। इसी वजह से पुल भार सहन नहीं कर सका। इससे पहले गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी, लेकिन रविवार को छुट्टी होने के चलते इस पर करीब 500 लोग जमा थे। यही हादसे की वजह बना। ब्रिज टूटने से जहां लोग गिरे, वहां 15 फीट तक पानी था। कुछ लोग तैरकर बाहर निकल आए थे। लेकिन बाकी लोग बच नहीं सके थे।

# कार्यस्थल में महिला सुरक्षा पर परिचर्चा

**नई दिल्ली, वार्ता**

असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा के मुद्दे को लेकर रविवार को एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित की गई इस परिचर्चा में महिला अधिकारों से संबंधित आठ संस्थाओं की 32 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

महिला अधिकारों से संबंधित आठ संस्थाओं की 32 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया



परिचर्चा का आयोजन महिला अधिकारों से जुड़े स्वयंसेवी संगठन 'पारदर्शिता' ने किया गया। परिचर्चा में मुख्य तौर पर घरों में काम करने वाली महिलाओं को अधिकारों को लेकर विचार विमर्श किया गया। उन्हें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) कानून, 2013 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। परिचर्चा में कहा गया कि सुरक्षित कार्यस्थल प्रत्एक कामका. जी महिला का मौलिक अधिकार है और सरकार को इस संबंध मे ठोस पहल करनी चाहिए। कानून के तहत सभी जिलों में स्थानीय शिकायत समिति का गठन एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। इस दौरान महिला अधिक. ारों और सुरक्षा पर दिल्ली में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से भी अवगत कराया गया। परिचर्चा में निर्माण मजदूर अधिकार अभियान के थानेश्वर दयाल आदिगौड़, घरेलू कामकाजी महिला संगठन की रेखा सिंह, बाल विकास धारा के विकास पाठक और दिल्ली वेस्ट वर्कर्स फेडरेशन के शंभुनाथ ने भाग लिया। इसके बाद बाल विकास धारा ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में कूड़ा बीनने वाले लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। इसमें कूड़ा बीनने वाले लगभग 30 लोगों ने भाग लिया। इन लोगों को 'सम्मानित मजदूर, सुरक्षित भविष्य' अभियान के अंतर्गत नमस्ते योजन, ई- श्रम पंजीकरण, आभा कार्ड जैसी कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, कमजोरी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बारिश में नहा रही बच्ची नाले में बही

## लापता बच्ची की तलाश में मालन नदी तक चलाया गया सघन तलाशी अभियान







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** एक ओर जहां भीषण गर्मी के चलते मूसलाधार बारिश पड़ने से गर्मी से राहत मिली। वहीं दूसरी तरफ यह बारिश नगर के एक परिवार पर कहर बन कर टूट गई है। रविवार की सुबह किरतपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब बारिश के दौरान नहाते समय एक मासूम बच्ची नाले में बहकर लापता हो गई। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई और बच्ची की तलाश के लिए मालन नदी तक सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला राधगान निवासी नासिर की पुत्री सुबहाना (9 वर्ष) अन्य बच्चों के साथ तेज बारिश के दौरान घर के बाहर नहा रही थी। इसी दौरान वह नाले के पास पहुंच गई और अचानक उसका पैर फिसल गया। पानी के तेज बहाव में वह देखते ही देखते बह गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू कर दी। कुछ ही देर में विधायक मनोज पारस, सैकड़ों स्थानीय लोग, नगर पालिका के कर्मचारी और पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। पालिका चेयरमैन अब्दुल मन्नान व उनके भाई मोहम्मद फैजान ने खुद सफाई कर्मचारियों व वहां पर मौजूद लोगों की मदद से बच्ची की खोजबीन शुरू कराई। नाले के तेज बहाव को देखते हुए तलाशी अभियान मालन नदी तक चलाया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। बाद में रेस्क्यु टीम व डॉग स्क्वायड टीम भी मौके पर पहुंच गई। खबर लिखे जाने तक उनको भी कोई कामयाबी नहीं मिल पाई। आशंका जताई जा रही है कि बच्ची नाले की गाद या किसी मोड़ पर फंस गई हो। पुलिस प्रशासन, पालिका, रेस्क्यू टीम व डॉग स्क्वायड टीम की ओर से इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में घटना को लेकर गमगीन माहौल है। परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है। घटना स्थल का सीओ नजीबाबाद दिनेश प्रताप, नायब तहसीलदार अतुल भगत आदि ने निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### 11 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद मिला सुबहाना का शव

**किरतपुर।** लगभग 11 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार मोहल्ला राधगान निवासी 9 वर्षीय मासूम सुबहाना का शव नाले से बरामद कर लिया गया। रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुई तलाश के बाद शव देर शाम मंडावर रोड स्थित क्रिकेट एकेडमी के सामने मिला। रेस्क्यू टीम व स्क्वॉड डॉग टीम भी बच्ची को खोजने में विफल रही थीं, लेकिन विधायक मनोज पारस, नगर पालिका चेयरमैन अब्दुल मन्नान और समाजसेवी मोहम्मद फैजान लगातार मौके पर डटे रहे और स्थानीय लोगों के सहयोग से अंततः सफलता मिली। जैसे ही शव बरामद हुआ, मंडावर रोड पर जमा सैकड़ों की भीड़ गमगीन माहौल के बीच अपने-अपने घर लौट गई। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। विधायक मनोज पारस ने पीड़ित परिवार को आपदा राहत योजना के तहत 4 लाख रुपए मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। विधायक मनोज पारस, चेयरमैन अब्दुल मन्नान, समाजसेवी मोहम्मद फैजान की इस मानवीय सेवा की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# आफरीन ने किया झालू का नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** आफरीन अहमद पुत्री रईस अहमद निवासी मोहल्ला रामलीला, कस्बा झालू ने नीट परीक्षा 2025 में 30000 रैंक पाकर अपने समाज व परिवार का नाम रोशन किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आफरीन अहमद पुत्री रईस अहमद भट्टे वाले पुत्र भूतपूर्व चेयरमैन मरहूम शरीफ अहमद निवासी मौहल्ला रामलीला ने नीट परीक्षा 2025 में 720 में 521 नंबर प्राप्त कर 30000 रैंक हासिल की है। आफरीन ने बताया कि पिछले वर्ष उसने 621 नंबर प्राप्त किए थे और उसके उपरांत भी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज नहीं मिल पाया था। क्योंकि परीक्षा में भरपूर करप्शन हुआ था। 20 से 25 स्टूडेंट के लगभग 720 में से 720 नंबर आए थे, लेकिन इस वर्ष नीट परीक्षा में कोई करप्शन नहीं हुआ है। इसलिए कोई भी कैंडिडेट 720 नंबर हासिल नहीं कर सका। फर्स्ट रैंक वाले कैंडिडेट ने भी केवल 686 नंबर ही हासिल किए हैं। इसीलिए मैं सभी नीट परीक्षार्थियों को संदेश देना चाहती हूं कि कठिन परिश्रम करते रहें और कभी भी हार न माने क्योंकि यह उपलब्धि मैंने फोर्थ अटेम्प्ट में हासिल की है। उसने कहा कि उसने हाई स्कूल परीक्षा मॉडर्न एरा से 2015 में 91 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की थी और इंटरमीडिएट की परीक्षा 2017 में मॉडर्न एरा से 93 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की थी। नीट की परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ उसने अपनी बीएससी और एमएससी भी कंप्लीट कर ली है। इन सारी उपलब्धियां का श्रेय वह अपनी फैमिली और अपने टीचर्स को देती है। उसने बताया कि दो अटेम्प्ट उसने शादी से पहले किए थे और दो अटेम्प्ट शादी के बाद। शादी के बाद भी इसकी पढ़ाई का सिलसिला जारी रहा। क्योंकि उसके ससुराल वालों ने उन्हें पढ़ाई के लिए बहुत सपोर्ट किया। इसीलिए वह सभी लड़कियों को यह संदेश देना चाहती है कि पढ़ाई शादी से पहले नहीं बल्कि शादी के बाद भी जारी रखी जा सकती है।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला व किसान की मौत

## मृतकों के परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** आकाशीय बिजली गिरने से थाना स्योहारा के ग्राम मुक. रपुरी में खेत में घास काट कर रही एक महिला व नूरपुर के ग्राम नंगली जाजू में खेत में काम कर रहे एक किसान की मौत हो गई।

**स्योहारा संवाददाता के अनुसार** थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरपुरी में दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में घास काट रही महिला के ऊपर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान सविता देवी पत्नी स्वर्गीय राहुल के रूप में हुई है। घटना के समय क्षेत्र में मौसम अचानक बदला और तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। उसी दौरान खेत में काम कर रही सविता देवी पर बिजली गिर गई। हादसे के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की जा रही है।

**नूरपुर संवाददाता के अनुसार** क्षेत्र के ग्राम नंगली जाजू में आक. ाशीय बिजली गिरने से अपने खेत पर काम कर रहे किसान की मौत होने से क्षेत्र व परिवार में खलबली मच गई। क्षेत्र के ग्राम नंगली जाजू निवासी किसान रामानंद पुत्र बलदेव सिंह अपने खेत पर काम कर रहा था। अचानक मौसम खराब होने के कारण आकाशीय बिजली किसान के ऊपर गिरने से किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। किसान की मौत होने से परिवार में हड़कंप मच गया। किसान की मौत की खबर सुनकर ग्राम के लोगों ने खेतों की तरफ दौड़ लगा दी। किसान की मौत से परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। किसान की मौत पर पहुंच कर सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने परिवार के लोगों को सांत्वना दी तथा परिवार को हर मुमकिन सरकार से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया है।

# अनियंत्रित कार खाई में पलटी

## कार सवार पति-पत्नी गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम मानियावाला में बनैली नदी के पुल के पास केदारनाथ यात्रा से वापस बरेली घर जा रही अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी। जिससे कार में सवार पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बरेली निवासी अभिषेक राठौर व उनकी पत्नी शाम लगभग पांच बजे आर्टिगा यूपी 25 डीवाई 5697 कार से केदारनाथ यात्रा से बरेली घर वापस जा रहे थे कि ग्राम मानियावाला में बनैली नदी के पुल के पास कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी। जिससे कार में सवार अभिषेक राठौर व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची 112 व कोबरा मोबाइल कासमपुर गढ़ी कि मदद से 108 एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ इलाज हेतु भेजा गया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।





## एक नजर

### दो मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**नहटौर।** रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर में हिमालय अस्पताल जॉली ग्रांट के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र का एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर आशीष ने बताया कि लगभग 60 मरीजों का पंजीकरण किया गया। सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर चेक कराया गया तथा 2 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। डॉक्टर आशीष ने बताया कि गर्मी के मौसम के चलते धूल से आंखों को बचाकर रखे, चश्मा लगाए, आंखों पर बार-बार पानी के छपकों से ना धोये। सर पर कपड़ा रखें तथा आंखों को पूरी तरह से सुरक्षित रखें व मोबाइल का इस्तेमाल कम करें। इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ स्कूल के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर आशीष, डॉक्टर आकांक्षा, डॉक्टर शिवम, डॉक्टर शिल्पी आदि कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज शर्मा, अरुण कुमार, शिवकुमार, अनिल कुमार, शगुन वर्मा, वैभव जैन, सौरभ शर्मा, सीमा गुप्ता, सरिता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल आदि गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

### माही ने जनपद का नाम रोशन किया



**बिजनौर।** नीट-2025 में माही चौधरी पुत्री डॉ. नीरज कुमार चौधरी निवासी शिवाजी नगर ने 565 अंक एवं ऑल इण्डिया रैंक 6632 प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। माही के पिता डॉ. नीरज कुमार चौधरी के शहर जाने-माने होम्योपैथिक चिकित्सक है। इस वर्ष माही ने नीट की तैयारी ऐलन कोचिंग कोटा से की थी। माही ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। माही चौधरी ने नीट की कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर सिद्ध कर दिया कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। बस उसको हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत होती है।

### डिवाइडर से टकराकर ट्रक पलटा



**नूरपुर।** इलाहाबाद से बिजनौर जा रहे भट्टे का 23 टन सोखता लकड़ी लेकर जा रहा ट्रक यूपी 70 जीटी 2789 नूरपुर रोडवेज बस स्टैंड के पास रात लगभग दो बजे के आसपास ड्राइवर सिराज पुत्र मुन्ने को नींद की झपकी लगने की वजह से ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। ट्रक पलटने से हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। गनीमत यह रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। अगर दिन होता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। दिन भर रोडवेज के आस पास गाड़ियों व राहगीरों की काफी भीड़ होती है। रोडवेज के आसपास काफी बड़े-बडे शोरूम है। कई बार डिवाइडर पर लाइट लगाने की मांग की गई। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं। ऐसा लगता है जैसे कि कुंभकर्णी की नींद सोया हुआ है। पहले भी कई हादसे डिवाइडर न दिखाई देने पर हो चुके हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग को अब किसी बड़े हादसे का इंतजार है। लापरवाही के चलते भी बड़ा हादसा हुआ। गनीमत यह रही की कोई जान माल की कोई हानि नहीं हुई। फिलहाल दिनभर सड़क पर पूरी तरह जाम लगा हुआ है। आने जाने वाले मुसाफिरों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। देर शाम तक पलटें हुए ट्रक को हटाया जा रहा था।

# आकाशीय बिजली गिरने से देवर-भाभी घायल

## मकान के लिंटर में आई दरार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम हरपुर में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने पर एक मकान के लिंटर में दरार आ गई। मकान में मौजूद देवर भाभी भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रैफर किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार की सुबह करीब नौ बजे बारिश के दौरान अचानक आकाशीय बिजली ग्राम हरपुर निवासी नन्हे सिंह के मकान पर गिर गई। आकाशीय बिजली गिरने से मकान के लिंटर में दरार आ गई। मकान में घुसे बारिश के पानी को निकाल रहे नन्हे सिंह व उसकी भाभी दीपा भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आकाशीय बिजली गिरने के दौरान ग्राम में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। राजस्व विभाग को सूचना दी गई है।

# नाबालिग को बहला फुसला कर ले गया गैर संप्रदाय का युवक

## पुलिस ने दिल्ली से किया बरामद


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में गैर संप्रदाय की एक नाबालिग युवती को बहला फुसला कर ले जाने का मामला सामने आया है। जहां युवती को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर आरोपित युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि युवती बीती 11 जून से घर से लापता थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि हल्दौर थाना क्षेत्र निवासी गैर संप्रदाय का युवक अनस पुत्र आदिल उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर हीमपुर दीपा पुलिस ने तत्काल अभियोग दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वही विवेचना कर रहे एसआई सुमित कुमार कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुए दिल्ली पहुंचे जहां से किराए के एक मकान पर रह रहे अनस व नाबालिग युवती को बरामद किया गया। हीमपुर दीपा पुलिस ने 137 ( 2 ) बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया हुआ है। युवती के मेडिकल के पश्चात और धाराएँ बढ़ने की भी संभावना है।

# हेलिकॉप्टर हादसे में नानी-नातिन की दर्दनाक मौत

## रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में हुआ हादसा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में हुए हेलिकॉप्टर हादसे में नानी-नातिन की भी दर्दनाक मौत हो गई। हेलिकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। दर्दनाक हादसे में सातों लोगों की मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार सुबह यह हेलिकॉप्टर केदारनाथ रूट पर केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा था। यह गौरीकुंड के पास क्रैश हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवारजनों में कोहराम मच गया। वह केदारनाथ के लिए रवाना हो गए। वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मपाल सिंह अपनी पत्नी विनोद देवी (66 वर्ष), अपने पौते ईशान और बिजनौर में रहने वाले अपने नाती गौरांश और नातिन तुष्टि के साथ 13 जून को केदारनाथ की यात्रा पर गए थे। सभी लोग नगीना से एक साथ कार से गुप्तकाशी पहुंचे। वहां से हेलिकॉप्टर में सवार होकर केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए गए। दर्शन के बाद 14 जून की शाम उन्हें हेलिकाप्टर से ही गुप्तकाशी लौटना था। एड. धर्मपाल सिंह के अनुसार शनिवार को शाम के समय जब वह हेलीपेड पर पहुंचे, तो यात्रियों को दो ग्रुप में बांट दिया गया। उन्होंने कहा कि परिवार को एक साथ रहने दिया जाए, लेकिन कंपनी वालों ने नियमानुसार काम का वास्ता देकर उन्हें अलग-अलग हेलिकॉप्टरों में रवाना किया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** नई कॉलोनी कालागढ़ में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। परिजनों का आरोप है कि उसकी पुत्री को उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने फांसी पर लटका कर मार दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम कासमपुर गढ़ी निवासी मंसूर अली मंसूरी का कहना है कि उसने अपनी पुत्री तेहजीबा परवीन (20 वर्ष) की शादी नई कॉलोनी कालागढ़ निवासी अमान पुत्र नाजिम से छह माह पूर्व की थी, जो वन विभाग में कर्मचारी है। शाम लगभग सात बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी पुत्री तहजीबा की मृत्यु हो गई है। सभी लोग मृत्यु की खबर पाकर कालागढ़ पहुंचे, तो उनकी पुत्री फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। सूचना पर मौके पर कालागढ़



पुलिस पहुंच गयी थी और पुलिस ने नवविवाहिता तहजीबा के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। नवविवाहिता तहजीबा के पिता मंसूर अली मंसूरी ने बताया कि उसकी पुत्री तहजीबा को उसके पति व परिजनों ने मिलकर फांसी पर लटका कर हत्या कर दी है। उन्होंने तहजीबा के पति अमान व उसके परिजनों के विरुद्ध थाना कालागढ़ में कार्यवाही हेतु तहरीर दे दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर व जांच कर कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# किसान नेता रोहित चौधरी ने निभाई मुख्य भूमिका

## संगठन में विस्तार और कार्यशैली से किया प्रभावित

**आफताब आलम**

**स्याऊ।** जनपद बिजनौर के चांदपुर के ग्राम रावटी में भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन ओकेंद्र चौधरी ने किया और मुख्य भूमिका युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी ने निभाई। संगठन में विस्तार किया गया और रोहित चौधरी की भूमिका और उनके कार्य की प्रशंसा की गई।

आपको बता दें कि रविवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी का जिला बिजनौर में प्रदेश अध्यक्ष व प्रभारी उत्तर प्रदेश सूबे सिंह डागर के नेतृत्व में और मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष शकील अहमद की अध्यक्षता में बड़ा संगठन विस्तार हुआ। जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह के अस्वस्थ होने के कारण भूदेव सिंह को जिलाध्यक्ष बिजनौर बनाया गया। साथ ही तेजवीर सिंह यादव को प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत



किया गया है। साथ ही जिले पर कुछ नियुक्तियां हुई है और महिला प्रकोष्ठ से निकिता देशवाल को महिला जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बहुत शानदार प्रोग्राम हुआ। जिसमें सैकड़ों की तादात में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन ओकेंद्र सिंह ने किया। युवा जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी ने मुख्य भूमिका अदा की। विस्तार में बुलंदशहर से जिलाध्यक्ष विष्णु चौधरी, तहसील अध्यक्ष खुर्जा गिर्राज सिंह, कपिल चौधरी, पवन शर्मा, प्रदेश सचिव सुनील चौधरी, विक्की मदनपुर, देवराज गंगथला, जिलाध्यक्ष व प्रदेश सचिव अनीस चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष आसिफ मालिक, जाहिद हुसैन, फुरकान वकील एवं गोहर अली पासा, अब्दुल रहमान, उमेश कुमार, पवित कुमार, सलीम सैफी, मतीन अहमद, आकिब, सुशील चौधरी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, फैसल अमन, हरविंदर गुरेटा, कुलदीप सरदार, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन, राहुल यादव के साथ-साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे, जो नियुक्तियां शेष बची है, उनको जिलाध्यक्ष स्वयं करेंगे।

# बर्तन की दुकान में लाखों की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर में चोर-बदमाशों का आतंक चरम सीमा पर है। चोर-बदमाशों को पुलिस का कोई डर नहीं है। बर्तन की दुकान में लाखों की चोरी होने से नगर में हड़कंप मचा हुआ। नगर में चोरी होने से व्यापारियों में गुस्सा है।

## चोरी से की वारदात से व्यापारियों में गुस्सा

प्रात समाचार के अनुसार नगर खालसा इंटर कॉलेज की दुकान में सुनील सैनी बर्तन भंडार में बीती रात चोरों ने वेंटीलेटर तोड़कर लगभग दो लाख रुपए के पीतल, कांसी के बर्तन चोरी करके ले गए। सुनील सैनी जब सुबह दुकान खोलने के लिए अपनी दुकान का वेंटीलेटर टूटा देखकर सुनील सैनी के पैरों की जमीन खिसक गई। चोरी की घटना की खबर पुलिस को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने घटना पर पहुंच कर चोरी की घटना की बारीकी के साथ जांच कर पीड़ित व्यापारी को हर मुमकिन चोरी का खुलासा करने का भरोसा दिलाया। बहुत जल्दी चोर जेल की सलाखों के पीछे होंगे। नगर व क्षेत्र में चोरी होने से नगर की जनता में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम नजर आ रही है। अब देखना यह है कि पुलिस चोरों को कब तक पकड़ पाती है। यह तो वक्त ही बताएगा।

# मशहूर हकीम अकरम जलील का निधन

## दवाओं को लेकर मशहूर थे हकीम अकरम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हकीम इस्माईल शम्सी के पोते व हकीम इस्राईल शम्सी के सबसे छोटे पुत्र व जाने माने खानदानी हकीम अकरम जलील का इतवार की सुबह एक लंबी बीमारी के बाद इन्तकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

अपने खानदानी हिकमत के सिलसिले को उन्होंने अपनी लगन और मेहनत से आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाया। वैसे तो उनके बड़े भाई हकीम एहसिन जलील और शाफिन जलील भी हकीम थे। लेकिन अपने वालिद के बनाये इस्माइली दवाखाने को हकीम अकरम जलील ने ही वो पहचान दिलाई कि, जिले में ही नहीं कई राज्यों में उनकी बनाई दवाईयों की भारी डिमांड रहती थी।

आज उनके दवाखाने का नाम हर जगह जाना जाता है। मुख्य रूप से नि:संतान दंपतियों के लिए वह काफी लोकप्रिय थे। यही वजह रही की दूर दराज से लोग इलाज के लिए उनके पास आते थे। लेकिन रविवार की सुबह अचानक उनके निधन की सूचना से नगीना में शोक की लहर दौड़ गयी।

बताया जा रहा है कि वो काफी समय से बीमार चल रहे थे। रविवार की शाम मगरिब की नमाज बाद उनके शव को जामा मस्जिद में नमाजे जनाजा पढ़ाकर रामलीला तिराहे के पास शम्सी बिरादरी के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उनके निधन की सूचना से उनके मिलने वाले और रिश्तेदार उनके घर पर पहुंचना शुरू हो गए।

नगर के मौहल्ला अकबरान निवासी जामा मस्जिद नगीना के नीचे मशहूर अत्तार की दुकान पर बैठकर हिकमत करने वाले जाने माने खानदानी हकीम अकरम जलील शम्सी के तीनों पुत्र हकीम फैसल जलील, हकीम खालिद जलील, मोनिस जलील व दामाद हकीम नवेद जलील भी इन्हीं के साथ हिकमत और अत्तारे का काम करते हैं। हकीम अकरम जलील एक सामाजिक व्यक्ति थे। उन्होंने जीवन भर लोगों की समस्याएं दूर करने व गरीबों की मदद करने में गुजार दी। वो कई मस्जिदों के मुतवल्ली और सामाजिक संस्थाओं में विभिन्न पदों पर रहे और हर जगह अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी अंजाम भी दिया। हकीम अकरम अपनी दानिश मंदी के लिए भी जाने जाते थे। हालांकि वो खानदान में सबसे छोटे थे, लेकिन सभी उनकी दानिशमंदी के कायल थे। उनके खानदान, आसपास के लोग छोटे बड़े फैसलों में उनकी राय को महत्व देते थे। हकीम अकरम को बागबानी का भी शौक था। उन्होंने एक से एक उम्दा नस्ल के आम व अमरूद के बाग लगाए। उनके लगाए गए बागों में पैदा फलों को बेचकर जहां फल निर्यातक अच्छा मुनाफा ले रहे हैं, वहीं फल उत्पादन में नगीना का नाम भी गिना जाने लगा है। हकीम अकरम जलील का सिविल मुकदमों से भी लंबा नाता रहा। उन्होंने कई मुकदमे प्रॉपर्टी के कब्जे लेने के लिए लड़े और कामयाब हुए। अपने हिकमत के पेशे पर पकड़ रखने वाले हकीम अकरम नब्ज देखकर बीमारी का पता लगाया करते थे और फिर यूनानी दवाओं के जरिए मरीज का इलाज करते थे।

## पति-पत्नी का मामला बना चर्चा का विषय

**शेरकोट।** एक पति-पत्नी का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों के बीच पिछले काफी समय से कानूनी विवाद न्यायालय में चल रहा था, लेकिन इसके बावजूद दोनों ने अपने परिवार को छोड़कर एक साथ भाग जाने का फैसला किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों की शादी लगभग डेढ़ साल पूर्व हुई थी, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच अनबन हो गई। इसके बाद युवती पक्ष के परिजनों ने युवक और उसके परिवार के खिलाफ दहेज एक्ट और मुस्लिम विवाह अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। युवक को कुछ दिन जेल में भी रहना पड़ा था।

इसके बावजूद दोनों के बीच प्रेम कम नहीं हुआ और उन्होंने एक साथ भाग जाने का फैसला किया और पति अपनी पत्नी को लेकर फरार हो गया। नगर में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इस अनोखे मामले की चर्चा कर रहे हैं।

# नाज नर्सिंग होम पर रक्तदान शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** अर्शीन ब्लड हेल्प सेवा द्वारा नाज नर्सिंग होम पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पुलिस टीम व विनीत चौधरी, इरशाद प्रधान, डॉ. अब्दुल्ला कुणाल, शानू इमरान, मुकीम चौधरी, कासिम अली, शेख फैसल राणा, महिलाओं सहित 55 लोगों ने रक्तदान किया।

रविवार को रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के उपरांत डॉ. नाजिम अली ने कहा कि यदि आपके द्वारा डोनेट किए गए खून से किसी इंसान की जान बच जाए, तो इससे बड़ी समाज की सेवा हो ही नहीं सकती। उन्होंने स्वस्थ लोगों से रक्तदान करने पर जोर दिया। महबूब शेख ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं बल्कि बीमारियों से छुटकारा मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मानव सेवा के लिए रक्तदान हेतु आगे आना चाहिए। इसके उपरांत ग्रुप द्वारा उन्हें हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नाजिश इजहार, अश्विनी चौधरी, बिट्टू चौधरी, विनित चौधरी, मनोज चिकारा, नृपेन्द्र चौधरी, संजय चौधरी, शादाब शाद, हाजी फहीम, कामिल शादाब, दानिश शेख, नरेंद्र चनवाल, डॉ. मुजम्मिल, कासिम अली, रब्बानी अंसारी, आफताब, मेहराज सद्दाम आदि मौजूद रहे। जुबैर जैदी, आसिफ, डॉ. अब्दुल्ला शिविर को सफल बनाने में महबूब अहमद, जावेद सिद्दीकी, डॉ. नजीम अली, इरशाद अहमद, मुकीम चौधरी, अर्शीन महबूब आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### पीड़ित परिवार से मिला आसपा डेलिगेशन

**बिजनौर।** जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने और जनरेटर न चलने की वजह से 26 वर्षीय सरफराज की दुखद मृत्यु हो गई थी। जनरेटर में डीजल न होने के कारण उसे चालू नहीं किया जा सका, जिससे सरफराज ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। यह घटना सरकार की नाकामी को साफ तौर पर दर्शाती है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही का जीता-जागता सबूत है। इस मामले में डीएम ने संज्ञान लिया है और डायलिसिस करने वाली कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मृतक की मां से वीडियो कॉल पर आजाद समाज पार्टी (आसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद की बात कराई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही और पीड़ित परिवार के लिए एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की। इस दौरान आसपा डेलिगेशन में मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, विवेक सेन, परवेज पाशी, जगमीत चहल, मौलाना अतीक अहमद, साहिल मेहरा, मौहम्मद जावेद, असलम अंसारी, नबील, एड. नसीम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। हम पीड़ित परिवार के साथ हर कदम पर खड़े हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### किसान हितों के लिए बनाई रणनीति




**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर गुट) से नवनियुक्त बिजनौर जिला अध्यक्ष डॉ. सचिन गुप्ता एवं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमरकांत शर्मा ने प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश मौलाना रिजवान के कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान ने दोनों पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। बैठक में किसानों, मजदूरों और गरीब तबकों की समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसानों की आवाज को बुलंद करना और उनकी समस्याओं का समाधान कराना है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी। डॉ. सचिन गुप्ता और अमरकांत शर्मा ने कहा कि संगठन जमीनी स्तर पर किसानों के साथ खड़ा रहेगा और उनके हक के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। इस मौके पर संगठन को विस्तार देने और जन-समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर प्रदेश के युवा उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान तोमर गुट, नवनियुक्त बिजनौर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सचिन गुप्ता, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अमरकांत शर्मा, नईम अहमद, सलीम अहमद, मौहम्मद हफीज, मौहम्मद नसीम, शरीफ अहमद, मौहम्मद अरजान, मौहम्मद दानिश, फहीम खान, नफीस कसार शाहरुख, शमशाद अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा खाई में पलटी, चालक घायल



**नहटौर।** रविवार को करीब चार बजे कश्मीरी निवासी फैजान पुत्र नफीस धामपुर की ओर से ई-रिक्शा लेकर नहटौर की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि ग्राम कश्मीरी के पास अज्ञात वाहन ने उसकी ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसमें ई-रिक्शा सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। ई-रिक्शा में बैठी चार सवारी भी मामूली रूप से घायल हुई। जबकि ई रिक्शा चालक फैजान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। अज्ञात वाहन चालक ई-रिक्शा में टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।

### संविदा सफाई कर्मचारियों की बैठक



**नहटौर।** संविदा सफाई कर्मचारी नगर पालिका परिसर में एकत्रित हुए और एक बैठक आयोजित की। बैठक में वक्ताओं ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने पर जोर दिया। जिसमें सभी नगर पंचायतों ने यह निर्णय लिया कि सभी नगर पंचायत स्थानीय निकाय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश रजि. के बैनर तले अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सैलानी, लक्ष्मण सूद, नरेंद्र चैनवाल, विपिन, रविन्द्र, प्रवेश, अर्जुन सिंह, राधेश्याम, राजीव प्रसाद, विशाल, दिलेश कुमार, देवराज, विनय, रामप्रसाद, बंटी, सतीश, अमित, सुरेश कुमार, विजय पाल अश्वनी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मौहम्मद मेहराब ने किया नाम रोशन



**कासमपुर गढ़ी।** नीट परीक्षा 2025 में मौहम्मद मेहराब पुत्र मौहम्मद उस्मान निवासी ग्राम पुख्खेवाला, ब्लॉक अफजलगढ़ ने 542 अंक हासिल करके 16000 रैंक हासिल कर ग्राम व क्षेत्र का नाम रोशन किया। जिससे परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है तथा साथ ही मौहम्मद मेहराब को सरकारी मेडिकल कॉलेज हासिल करने में आसानी हो गई है।

### सचिन शर्मा बने नगीना मंडल महामंत्री



**नगीना।** भाजपा नगर मंडल में पंडित सचिन शर्मा को महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त की है। मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल ने जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर पंडित सचिन शर्मा को नगीना मंडल भाजपा का महामंत्री नियुक्त किया। मौजूद सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पंडित सचिन शर्मा को बधाई दी। गौरतलब है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा अब संगठन को नए सिरे से चुस्त-दुरुस्त करने में जुट गई है। मंडल अध्यक्ष के चुनाव के बाद अब मंडल कार्यसमिति का गठन किया जा रहा है।

### सब्दलपुर में दो पक्षों में विवाद

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सब्दलपुर में दो पक्षों में रास्ते में निकलने को लेकर मारपीट हो गई । जहां मेहसर पुत्री तसलीम ने चचेरी व सगी बहन सहित खुद को पीटने और पथराव करने का आरोप लगाया है। वहीं विपक्षियों ने गर्भवती महिला को पीटने का आरोप लगाते हुए मेडिकल कराने की बात कही है। विशेष बात यह है कि इन दोनों पक्षों के बीच पूर्व में भी झगड़ा हुआ था और मेहसर ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच एक सिपाही द्वारा मध्यस्थता करा दी गई थी । मेहसर ने बताया कि सिपाही ने गारेंटी ली थी कि आज के विपक्षी उन्हें परेशान नहीं करेंगे बस फैसले के लिए हां कर दो। जिसके बाद उक्त मामला वहीं धराशायी हो गया था । अब पुनः हुए विवाद में पीड़ितों को न केवल हमलावर याद आए। बल्कि मध्यस्थता कराने वाले सिपाही की भी भूमिका याद आ गई।

### पानी आने से सब्जी की खेती नष्ट



**अफजलगढ़।** मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ों पर हुई वर्षा के कारण पीली बांध जलाशय में पानी आ जाने से बनेली नदी में अचानक आए पानी के कारण नदी के दोनों तटों पर किसानों द्वारा बोई गई बैंगन, तौरी, लौकी, ककड़ी व तरबूज की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान पहुंचा। किसान मौहम्मद सुलेमान, याकूब, वकील, नसीम, जयप्रकाश जाहिद आदि ने बताया की पानी के कारण सब्जी की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। जिस कारण उनको भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने हल्का लेखपाल द्वारा नुकसान की जांच कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# डीएम ने किया योग दिवस का उद्घाटन

## योगाभ्यास कार्यक्रम के बाद 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के अन्तर्गत वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज पूर्वाह्न छह बजे इंदिरा बाल भवन में अंतर्राष्ट्रीय दिवस का उद्घाटन समारोह 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' के लिए योग थीम के अंतर्गत किया गया।

11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्घाटन समारोह एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के अन्तर्गत इन्दिरा बाल भवन में प्रात: छह बजे से आठ बजे तक सम्पन्न हुआ। जिसमें जिलाधिकारी बिजनौर मुख्य अतिथि के रूप में रही।

कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी/मुख्य अतिथि द्वारा दीप



प्रज्जवलित कर की गई तथा इस अवसर पर मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने सभी योग संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए उनका आह्वान किया कि समाज में योग के प्रति जागरूकता पैदा करें और आज के युग में योग के महत्व एवं उसकी प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से आमजन को जागरूक करें ताकि सभी लोग योग को अपने जीवन में शामिल कर आध्यात्मिक एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

योगाभ्यास कार्यक्रम के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के अन्तर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रशान्त महर्षि व तिलक राम ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को योग प्रोटोकॉल के अन्तर्गत योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. बी.एन. द्विवेदी, डॉ. विमल कुमार, डॉ. जाहिद तथा समस्त आयुष विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ-साथ सभी सहयोगी योग संस्थाओं ने प्रतिभाग किया।

# विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल व दूरदर्शी नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन भाजपा नगीना मंडल में दयानंद वैदिक कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिसौदिया, मुख्य वक्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभात चंद गुप्ता, वरिष्ठ नेता चौधरी दिग्विजय सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष लाला विनोद अग्रवाल ने आधुनिक भारत में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल व संचालन पंडित सचिन शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता ने बताया कि मोदी सरकार ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए 'अंत्योदय' को अपना ध्येय बनाया और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा कर सच्चे गरीब-कल्याण को प्राथमिकता दी। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव शंकर सक्सेना, ओमपाल सैनी, अमित गुप्ता, मंडल महामंत्री अभिषेक अग्रवाल, अरुण शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष प्रहलाद कुशवाहा, डॉ. भूपेश, रोहित रवि, लवी मित्तल, सौरभ मित्तल, शाकुंभरी देवी, इंदु ठुकराल, अनुज वर्मा, शिवचरण सैनी, शीतल जोशी, हरिश्चंद्र सैनी, शिव मिगलानी, नीरज कर्णवाल, राजकुमार सेट्टी, दिनेश चौधरी, गोपाल शर्मा, मोहित गर्ग, जमीलउद्दीन अंसारी, आलमगीर काजमी, अनवर कुरैशी, हरमीत मल्होत्रा, शीतल जोशी, ठाकुर जितेंद्र, पंकज चौहान, अतुल भारती, चंद्र प्रकाश, हरिराम आदि वरिष्ठ पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# नगीना में विकास प्रदर्शनी मेले का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हिंदू इंटर कॉलेज परिसर में लगी विकास मनोरंजन प्रदर्शनी का भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि की उपस्थिति में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभात चंद्र गुप्ता ने नगर के हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में फीता काटकर नुमाइश का उद्घाटन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार उद्घाटन अवसर पर सबसे पहले क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि के आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उसके बाद भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि व पूर्व नगर पालिका नगीना अध्यक्ष प्रभात चंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से नुमाइश का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा



नेता प्रभात चंद्र गुप्ता ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि अनूप वाल्मीकि ने मेले में लगे झूले और दुकानों का निरीक्षण भी किया। वह करीब आधे घंटे तक मेले में रहे।

नगर में प्रतिवर्ष सर्दियों में नुमाइश का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस बार गर्मियों में शुरू की गई इस नुमाइश में भी पूरे मैदान पर झूले और खान-पान की दुकानें लगाई गई हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष दुकानें भी लगाई गई हैं। मेले की तैयारियां आयोजक द्वारा 15 दिन पहले से शुरू कर दी गई थीं। स्थानीय लोग इस प्रकार की नुमाइश का इंतजार करते हैं और शुरू होने पर इसका भरपूर आनंद लेते हैं। उद्घाटन के अवसर पर आयोजक द्वारा सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उसके बाद सभी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि अनूप वाल्मीकि, सौरभ मित्तल, हरमीत सिंह मल्होत्रा, नीरज बिश्नोई, तिलक राज, कय्यूम राइन, गोपाल शर्मा, सोहन सैनी, प्रहलाद कुशवाहा, अरुण शर्मा, मुकेश त्यागी, अनुभव त्यागी, भूपेश चौहान, प्रभात चंद्र गुप्ता आदि राठौर, लवी मित्तल, मुकेश चौधरी, विक्की बाबा आदि मौजूद रहे।

# बेगम सराय में जलभराव से परेशानी

## जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर का मोहल्ला बेगम सराय एक ऐसा इलाका है, जो हर बार नेता जी के वादों की फेहरिस्त में सबसे ऊपर होता है, लेकिन विकास की सूची में सबसे नीचे। बरसात की पहली, दूसरी मामूली बूंदाबांदी क्या हुई इस मोहल्ले की गलियां फिर से कीचड़ व पानी, पानी तथा जलभराव में तब्दील हो गई। सड़कें नहीं रहीं, सिर्फ दलदल, कीचड़ पानी है। लोग नहीं चलते, फिसलते हैं। यहां हर चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे, वादे किए जाते हैं।

जनप्रतिनिधि कहते हैं कि इस बार जनप्रतिनिधि बना दो सबसे पहले इसी सड़क का निर्माण होगा। अबकी बार गली में पानी नहीं भरने देंगे। यह मोहल्ला मेरी पहले सूची में विकास के मामले में पहली प्राथमिकता है और रहेगी लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं, ये मोहल्ला और इसके लोग उन नेताओं की याददाश्त से मिट जाते हैं। अब जनप्रतिनिधियों की जुबान पर नया बहाना है कि ये कॉलोनी तो नगर पालिका में दर्ज ही नहीं है। तो फिर सवाल ये है कि जब कॉलोनी दर्ज नहीं, तो वोट कैसे दर्ज हो जाते हैं।

इस कॉलोनी के वोट नगर पालिका में क्यों बनाये जाते है जब विकास नहीं पहुंचता, तो चुनाव प्रचार क्यों पहुंचता है। यहां के लोगों की हालत ये है कि बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्लास्टिक की थैलियां पैरों पर लपेटनी पड़ती हैं। बच्चों को गोदी में लेकर बस तक पहुंचाना पड़ता है। बीमार को अस्पताल पहुंचाना एक जोखिम बन गया है और नमाज पढ़ने जा रहे बुजुर्गों को रास्ता नहीं, रास्ते में पानी कीचड़ मिलता है, यह कोई नई कहानी नहीं है। वक्त के साथ सिर्फ चेहरे बदले हैं, वादे बदले हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं। जनता अब ये सब समझ चुकी है अब झूठे वादों से पेट नहीं भरता और ना ही कीचड़ में विकास दिखाई देता है। मोहल्ले के लोगों का कहना है अबकी बार नेताओं को गली में बुलाकर माला नहीं पहनाई जाएगी, बल्कि पुरानी फाइलें खोलकर हिसाब मांगा जाएगा। अब बेगम सराय की गलियों में सिर्फ पानी नहीं बह रहा। यहां अब आक्रोश बह रहा है, नाराजगी बह रही है और नेताओं की खोखली राजनीति का पर्दाफाश हो रहा है। इस बार नारा यही है विकास नहीं तो वोट नहीं वादे नहीं, अब जनता को हिसाब चाहिए। मोहल्ले वासियों का कहना है यह आंख मिचौली का खेल कई कार्यकाल से चल रहा है। मोहल्ले वासियों ने जिलाधिकारी से बेगम सराय की सड़क बनवाने की अपील की है।

# प्रेमिका के बुलावे पर आए प्रेमी की जमकर पिटाई

**शेरकोट।** एक प्रेमी को अपनी प्रेमिका से मिलने जाना भारी पड़ गया। प्रेमिका के भाई ने अपने बहन के प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि नहटौर निवासी एक युवक का नगर निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार को प्रेमी अपनी प्रेमिका के बुलावे पर शेरकोट पहुंचा और दोनों पुलिस चौकी के निकट स्थित एक पिज्जा हट में बैठकर अपने प्रेम की बातें करने लगे। उधर प्रेमिका के घर से जाने पर भाई को शक हुआ और वह भी पीछे से पिज्जा हट में पहुंच गया। उसने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया और प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी। युवती तो चुपके से खिसक गई, लेकिन प्रेमी को युवक की मार से लोगों ने किसी तरह बचाया। प्रेमी द्वारा माफी मांग लेने पर उसे छोड़ दिया गया। घटना से मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और लोगों ने युवक की पिटाई का विरोध भी किया। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते प्रेमी को नहीं बचाया जाता तो घटना गंभीर हो सकती थी। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई और कहा कि मामले की जानकारी की जाएगी।

# चिकित्सा शिविर में 140 रोगियों की जांच



## श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल, पीपलसाना के सौजन्य से आज हर्रा अहमदपुर जलाल में एक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 140 रोगियों की जांच एवं परामर्श किया गया।

इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन व शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। रोगियों को सही परामर्श देने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

शिविर में विशेष रूप से डॉ. सुमित सिंह, डॉ. गौहर फैयाज, डॉ. अरुण प्रताप सिंह व डॉ. मनु रस्तोगी का योगदान उल्लेखनीय रहा। इसके अतिरिक्त श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्य तनु ज्योति, तुषार चौहान, अंकुर कौशिक, वर्षा चौहान, निशु रानी व जितेंद्र कुमार ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

इस अवसर पर हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एन.पी. सिंह स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने शिविर की सफलता के लिए टीम को बधाई दी। ग्रामीणों ने इस प्रयास की सराहना की और नियमित शिविरों की मांग की।

# आशा कार्यकर्ताओं को दिया योग का प्रशिक्षण

**कोतवाली देहात।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व जनपद बिजनौर के मास्टर योग ट्रेनर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली में आशा कार्यकर्ताओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया। जनपद के मास्टर योग ट्रेनर तिलकराम ने बताया कि आयुष विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जनपदों के योग प्रशिक्षक को मास्टर योग ट्रेनर की ट्रेनिंग लखनऊ में कराई गई है।

ब्लॉक प्रांगण में आशा कार्यकत्रियो को प्रशिक्षण दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक केंद्र एवं गांव में सभी जनमानस को प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता योग का अभ्यास कराएंगे। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, पदस्थासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, अर्ध भुजंगासन, पवनमुक्तासन, अर्ध हलासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि योग क्रियो का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन योग सहायक हिमानी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता सुमन, निर्मल, काजल, जूली, सुमन देवी, रेखा रानी, सुंदरी, कल्पना रानी, संगीता शर्मा आदि उपस्थित रही।

# ट्रांसफार्मर फुंक जाने से आधे गांव की विद्युत आपूर्ति गुल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर पूर्व जिकरीवाला में लगभग एक सप्ताह पूर्व विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक जाने के कारण आधे ग्राम की सप्लाई गुल हो गई। जिसको लेकर ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी के चलते बूढ़े बच्चे और महिलाएं हल्कान है।

भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला की ग्राम प्रधान फरीदा अंसारी पत्नी वही. दुर रहमान अंसारी ने विद्युत खण्ड अधिकारी अफजलगढ़ को ग्रामीण के हस्ताक्षर युक्त पत्र लिखकर ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की।

हस्ताक्षर करने वाले ग्रामीणों में विशेष तौर से मौहम्मद जमशेद अंसारी, लव कुमार, जाहिद हुसैन, शाहरुख, शमशाद अहमद, शाहिद हुसैन, लियाकत हुसैन, चंद्रपाल सिंह, इसरार अहमद, वहीदुर्रहमान, रमजानी, इसरार अहमद, फैजान, जमालुद्दीन, वकील अहमद, कसीसुद्दीन, शहजाद, अतीक अहमद, अनीस, बुन्दू आदि थे।

# धामपुर में हैप्पीनेस प्रोग्राम सम्पन्न

## खुशियों, शांति और सेवा की दिशा में प्रेरणादायक कदम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सत्संग भवन बड़ी मंडी में 10 जून से 15 जून तक आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम अत्यंत सफलता और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम सचिन सिंह (अलीगढ़) और सौरभ अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, ध्यान, योग और जीवन में सकारात्मकता लाने वाली व्यावहारिक ज्ञान सीखा। पूरे सप्ताह सत्संग भवन का वातावरण आनंद, मौन और भीतर की ऊर्जा से भर गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ASP धामपुर की धर्मपत्नी श्रीमती आरोही श्रीवास्तव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से उन्हें एक सुंदर पुस्तक भेंट की गई। सभी प्रतिभागियों ने खुले दिल से अपने अनुभव साझा किए। किसी ने अपने भीतर की शांति को महसूस किया, तो किसी ने पुराने तनावों से मुक्ति पाई। सभी अनुभव प्रेरणादायक और आत्मस्पर्शी रहे।

विशेष योगदानकर्ताओं में लवी अग्रवाल, श्रेष्ठ अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल, मधुश्री गुप्ता, डॉ. प्रीति विश्नोई और शिक्षक सौरभ अग्रवाल जिनके अथक प्रयास और सेवा भाव ने इस आयोजन को एक उत्सव बना दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी अंकुर अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, नूपुर मित्तल, निखिल अरोड़ा, कंचन चौहान, कंचन सिंघल, शालिनी सिंघल, तनय गुप्ता, नीरज कुमार, विवेक अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, अनिल कश्यप, अनिल कुमार, पंकज कुमार, पंकज विश्नोई, समाज प्रतिभा गोयल, और तुषार कुमार रहे। कार्यक्रम का समापन गायन, सत्संग और सामूहिक ध्यान के साथ हुआ। यह कार्यक्रम केवल व्यक्तिगत परिवर्तन में आत्म शांति और ऊर्जा से भरपूर का माध्यम बना।

# नगीना के तीनों इंटर कॉलेजों के नाम पोर्टल पर नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शिक्षकों व प्रधानाचार्य के ऑनलाइन स्थानांतरण की एडेड माध्यमिक विद्यालयों में चल रही प्रक्रिया में बड़ी कमी सामने आई है। नगीना के तीनों इंटर कॉलेज के नाम व रिक्त पदों की संख्या विभाग के पोर्टल पर अंकित नहीं होने से इच्छुक शिक्षक आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जून थी।

शासन ने हाल ही में प्रदेश के अशासकीय (एडेड) हाई स्कूल व इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षकों के तबादले पहली बार ऑनलाइन करने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए थे। अभी तक इन विद्यालयों में तबादले ऑफलाइन होते थे। जबकि इस बार ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया को 27 जून तक पूरा करना है। ऑनलाइन आवेदन 10 से 14 जून तक होने हैं। नगीना में स्थानांतरण कराने के इच्छुक शिक्षकों द्वारा जब पोर्टल पर आवेदन करना शुरू किया गया, तो पाया कि नगीना में स्थित दयानंद वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, एमएम इंटर कॉलेज व हिंदू इंटर कॉलेज के नाम व रिक्त पदों की सूची पोर्टल पर अंकित नहीं है, जबकि प्रदेश भर के तमाम स्कूलों के नाम व रिक्त पदों की सूची पोर्टल पर दर्शाई गई है।

नगीना में स्थित तीनों इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य व शिक्षकों के कई पद पिछले काफी समय से रिक्त चल रहे हैं। ऑनलाइन पोर्टल पर नगीना के तीनों कॉलेजों के नाम अंकित नहीं होने से अभ्यर्थी स्थानांतरण कराने से वंचित हो रहे हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने तीनों कॉलेजों के प्रधानाचार्य से इस बारे में बात की है, तो पता लगा कि कुछ तकनीकी कारणों से समस्या ऊपर स्तर से ही शायद हुई है। उनका कहना था कि उनके द्वारा उक्त समस्या के बारे में लखनऊ में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ. शब्बू के निधन पर शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के स्टेशन मार्ग केनरा बैंक स्थित स्थित निवासी वरिष्ठ एवं सम्मानित पत्रकार डॉ. सुहालेह उर्फ शब्बू का दुखद निधन हो गया। कुछ समय से दिल्ली के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से नगर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पत्रकारिता जगत में अपनी निष्पक्ष लेखनी, बेबाक विचारों और जनहित से जुड़ी रिपोर्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. शब्बू का जाना नगर के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन पर नगर के सामाजिक,कार्यकर्ताओं, राजनेताओं और पत्रकारों ने गहरा दुख प्रकट किया है।

डा. एनडी हाशमी, वरिष्ठ समा. जसेवी डॉ. मनोज वर्मा, पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन, अधिवक्ता महफूज चौधरी, बसपा नेता हाजी इलियास चौधरी, डा. जानिब हाशमी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, हाजी अख्तर जलील, युवा समाजसेवी असजद चौधरी, भाजपा नेता डा. दानिश कमाल, मनोज भटनागर, आदिल चौधरी, आलोक अग्रवाल, मुकेश रस्तोगी, शुगर मिल अधिशासी सुखबीर सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान नफीस अंसारी, डा. हसन सिद्दीकी, आमिर चौधरी, गौहर चौधरी, नासिर उर्फ आदिल चौधरी, इमरान अख्तर उर्फ सनी चौधरी, फहीमुर्रहमान चौधरी, शाहाबाज जमाल, डॉ. कफील अहमद, खलीक चोधरी, डा. जुनैद जैदी, सोहेल जफर, डा. तफज्जुल, आसिफ चौधरी, राकिब चौधरी, नजीबुलहसन, सुरेंद्र अरोड़ा, प्रधान कासिम अंसारी, इफ्तेखार चौधरी, शुऐब, पूर्व सभासद मुस्तकीम अहमद, भाजपा नेता अकरम अंसारी, जिया चौधरी, अफजल चौधरी, रिफाकत चौधरी, डॉ. खुर्शीद कुरैशी, नय्यर चौधरी. डा. अजीम, डा. अदनान जैदी, डा. खलीउल्ला, शमशाद एडवोकेट, डा. साबिर, डा. इमरान, डा. आसिम लैब वाले व अन्य तमाम लोगों ने एवं पत्रकार यूनियन के पदाधिकारी और अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उनके आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। सभी ने कहा कि डा. शब्बू ने पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम बनाकर कार्य किया। वे हमेशा समाज की समस्याओं को बेबाकी से उठाते रहे। उनके निधन से समाज को एक सच्ची आवाज और ईमानदार पत्रकार खोना पड़ा है। नगर के विभिन्न संगठनों और प्रेस क्लब की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

डॉ.शब्बू का शव बाद नमाजे जौहर सैकड़ों नम आंखों के साथ सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। वही शाह टाइम्स परिवार ने भी गहरा दुख प्रकट करते हुए इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ा हुआ है।

# धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्रीराम की सेना चली



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। न्यू हिंदू कॉलोनी कालिया वाले मंदिर के सामने श्रीकांत अग्रवाल के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसका शुभारंभ राम दरबार के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली सबको बहुत अच्छा लगा सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट किया गया। आयोजक परिवार में श्रीकांत अग्रवाल, हरिओम, लाला राजकुमार, मनी देवी, दिशांकर प्रजापति, अमित यादव, आकांश, पुष्पक, अभिषेक सैनी आदि शामिल रहे। श्रीमद भगवत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, राजकुमार प्रजापति, मोती शर्मा आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# नाट्यदीप कार्यशाला कला, संवेदना व सामाजिक चेतना का संगम: सुमन

## अभिनय की कलाओं से रूबरू हो रहे प्रतिभागी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नाट्यदीप संस्था द्वारा उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से थिएटर कार्यशाला के अंतर्गत अभिनय की तकनीकों, वॉयस मॉडुलेशन, बॉडी मूवमेंट, सीन वर्क, स्पेस यूटिलाइजेशन, भावाभिव्यक्ति, और संवाद अदायगी जैसे महत्वपूर्ण रंगमंचीय पक्षों पर गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नाट्यदीप संस्था की अध्यक्ष सुमन सिंह ने कहा कि कार्यशाला में प्रतिभागी न केवल अभिनय की तकनीकी विधाओं से रूबरू हो रहे हैं, बल्कि थिएटर के उस जीवंत पक्ष को भी आत्मसात कर रहे हैं जहाँ कला, संवेदना और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम होता है। यह प्रक्रिया प्रतिभागियों को रंगमंच की सतह से उठाकर उन गहराइयों तक ले जा रही है, जहाँ हर पात्र केवल अभिनय के बजाय उसे जी रहा है।

निर्देशक जय तिवारी ने कहा कि रंगमंच केवल मंच पर अभिनय भर नहीं, बल्कि आत्म-अन्वेषण, भावों की गहराई और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की यात्रा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ - साथ, स्थानीय स्तर पर रंगमंच की एक सशक्त संस्कृति को विकसित करना है।

डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि बी.एन.ए. लखनऊ से प्रशिक्षित निर्देशक जय तिवारी प्रतिभागियों को थिएटर के विविध आयामों पर गहन प्रशिक्षण दे रहे हैं।

श्री तिवारी का यह प्रयास रंगमंच को सामाजिक परिवर्तन के माध्यम के रूप में युवाओं और नवोदित रंगकर्मियों के लिए प्रेरणास्पद बन रहा है।

# आशाओं को योगाभ्यास कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आगामी 21 जून को योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक परिसर में योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ब्लॉक क्षेत्र की आशाओं ने भाग लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जून को योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक कासमपुर गढ़ी प्रांगण में स्थित टीन शेड हाल में आयुष विभाग जनपद बिजनौर के तत्वावधान में आयोजित योगाभ्यास प्रशिक्षण शि. विर का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय आयुर्वेदिक विद्यालय उदयपुर बिजनौर के योग प्रशिक्षक अमित कुमार व पवनेश कुमारी ने ब्लॉक क्षेत्र कि संगनियों व आशाओं को योगाभ्यास कराया। अमित कुमार व पवनेश कुमारी ने सभी को सम्बोधित करते हुए बताया कि योग इंसान के शरीर को स्वस्थ और रोग मुक्त रखना है। योगा करने से तमाम बीमारियों से मनुष्य रोग मुक्त रहता है इसीलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में योगा करना अति आवश्यक है।

इस अवसर पर संगिनी चंद्रक. ांता, सुमन देवी, बबीता देवी, रेनू लता, ममता देवी सुरूची देवी, तथा आशाएं गुलशन जहां, शबाना परवीन, अन्जू, जैनब खातून, मिथलेश देवी, रणजीत कौर, प्रवेश देवी, नसीम बानो, जैबुन्निशा, शाइस्ता, सायदा, सुनीता देवी, सुंदरी देवी, पूनम, ज्योति, देवी,ईशरत जहां, आदि मौजूद रहीं।

# समाधान दिवस में आई 15 शिकायतें

## पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समाधान दिवस महीने के द्वितीय और अंतिम शनिवार को लगाया जाता है। जिससे क्षेत्र के किसानों की अन्य मामले की छोटी से छोटी समस्या सुने और समाधान किया जाए। ब्लॉक कासमपुर गढ़ी के एयरकंडीशन कार्यालय में बैठे विभागीय अधिकारी आना तक गवारा नहीं समझते और अपनी जगह चपरासी को भेज दिया जाता है। यही हॉल अन्य विभागों का भी है। इसी कारण ब्लॉक कार्यालय सहायक एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को एसडीएम रितू रानी ने फटकार कर मौके से भगा दिया गया। विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार शनिवार को एसडीएम रितू रानी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस में समस्या सुनने पहुंची।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी भी उपस्थित रहे। कुल 15 शिकायती पत्र आए। जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। बाकि सम्बंधित अधिकारियों को सौंप दी गई।

राजस्व विभाग के लेखपालों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करते हुए आमजन से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व व भूमि सम्बंधी मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के सम्मुख निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

# अफजलगढ़ में खूंखार कुत्तों का आतंक

## बच्चों को ट्यूशन भेजने के लिए भी अभिभावक चिंतित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर व क्षेत्र में आवारा और खूंखार कुत्तों का आतंक लगातार अब भी बढ़ रहा है। नगर पालिका द्वारा कुछ दिन पहले चलाया गया कुत्ते पकड़ने का अभियान, लेकिन अब सवालों के घेरे में कागजों में तो अभियान पूरा हो गया, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नगर वासियों का कहना है कि नगर के थोड़े बहुत ही कुत्ते पकड़वाय गए। बाकि मौहल्लों की गलियों में अब भी झुंड के झुंड कुत्ते बेखौफ घूम रहे हैं।

कस्बे के कई मौहल्लों से शिकायतें मिल रही हैं कि यह कुत्ते बच्चों और राहगीरों पर अब भी हमला कर रहे हैं। हालात यह हो गए हैं कि कई मौहल्लों में लोग शाम होते ही घरों में कैद हो जाते हैं। बच्चों को अकेले ट्यूशन भेजना अब अभिभावकों के लिए खतरे से खाली नहीं है। स्थानीय निवासी बोले कुत्तों से नहीं, अब सिस्टम से डर लगने लगा है। नगर के लोगों का कहना है कि जिन कुत्तों ने हमला किया, काटा, डर फैलाया वे आजाद घूम रहे हैं और नगर पालिका सिर्फ कुत्तों के प्रति दिखावे के तौर पर कार्रवाई कर रही है। न तो कोई स्थायी समाधान निकाला गया, लेकिन जब नगर पालिका ईओ से इस संबंध में जानकारी करने की कोशिश की गई, तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। अब जनता कह रही है कि प्रशासन एक बार फिर कुत्ते पकड़वाने के लिए अभियान चलाए। लेकिन इस बार दिखावे के लिए नहीं, बल्कि असरदार कार्रवाई के लिए। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो गंभीर परिणाम आने वाले समय में देखे जा सकते हैं।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष ने राहुल गांधी और अखिलेश पर किए तीखे तंज़

# अखिलेश पीडीए के नाम पर दे रहे धोखा: सोहनलाल श्रीमाली

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछड़े वर्ग को संवैधानिक दर्जा दिलाकर ऐतिहासिक कार्य किया। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, मगरी गरीबी हटी नहीं।

वह रविवार की सांय नई बस्ती स्थित धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और घोटालों से खुद को अमीर बना दिया। उन्होने पीडीए अर्थात पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक को एक धोखा बताते हुए कहा कि अखिलेश यादव को कोई ठोस काम नहीं सूझ रहा है। उन्होने अखिलेश यादव और राहुल गांधी को फ्लॉप नेता बताया। राहुल गांधी पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होने कहा कि जो नेता विदेशी पैसे पर पलते हों, वे भारत के स्वाभिमान की बात नहीं कर सकते। राहुल गांधी विदेशी सोच और नस्ल के प्रतीक हैं, इसलिए वे उल्टी-सीधी बातें करते हैं। लेकिन भारतवासी अब ऐसे लोगों से भड़काने में आने वाले नहीं हैं। श्रीमाली कहा कि भारत और भारतवासी सिंदूर अभियान से गौरव का अनुभव कर रहे हैं। भारतीय सेना द्वारा दुश्मन के घर में घुसकर किए गए साहसिक अभियानों को देश का स्वाभिमान कहा। सोहेलदेव को भारत का गौरव बताते हुए कहा कि, जो लोग देश पर हमला करने आए, मंदिर तोड़े, हिंदू संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया उनके सम्मान में मेला नहीं लगना चाहिए। उन्होने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ईमानदारी से राष्ट्र हित में कार्य कर रही है। उन्होंने दोहराया कि विपक्षी नेताओं का समय अब खत्म हो चुका है और देशवासी अब भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा कर रहे हैं।

## हैलीकॉप्टर हादसे में बच्चे समेत सात की मौत पर शोक व्यक्त

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** केदारनाथ हेलिकॉप्टर क्रैश में पायलट-बच्चे समेत 7 की मौत पर शोक व्यक्त किया गया।

नगर के सर्राफा बाजार में दिनेश कौशल के प्रतिष्ठान पर केदारनाथ के पास गौरीकुंड में हेलिकॉप्टर क्रैश होने पर शोक व्यक्त किया गया। इसमें पायलट समेत 7 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। हेलिकॉप्टर श्रृद्वालुओं के आने जाने की यात्रा को लगा रहता है। बैठक में दो मिनट का मौन धारण किया। शोक व्यक्त करने वालो में विनय वार्ष्णेय, दिनेश कौशल, उमेश कुमार, योगेश गुप्ता, सचिन आदि रहे।



सम्भल। हजरत दादा फखरूददीन चिश्ती रह. के मज़ार पर चादर पोशी कर दुआ मांगते कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की।

# शरीर को झुलसाती गर्मी से लोगों का हुआ हाल बेहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भीषण गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल है। गर्मीकी तपिश के कारण लोगो का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर के समय सड़के सूनी पड़ी रहती हैं।

### ०सुबह सूरज निकलने से देर सायं तक रहता है प्रकोप

गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है। पिछले तीन दिनों से गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। सूरज निकलने के साथ ही गर्मी का प्रकोप शुरू हो जाता तो सूरज ढलने तक रहता है। कामकाजी लोगों के साथ ही घर में काम करने वाली गृहएियाँ भी गर्मी से व्याकुल है। छोटे बच्चों का हाल तो और भी बुरा है। इस भीषण गर्मी में बिजली की आँख मिचौनी काफी परेशान कर रही है,जबकि गर्मी का असर अभी कम होने का नाम नहीं है। बारिश का भी अता पता न होने से लोग शरीर को झुलसाने वाली गर्मी में बुरी तरह बेहाल है।

## अमिताभ चतुर्वेदी बने सम्भल के एआरटीओ प्रशासन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल** प्रदेश भर के सम्भागीय परिवहन व उपसम्भागीय परिवहन अधिकारियों की तबादला रेल में जिले के एआरटीओ का भी तबादला हो गया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के पद पर कार्यरत प्रवेश कुमार सरोज को बरेली सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रर्वतन(प्रशासन बरलेी) के पद पर भेजा गया है जबकि मेरठ में परिवहन अधिकारी (प्राविधिक) मेरठ परिक्षेत्र पर तैनात अमिताभ चर्तुवेदी को सहायक सम्भीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) के पद पर सम्भल भेजा गया है।

# कस्बे में अकीदत के साथ मनाई ईद-ए-गदीर

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** ईद-ए-गदीर शिया मुसलमानों का एक प्रमुख त्यौहार है। जो अटठारह जिल हिज्जा को मनाया जाता है। यह त्यौहार पैगम्बरे अकरम मौहम्मद स.व. द्वारा अपने दामाद हजरत इब्ने अली तालिब (अ.) को धार्मिक उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त करने की याद दिलाता है।

इस मौके पर मस्जिदों और इमाम बारगाहों में मनकबती महफिलों का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय उलेमाओं व शायरों ने ईद-ए-गदीर को लेकर अपने-अपने विचार रखे। उलेमाओं ने कहा कि हज से वापसी पर पैगम्बरे इस्लाम ने खुम के मैदान में सवा लाल हाजियों को खिताब करते हुए कहा था कि जिस-जिसका मैं मौला हूँ अली उस उसके मौला हे। आगे कहा कि यह त्यौहार इस यकीन को दिखाता है कि हजरत अली पैगम्बरे इस्लाम के सही उत्तराधिकारी हैं। शिया समुदाय इस दिन को हर साल बहुत उत्साह और खुशी के साथ मनाता है। इस मौके पर मौहल्ला शर्की में मस्जिद में आयोजित मनकबती महफिल में शायरों ने अपने कलाम पेश किए। कमेटी के फिरोज अब्बास, हुसैन मेंहदी, अमीरूल हसन मौ. सुहैल, फिरोज हैदर आदि का विशेष सहयोग रहा। इस मुबारक मौके पर लोगों ने एक दूसरे से मिलकर मुबारकबाद दी। साथ जगह-जगह शर्बत की सबीले लगायी गई थीं। नज्र भी अनेक जगह पर की गई।

### ०जगह-जगह दिन भर चला नज्र ओ न्याज का सिलसिला

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चढ़ाई अमन की चादर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हजरत दादा फखरुद्दीन मियां चिश्ती रहमतुल्ला अलैह के सालाना उर्स मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ शिरकत की और मज़ार पर अमन की चादर चढ़ाते हुए शांति को दुआ मांगी।

नगर के मौहल्ला चौधरी सराय स्थित दरगाह हजरत दादा फखरुद्दीन मियां चिश्ती रहमतुल्ला अलैह में इन दोनों परम्परागत उर्स मनाया जा रहा है। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हाजी मौहम्मद आरिफ तुर्की ने कार्यकर्ताओं के साथ हाजिरी देते हुए दरगाह पर चादर पोशी की और मुल्क व सम्भल शहर मे अमन शांति के लिए दुआ मांगी। हाजी आरिफ ने कहा कि औलिया अल्लाह के आस्तनो से फैज हासिल होता है। अल्लाह पाक उनकी वसीले से नेक दुआओं को पूरा करता है। उधर उर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने लंगर व कव्वाली का आयोजन किया। दरगाह के सज्जादानशींन सुल्तान ने सभी मेहमानो और अकीदतमन्दों का का खैरमखदम किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन मुकीम साबरी ने किया। उर्स को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। इस मौके पर सुल्तान सज्जादे, नदीम किदवई, मुकीम साबरी, फाजिल खां, शकील खां, हाजी मेम्बर मुख्तयार, मेम्बर अनवर आदि मौजूद रहे।

# सभी को मिला योजनाओं का लाभ: डा. अनामिका

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर की अग्रवाल धर्मशाला में विकसित भारत का अमृत काल सेवा,सुशासन,गरीब कल्याण के 11 साल के तहत भाजपा बबराला मण्डल की संकल्प सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव ने कहा कि 11 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर योजनाओं के माध्यम से एक बड़ा परिवर्तन आप सबको देखने को मिला है। इन 11 वर्षों के अंदर गरीब परिवारों तक योजनाओं के माध्यम से चाहे राशन वितरण की योजनाओं से प्रधानमंत्री आवास बनाने की योजना हो। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाने के बाद 12 करोड़ परिवारों को पूरे देश के अंदर शौचालय, 9 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देकर उनके जीवन को सुरक्षित किया और लगभग 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त में राशन देकर उन परिवारों को आत्मनिर्भर बनाया। जिससे उन्हें भोजन की समस्या न हो। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि देश के अंदर सभी क्षेत्रें में नल से जल की योजना में 15 करोड़ से अधिक परिवारों को नल से जल के माध्यम से जोड़ा और ऐसी अनेकों योजनाएं जो लंबे समय से लंबित थी। इस मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल,योगेन्द्र सिंह,विनय वार्ष्णेय,दिनेश कौशल,नितिन,प्रशान्त वार्ष्णेय,डीपी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ०बबराला में हुई भाजपा की संकल्प सभा



सम्भल। शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में योगासन करते योग साधक व साधिकाएं

# फसल काटते कहर बनकर गिरी आकाशीय बिजली

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** रविवार सुबह खेत में मेंथा की फसल काट रहे एक ही परिवार पर आसमान से मौत बनकर कहर टूटा। तेज गर्जना और आंधी-बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से 17 वर्षीय युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रैफर किया गया है। घटना रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मोलनपुर डांडा की है। यहां के निवासी अतर सिंह रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे अपने बेटे राजेश, पुत्रवधू कृष्णावती और 17 वर्षीय पुत्री रत्लेश के साथ खेत में मेंथा की कटाई कर रहे थे। इस दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। तभी तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधो खेत में गिर पड़ी। वज्रपात की चपेट में आकर अतर सिंह की पुत्री रत्लेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि राजेश, कृष्णावती और अतर सिंह गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। खेतों में काम कर रहे आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को आनन-फानन निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने तीनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अलीगढ़ के लिए रेुर कर दिया।

### ०सत्रह वर्षीय युवती की मौत तीन गम्भीर झुलसे

# योग शिविर में शुद्ध वातवरण व देश की तरक्की को दी आहूति

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का आयोजन कर योगासन्न कराया और निरंतर योग करने से बीमारियों से छुटकारा मिलने का विश्वास दिलाया।

नगर के शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज व नगर पालिका परिषद में आयोजित योग शिविर का डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम विकास चंद्र एवं पतंजलि योग परिवार के लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं योगाचार्य कुलदीप ऐरन ने अपने सहयोगी संजय देवल, रेनू वार्ष्णेय, पिंकी ग्रेवाल ने ऊँ के जप से आज के योग कार्यक्रम की शुरुआत की। योगाचार्य ने प्रथम दिन मोटापा के लिए प्रमुख योग आसन सहित 16 प्रणायाम से शुरु करते हुए मंडूक आसन, कपाल भाति, अलोम-विलोम, सिंघासन आदि के आसन कराए, वहीं रेनू वार्ष्णेय ने ऊँ जप के साथ ताली का योगासन कराया और संजय देवल ने संयुक्त रुप से हँसी का योग कराया, वहीं सर्वकल्प और कायाकल्प काढ़ा व प्रसाद का वितरण किया गया। योग कार्यक्रम के दौरान आयोजित हवन में शुद्ध वातावरण एवं देश की तरक्की, सुख-शांति के लिए आहुति दी गई। डीएम ने योग साधकों को संबोधित करते हुए योग क्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, पालिका ईओ डा.. मणिभूषण तिवारी, सभासद गगन वार्ष्णेय, सभासद चंचल वर्मा, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह वर्तवाल, विकास वर्मा, राजकुमार शर्मा, नितिन गर्ग, हरनाम सिंह, महिपाल सिंह, मुदिता गुप्ता, मंजू रस्तोगी, सारिका अग्रवाल, सरिता गर्ग आदि मौजूद रहे।

### ० योग क्रियाओं पर डाला प्रकाश

# जो कर्म में कुशलता लाए वही योग है: जिलाधिकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** योग सप्ताह के पहले दिन डीएम व अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने घनघोर बारिश के बीच आश्रम के महंत ने योगा कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया।

कैलादेवी परिसर में आयोजित योगा कार्यक्रम का जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व आश्रम के महंत श्रृषिराज गिरि महाराज ने वेद श्रृषि धनवंतरी जी व योग श्रृषि पतंजलि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ किया।सुबह पांच बजे से ही योग साधक साधिकाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। घनघोर बारिश हो गयी। बारिश के बीच निर्धारित समय से शुरू हुए योग कार्यक्रम डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया व मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट और अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा पहुंचे। बारिश के बीच योगाभ्यास करने योग साधक पहुंचे वहीं बारिश ने व्यवस्थाओं को फीका कर दिया। इस दौरान जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होने कहा कि जो कर्म में कुशलता लाए वही योग है। योग शिक्षक रूपाली द्वारा भस्त्रिका, प्राणायायाम, अनुलोम विलोम, कपालभाति के अलावा अनेक प्रकार का योगासन्न कराए। बारिश के बीच ही भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व एमएलएसी परमेश्वर लाल सैनी, गुन्नौर के पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू यादव, पंवासा ब्लॉक प्रमुख पति हृदेश यादव के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी और शिक्षा व स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना, कृषि के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने पहुंचकर योगभ्यास में शामिल रहे।

### ० योग सप्ताह शिविर का शुभारम्भ

## जिलाधिकारी ने लगाया सिंदूर का पौधा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैलादेवी परिसर में योग सप्ताह के पहले दिन कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने मंदिर परिसर में पहुंचकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सिंदूर का पौद्या रोपित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि आपरेशन सिंदूर के तहत यहां सिंदूर का पौद्या लगाया गया है। जहां सिंदूर वाटिका भी लगायी जायेगी।

# शब्दों के माध्यम से समाज का दर्पण बनते हैं पत्रकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कस्बा बबराला में पत्रकारों को सम्मानित किया गया। क्षेत्र के पत्रकार शामिल रहे।

रविवार को विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर के लोकतंत्र की नींव एवं चौथे स्तंभ, पत्रकारिता के अग्रदूत सम्मानित पत्रकारों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मनोहर वाटिका बबराला में पटका, फूलमाला व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव व उनके पुत्र अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे पत्रकार भाई जो सत्य की खोज में अपना जीवन समर्पित करते हैं। जो शब्दों के माध्यम से समाज का दर्पण बनते हैं और जिनकी कलम सदैव न्याय व जनहित के पक्ष में खड़ी रहती है। उनसे मिलकर उनका सम्मान करना हमारे लिए आज बहुत ही सौभाग्य की बात है। इस दौरान पप्पू यादव, अवनीश, केपी यादव, अवधेश यादव, नारायण वर्मा, अवधेश लोहिया, उजेफ, प्रमोद यादव व क्षेत्र के पत्रकार मौजूद रहे।

### ०गुन्नौर विधायक ने पत्रकारों को किया सम्मानित

# भूख देश के नागरिक पर हावी न रहने पर काम कर रही सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया तथा विषम परिस्थितियों में भी देश के नागरिक भूखे न रहे सरकार को इस पर काम करना बताया।

भाजपा के एकता विहार कालोनी स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि विनोद कुमार बिन्नी एवं विरलेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार सशक्त भारत सुरक्षित भारत करने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगी हुई है। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि केंद्र सरकार ने संपूर्ण विकास करने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता की नीतियों के वैश्विक मंच पर भारत को गौरवशाली स्थान दिलाने का प्रयास किया है। रक्षा क्षेत्र में चाहे वह एयर डिफेंस सिस्टम हो या आकाश मिसाइल एवं स्वदेशी हथियारों का निर्माण करा है आपरेशन सिंदूर करके भारत की पूरे विश्व में भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ख्याति दिलाई है आम जनमानस इलाज के अभाव में ना मारे इसके लिए आयुष्मान भारत जैसी योजना देने का काम किया है विषम परिस्थितियों में भूख इस देश के गरीब नागरिकों पर हावी ना हो इसके लिए निरंतर राशन वितरण का काम सरकार कर रही है कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष कशिश कौशल एवं संचालन शोभित गुप्ता ने किया कार्यक्रम में उमेश शर्मा एडवोकेट, अजय शर्मा, संजय संख्यधर, मुकुल रस्तोगी, विपिन गुप्ता, दिनेश कुमार जाटव, सौरव गुप्ता मुखिया, अर्जुन वाल्मीकि, प्रतीक गुप्ता, आशुतोष कथूरिया, हर्षित शर्मा, अक्षित अग्रवाल, हितेश मिश्रा, सुबोध गुप्ता, वैभव गुप्ता, पंकज संख्यधर, अमित गुप्ता, महावीर सिंह, राजेंद्र पाल, प्रेम शंकर,अरविंद प्रजापति, सतीश कुमार,वेद प्रकाश,राज कुमार, परमानंद, भीकम सिंह, आदि मौजूद रहे।

### ०प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में गिनायी सरकार की उपलब्धियां



सम्भल। भाजपा जिला कार्यालय पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करते विनोद कुमार बिन्नी।

## विमान यात्रियों को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर की अग्रवाल धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद में विमान दुर्घाटना में मारे गए लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में योगेन्द्र सिंह, डीपी गुप्ता, डिम्पल, राजीव, उमेश यादव, मदनलाल, मोनू आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार व आतंकवाद बढ़ते भारत के विकास में बाधक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय भृष्टाचार दमन परिषद के कार्यकर्ता सम्मेलन में आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने वालों की जांच और दलाल बिचौलियों पर अंकुश लगाने की मांग की।

पाठकपुर स्थित सरस्वती ज्ञान इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए परिषद के अध्यक्ष के के मिश्र ने कहा कि भृष्टाचार एवं आतंकवाद बढ़ते भारत के विकास में बाधक हैं। गत विकसित भारत के लिए एक गम्भीर समस्या बना हुआ है। उन्होने कहा कि देशवासियों से एकजुट होकर इसका मुकाबला करना होगा।उन्होने कहा कि अनेतिकता पूर्ण कार्यों के माध्यम से धन संचय करके भृष्टाचारी समाज में विघटनकारी भावना को लड़ाते हैं। योजनाओं का पूरा लाभ समाज के निम्न व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए दलालों और बिचौलियों पर अंकुश लगना चाहिए। इसके लिए कर्मचारियों और अधिकारियों से सीधा संवाद ही इसका निदान है। इस मौके पर डी पी शर्मा, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, सुरेन्द्र गौतम, सुमित शर्मा, राजेश दिवाकर, योगेश कश्यप, सुबहान कुरैशी, अमित गौतम, मौ. अली, हाजी हाशिम अली, होराम सिंह, एस वी दीवाना, गौरव, फुरकान, सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बारिश होने से मिली लोगों को राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर में हुई वर्षा से गर्मी में कुछ राहत मिली है। कई दिन से गर्मी बेतहाशा थी। अब उसमे कुछ सकून मिला है।क्षेत्र में कई बार घने बादल आये लेकिन तेज हवा चलते उड़ गए।वर्षा नहीं हो सकी।रविवार को सुबह बारिश होने से राहत मिली है।पिछले कई दिनों से गर्मी ने हालत खराब कर दी थी।सभी गर्मी से परेशान थे।अब बारिश होने से गर्मी कुछ कम होगी।वर्षा के साथ बादल तेज गड़गड़ाहट कर रहा था।लेकिन बारिश ज्यादा देर नहीं हुई।वर्षा ने मौसम को कुछ नरम कर दिया। लेकिन सूरज निकलने के बाद गर्मी ने फिर अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। बादलों की लुका छिपी से मौसम की तल्लखी कम रहीं।

# जन आरोग्य मेले में 119 रोगियों की जांच कर दी दवा

शाह टाइम्स, संवाददाता

**बबराला।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जन आरोग्य मेले में 119 रोगियों की जांच कर दवा का वितरण किया।

रविवार को नगर के अस्पताल में आए मरीज़ों की जांच कर दवा का वितरण किया गया। जिसमें शुगर, दर्द, खुजली,खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज आये। शुगर के मरीजों की जांच कर दवा दी गई। डा. विनय अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में 119 मरीज़ आए। उनको देखकर व जांच कराकर दवा का वितरण किया गया। रोगियों को अस्पताल में उवा उपलब्ध है। इस दौरान फार्मासिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा, मानवेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं सूचित करना चाहता हूँ कि मैने LIC की पॉलिसी ली थी पॉलिसी न. 253605871 हैं जिसमे मेरा नाम उदयवीर सिंह पुत्र राम सिंह नि. ग्राम पाली पोस्ट रूस्तमपुर नियावली हैं मुझे युद्धवीर सिंह पुत्र राम सिंह के नाम से भी जाना जाता है। मेरे सभीं दस्तावेजों में मेरा नाम युद्धवीर सिंह पुत्र राम सिंह दोनों नाम मेरे ही हैं यदि किसी को अपनी आपत्ति दर्ज करानी हो तो LIC ऑफिस पुष्प विहार चंदौसी शाखा में संपर्क करे।

# मिट्टी की ढांग के नीचे दबने से बालिका की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** संभल जनपद के थाना धनारी क्षेत्र के गांव भागनगर की रहने वाली किशोरियां घर की लिपाई करने के लिए पड़ोस के गांव मानकपुर में मिट्टी निकालने गई और मिट्टी की ढांग गिरने से दब गई।

आसपास के लोगों ने किसी तरह मिट्टी हटाकर दोनों को निकाला व एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक चिकित्सका केन्द्र भेजा गया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया और एक ही हालत गंभीर बताई गई।

बता दें कि रविवार को दोपहर 01 बजे के करीब धनारी क्षेत्र के गांव भागनगर नि0 अमलेश, विद्या, कृष्णा, कुंती, आशा घर की लिपाई के लिऐ पड़ोस के गांव मानकपुर मिट्टी निकालने गई जहां कुंतलों मिट्टी के नीचे अमलेश, विद्या, कुंती व आशा दब गई। साथ गई महिलाओं व किशोरियों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे और मिट्टी हटाकर पांचों लड़कियों को बाहर निकाला।

सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और आशा व कुंती की हालत गंभीर होने पर सीएचसी बहजोई भेज दिया जहां चिकित्सकों ने कुंती (15) को मृत घोषित कर दिया व आशा (17) की हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया। ढांग के नीचे दब कर कुंती की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## लोकतांत्रिक जनता दल ने की राष्ट्रीय परिषद की मीटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लोकतांत्रिक जनता दल द्वारा दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब में राष्ट्रीय परिषद् की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें चन्दौसी नि. प्रेमराज यादव द्वारा भाग लिया गया। मीटिंग में बिहार, पश्चिम एवं 2027 के उत्तरप्रदेश चुनावों को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेमराज यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार में शिक्षा व इलाज पर बेहद महंगाई है।

आम आदमी इन दोनों सुविधाओं से वंचित होता जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष, डा. एस.एन. गौतम, सरिता, जुबेर अहमद आदि मौजूद रहे।

# पाकबड़ा पुलिस ने लूट की घटना में दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना पकड़ा क्षेत्र स्थित हुई लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में जनपद व कस्बा में हो रही लूट एवं चोरी की घटनाओं को लेकर चोरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया यह चोरी की घटना लोदीपुर राजपूत स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के श्री सत्य स्कूल के सामने की है धर्मेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय रामपाल सिंह निवासी ग्राम मवई असमोली जिला संभल की रहने वाली हैं 3,जून 2025, को अपने पति के साथ बाइक पर बैठकर जा रही थी सीएनजी पेट्रोल पंप के पास के कुछ व्यक्तियों ने बीना देवी के बाएं कान का कुंडल छीनकर भाग गए थे उक्त घटना से संबंधित जानकारी पुलिस को फिर द्वारा दी गई।

पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच मै जुट गई ओर चेकिंग के दौरान इन दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया सोहेल पुत्र अखलाक निवासी बुध बाजार कस्बा पाक बड़ा उम्र 21 बर्ष बारिश पुत्र इलियास निवासी बुध बाजार कस्बा पाकबड़ा उम्र 17 गिरफ्तार किया।

इनके पास से एक जोड़ी सोने के कुंडल एवं घटना प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडरके साथ



गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गिरफ्तार करने वाली टीम थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद, कुमार उपनिरीक्षक इजहार अली खां, हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, प्रभात, विक्रांत आदि मौजूद रहे।

## उप्र लेखपाल संघ की कार्यकारिणी गठित



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा जनपद मुरादाबाद की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु जारी ऐजेण्डा के अनुसार आज चुनाव का आयोजन किया गया, जिसमें निम्न प्रकार पदाधिकारी निर्वाचित हुए।चुनाव में निर्वाचित जिलाध्यक्ष-अभिषेक चौहान, उपाध्यक्ष वरिष्ठ-महताब आलम, उपाध्यक्ष कनिष्ठ-इरशाद हुसैन, जिलामंत्री-मुस्तफा कमाल, उपमंत्री-उमेश कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष- अमित कुमार, लेखा परिक्षक- अर्चना सिंह निर्वाचित हुए। चुनाव कार्यक्रम में कमल कुमार सिंह सहायक चुनाव अधिकारी नीरज राठौर चुनाव अधिकारी प्रदेश संगठन मंत्री पश्चिमी जोन आदि लेखपाल संघ मौजूद रहा।

# अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मरने वाले लोगों व पत्रकारों के परिजनों को दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के तत्वावधान में आयोजित शोक सभा के दौरान अहमदाबाद में विमान क्रैश में जान गवाने वाले यात्रियों व पत्रकारों के परिजन के इंतकाल होने पर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। निकट कोहिनूर तिराहा ख्वाजा नगर स्थित यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष मुहम्मद जान तुर्की के निवास पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के दौरान जान गबाने वाले यात्रियों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शान्ति के



लिये प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में हुई यह दुखद घटना ने सभी के दिलों को दहला दिया है। वहीं यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के नाजिम मंसूरी के बड़े भाई डॉक्टर शाहिद हुसैन मंसूरी व नासिर तुर्की के साले इमरान हनीफ तथा रामपुर के वरिष्ठ पत्रकार अफाक अहमद खान की वालदा का इंतेकाल गहरे दुख का इजहार करते हुए उनकी मगफिरत के लिए दुआ की गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की जिला अध्यक्ष रईस शेख शाहनवाज नकवी शाहरुख हुसैन नईम चौधरी मोहम्मद नासिर पाशा एडवोकेट मेराज आलम सरफराज खान मोहम्मद नदीम शहवेज अंसारी शफीक अहमद मुहम्मद नकी मोहसिन खान मोहम्मद रुशन तुर्की रामपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### अहमदाबाद में प्लेन दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि



**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। पं वीरेंद्र आर्य ने कपिल आर्य, ज्ञानेंद्र गांधी, रवीन्द्र आर्य,डा आलोक कुमार आर्य निर्मल आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। तत्पश्चात मथुरा प्रसाद आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया। वानप्रस्थी डॉ राम मुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया। आर्य विद्वान डा अर्जुन वीर वर्मा, कपिल आर्य ने वेदो में उल्लिखित आकाश तत्व की वैज्ञानिक व्याख्या की। कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में असमय कालकलवित हुए भारतीय व विदेशी नागरिकों की आत्मा की शांति व सद्गति हेतु प्रार्थना की गयी और सामूहिक दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर प्रधान डा अभय श्रोत्रिय मंत्री रमेश सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष मयंक आर्य, अरविंद आर्यबंधु,विभु आर्य,वेदमुनि, संतोष कुमार गुप्ता, रविंद्र आर्य, राजेश नारंग, ज्ञानप्रकाश भगत, रमाशंकर आर्य करन आर्य, राकेश आर्य विजय कौशिक, सुमित आर्य अर्जुन आर्य आदि उपस्थित रहे।

### हाजी उस्मान अली ने रामगंगा नदी पुल पर गड्ढों की कराई मरम्मत, विभाग की अभी भी नहीं खुली नींद



**कांठ।** अच्छा कार्य करने के लिए समाज सेवकों के सामने क्षेत्र की बंदिशे आड़े नहीं आती है यह नगर पंचायत उमरी कला के अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने करके दिखा दिया हाजी उस्मान अली क्षेत्र भ्रमण के लिए ठाकुरद्वारा की तरफ गए थे जहां राम गंगा नदी के पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे कई महीनो से पड़े हुए थे। लेकिन विभाग की नींद नहीं टूटी गड्ढे बरकरार होने के कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी मगर ना तो लोक निर्माण विभाग और ना ही किसी नेता की नजर इस और गई लेकिन जमीन से जुड़े नेता हाजी उस्मान अली ने लोगों की इस परेशानी को समझा और अपने पुत्र सैयद मोअज्जम अली से इस मसले को लेकर वार्ता की, इंजीनियर सैयद मुअज्जम अली टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और स्वयं वहां मौजूद रहकर लोगों की जान के दुश्मन बने गढ़ो को मरम्मत करा कर ठीक कर दिया।उनके इस कार्य की क्षेत्र के लोगों ने जमकर तारीफ की है। इस मौके पर रियासत हुसैन , खुर्शीद सलमानी , वसीम मिल्की , उपेंद्र कुमार शर्मा , यासीन अहमद , प्रेमपाल सिंह , नदीम आलम , सुलेमान आदि मौजूद रहे।

### बारिश होने से मौसम हुआ था खुश गवार, धूप निकलने पर बढ़ी उमस

**कांठ।** बारिश होने के साथ-साथ ही तापमान में गिरावट आ गई और मौसम खुश गवार हो गया लेकिन बारिश अपने साथ बिजली भी ले गई धूप निकली तो उमस बढ़ गई लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।सर्व विदित है कि इस समय सप्ताह भर से लोगों को भारी गर्मी से गुजरना पड़ रहा है आज सुबह आई बारिश लोगों को राहत लेकर आई बारिश आने पर मौसम खुश गवार हो गया लेकिन इसके साथ-साथ बिजली भी चली गई बिजली गई तो लोगों की परेशानियां और बढ़ गई लेकिन धूप निकलने पर उमस बढ़ते ही फिर जीना मुहाल हो गया लोगों कहना था कि दो-चार साल पहले ही बनाई गई बिजली की लाइनों में हल्की सी बारिश के बाद ब्रेकडाउन हो जाना आम बात हो गई है इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है क्षेत्र के लोगों का कहना है कि विभाग को ब्रेकडाउन होने वाली जगह पर विशेष ध्यान देते हुए मांकूल इंतजाम करने चाहिए।

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार घायल, रिपोर्ट दर्ज

**कांठ।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार घायल हो गए पुलिस ने तहरीर के आधार पर वाहन चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है पहली घटना थाना कांठ क्षेत्र के खूटखेड़ा मोड की है शोभाराम पुत्र खमानी सिंह निवासी बैजनाथपुर थाना ठाकुरद्वारा का कहना है की 12 जून को उसका चचेरा भाई देवेंद्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह अपनी मोटरसाइकिल से अमृता अस्पताल होकर वापस जा रहा था रास्ते में वह खूंटखेड़ा मोड पर पहुंचा तो सामने से आ रहे अज्ञात डंपर के चालक ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी जिसमें उसका चचेरा भाई देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को इलाज के लिए मुरादाबाद ले जाया गया वहां पर उसका अभी भी इलाज चल रहा है तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

दूसरी घटना थाना क्षेत्र के छजलैट तिराहे की है रजपुरा के रहने वाले हरस्वरूप सिंह पुत्र मवासी का कहना है कि वह अपनी बाइक से 14 जून को छजलैट होकर घर वापस जा रहा था पीछे उसकी पत्नी शांति बैठी थी जैसे ही छजलैट तिराहे पर पहुंचे एक छोटा हाथी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसकी पत्नी शांति घायल हो गई मोटर साइकिल भी छतिग्रस्त हो गई टक्कर मारने वाले वाहन का चालक उसे छोड़कर भाग गया उसने अपनी पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है पुलिस ने तहरीर के आधार पर इस मामले में भी टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# विधायक ने रोडवेज बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उ०प्र०परिवहन निगम के पीतलनगरी डिपो द्वारा मुरादाबाद-हल्द्वानी-आगरा-हल्द्वानी-मुरादाबाद मार्ग की एक नई सेवा का शुभारम्भ मा० विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकार किया गया। इस बस सेवा के संचालन से जनमानस को सीधा लाभ होगा। बस का मुरादाबाद से हल्द्वानी का समय प्रात: 11:00 बजे, हल्द्वानी से आगरा के लिए समय - 15:00 बजे एवं आगरा से हल्द्वानी के समय प्रात: 06:00 बजे निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम के दौरान विधायक कुंदरकी द्वारा परिवहन निगम के कर्मचारियों की समस्याऐं भी सुनी गई तथा उनकी समस्याओं के निराकरण कराने का आश्वासन भी दिया गया। साथ ही उनके द्वारा अवगत कराया गया कि किसी भी कर्मचारी को भविष्य में कोई समस्या हो तो वह उसके निराकरण हेतु उनसे सीधे



सम्पर्क कर सकता है एवं विधायक कुंदरकी द्वारा आश्वासन भी दिया गया कि प्रत्येक कर्मचारी की समस्या का निराकरण तत्काल कराया जायेंगा। इसके साथ ही चालक एवं परिचालको को निर्देश दिये गये कि वह अपनी बस को संचालन प्रत्येक शहर के अन्दर बस स्टेशन/स्टापेज से करें। जिससे सरकार की अनुरूप आम जनमानस को परिवहन निगम की सुलभ सेवा का लाभ मिल सकें। उक्त कार्यक्रम सेवा प्रबन्धक महोदय मुरादाबाद, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक पीतलनगरी डिपो, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक मुरादाबाद डिपो, वरिष्ठ केन्द्र प्रभारी, कार्यशाला प्रभारी, कटघर बस स्टेशन प्रभारी एवं भारी संख्या में कर्मचारी / जनमानस उपस्थित रहें।

## प्रियंका चौधरी का तबादला, रामेश्वर दयाल होंगे नगर पंचायत कांठ के नए अधिशासी अधिकारी

**कांठ।** शासन ने आदेश जारी कर नगर पंचायत, नरौरा (बुलंदशहर) के अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल को नगर पंचायत कांठ में अधिशासी अधिकारी के रिक्त पद पर तैनात किया है। वे शीघ्र ही अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे स श्री दयाल ने लोगों की समस्याओं का अभिलंब निराकरण एवं शासन की योजनाओं को पात्र लोगों को दिलाना अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है सनगरीय निकाय निदेशालय द्वारा जारी पत्र में निदेशक अनुज कुमार झा ने आदेश में लिखा है कि रामेश्वर दयाल, अधिशासी अधिकारी को अपनी नवीन तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु स्वत: कार्यमुक्त किया जाता है। श्री रामेश्वर दयाल कार्यभार ग्रहण करते हुए कार्यभार ग्रहण करने की सूचना शासन / नगरीय निकाय निदेशालय, उ०प्र० लखनऊ को अविलम्ब उपलब्ध कराएंगे। आदेशों की अवहेलना



अनुशासनहीनता मानी जाएगी, जिसके लिए संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। रामेश्वर दयाल ने बताया कि लोगों की समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाएगा और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिलेगास वे शीघ्र यहां आकर चार्ज ग्रहण करेंगे

## स्लैब तोड़ने का विरोध किया, तो महिला को पीटा

**कांठ।** घर के स्लैब तोड़ने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को पीट दिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट क्षेत्र के गांव ढाकी निवासी मोहम्मद शाहरुख पुत्र उस्मान अली का कहना है की 11 जून को उसके मकान के सामने रहने वाले नसरुद्दीन पुत्र चुना सोनू मोनू पुत्रगण नसरुद्दीन ने घर के सामने की स्लैब तोड़नी शुरू कर दी मां ने उसका विरोध किया तो उन्होंने उसकी मां को धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित का कहना है कि उपरोक्त द्वारा आए दिन गली गलौज मारपीट करना आम बात हो गई है पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## रघुवीर नगर मोहल्ले में पानी की किल्लत



**चन्दौसी।** नगर में अमृत योजना के तहत लंबे समय से चल रहा है परंतु कार्य सही से न होने के कारण आये दिन पाइपलाइन लीक होने लगती है। हालत यह है कि सड़कें जो नगरपालिका द्वारा लाखों रुपये लगाकर निर्माण कराया गया, अब उन्हें पाइपलाइन के कारण जगह-जगह तोड़ा जा रहा है और बाद में मिट्टी डालकर ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। ठेकेदार पाइपलाइन को सही किया जाता है परंतु दो चार दिन बाद फिर से लाइन चोक हो जाती है। तीन दिन पूर्व नगर के डहरिया एवं रघुवीर नगर मौहल्ले के लोगों द्वारा प्रदर्शन किया गया था। लोग बर्तन लेकर सड़क पर नजर आये परंतु अभी तक मौहल्ले में पाइपलाइन द्वारा पानी नहीं पहुंच पाया है। रविवार को नगरपालिका द्वारा टैंकर भेजकर मौहल्लेवासियों को पानी उपलब्ध कराया गया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादाबाद।** आईएमए हॉल में सामाजिक संगठन कृति फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सातवें वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं, समाजसेवियों एवं मीडिया बंधुओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि निवर्तमान अध्यक्ष बाल संरक्षण राज्य आयोग डॉ विशेष गुप्ता, संत धीरशांत अर्धमोनी, जिला उपाध्यक्ष सपा वेद प्रकाश सैनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा मनोज गुप्ता रहे। विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि कृति फाउंडेशन प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को उनकी मेहनत के लिए सम्मानित कर रही है, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़े और वे आगे चलकर देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तकनीकी युग की चुनौतियों को समझते हुए शिक्षा के नए आयामों को आत्मसात करें। विधायक कुंदरकी ने सुंदर कार्यक्रम आयोजन के लिए संस्था के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलकती रही। संगठन के संस्थापक/अध्यक्ष ने अध्यक्षता करते हुए बताया कि हम इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभाशाली बच्चों समाजसेवियों एवं मीडिया बंधुओं को सम्मानित करने का कार्य करते हैं। आर के भारत ने कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथि गण एवं कार्यक्रम को



सफल बनाने हेतु समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव जीनत चौधरी ने किया एवं कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पवन गुप्ता, किरन प्रजापति, मीना राजपूत, बबीता चंद्रा,अंजू भंडारी सुनीता चौधरी, नीरू सैनी, पूनम जाटव, दीपिका मेहता, गुड्डो प्रजापति, गुलशन, सोनू प्रजापति मोंटी जाटव, किशनलाल सैनी, संजीव सैनी, रामचंद्र प्रजापति हिमांशु प्रजापति, उमेश सैनी, गजराम सैनी,मिस्टी चंद्रा, तपस्या चौधरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कांग्रेस ट्रेड यूनियन ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कांग्रेस ट्रेड यूनियन द्वारा खुर्जा गेट में रविवार को स्वागत समारोह आयोजित किया गया यूनियन के जिलाध्यक्ष नंदू कुमार वाल्मीकि ने कहा कि लंबे संघर्ष करने के बाद नगरपालिका अध्यक्षा ने कर्मचारियों के वेतन में 422.85 रु की वृद्धि, एरियल, चयन वेतनमान एवं अन्य मांगों को मान लिए जाने पर संगठन की जीत बताया प्रवीण कुमार बंटी ने संविदा सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश, मातृत्व अवकाश, कर्मचारियों की वर्दी, बंद पड़े डॉ भीमराव अंबेडकर वाचनालय को खुलवाने एवं संत शिरोमणि रविदास के पार्क का सौंदर्यकरण की नगरपालिका द्वारा दिलाए जाने की



मांग रखी। कार्यक्रम में राकेश कुमार, ज्ञानप्रकाश वाल्मीकि, शिवनंदन वाल्मीकि, आशीष वाल्मीकि, महेश, सर्वेश, राम प्रकाश, प्रदीप, गुड्डू वाल्मीकि, अर्जुन वाल्मीकि, शैलू वाल्मीकि, अनुज कुमार, ओमप्रकाश, नीरज, मटरूलाल, बंधन वाल्मीकि, ऋतिक कुमार, हंशमुखी देवी, सर्वेश देवी, इंदिरा देवी, दीपू, उमेश प्रधान, विनोद कुमार, मोनू आदि उपस्थित रहे।

## 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य' कार्यक्रम के तहत कराया योगाभ्यास

**चन्दौसी।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ' के तहत आयुष विभाग, जिला प्रशासन व हार्ट फुलनेस ध्यान केन्द्र स्थित सीतारोड चन्दौसी के तत्वाधान योग सप्ताह (15-21जून) का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को योग सप्ताह के प्रथम दिन योग प्रशिक्षक के रुप में पतंजलि योगपीठ की आचार्या अनीता आर्या द्वारा योगाभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि के रुप में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संभल डा0 राजेन्द्र सिंह सैनी सहित काफी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया।

योग प्रशिक्षिका द्वारा हमारे जीवन में योग के महत्व को भी बताया गया। मुख्य अतिथि डा0 राजेन्द्र ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मन और यदि मन स्वस्थ्य है तो शारीरिक क्रियाकलापों के साथ उत्तम लक्ष्य को



प्राप्त कर सकते हैं। योग के द्वारा हम विभिन्न बीमारियों से मुक्ति पा सकते हैं। साथ ही नगरवासियों से अपील की गई कि वे योग शिविर में आकर स्वास्थ्य लाभ उठा सकते हैं।वहीं योगाभ्यास के बाद एक पौधा के नाम कार्यक्रम के तहत ध्यान केन्द्र परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अभय कुमार सक्सेना, अनुज कठैरिया, अभिषेक गौड़, पूनम सक्सेना, सुरेश अग्रवाल, डा0 संतोष सक्सेना एवं बाल स्वयंसेवक के रुप में अद्भुत, अंकुर, आद्यया बिंदल आदि का सहयोग रहा।

# बदमाशों ने रेप पीड़िता पर दिनदहाड़े बरसाईं गोलियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बाइक सवार तीन बदमाशों ने रेप पीड़िता पर 10 राउंड फायरिंग की। पीड़िता मां भाई के साथ रिक्शा से कोर्ट से लौट रही थीं। तभी बाइक सवारों ने ओवर टैक करके रिक्शा रोक कर उन पर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। घटना में पीड़िता की पीठ में गोली का छर्रा लगा है। जबकि, पीड़िता की मां भाई और रिक्शा चालक के साथ गुजर रहे दो राहगीर भी फायरिंग चलने से जख्मी हुए हैं। गोलियां चलाने वाले तीन बदमाशों ने हेलमेंट पहन रखा था। राहगिरों की मदद से पीड़िता उसकी मां घायल राहगीरों और रिक्शा चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंचीं पुलिस को सड़क पर कारतूस के चार खोके मिले हैं। घटना शनिवार शाम की है। रामपुर रोड पर रामगंगा नदीं पर बने पुल की है। कटघर थाने की पुलिस ने ललित कौशिक और तीन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शहर के व्यस्त इलाके में सरेआम हुई फायरिंग की इस घटना से लोगों में सनसनी फैली हुई है। पीड़िता ने करीब 2 साल पहले भी पूर्व ब्लाक प्रमुख और वेस्ट यूपी के नामी गैंगस्टर ललित कौशिक के खिलाफ रेप की एफआईआर दर्ज कराई थी। शनिवार को मामले में सुनवाई थी

लेकिन कोर्ट ने 23 जून को फाइनल सुनवाई की डेट की है रेप पीड़िता और उसकी मां ने इससे पहले भी पुलिस और कोर्ट को एप्लीकेशन देकर बताया था कि बलरामपुर जेल में बंद गैंगस्टर ललित कौशिक कोर्ट में गवाही देने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे है। लेकिन इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# अहमदाबाद विमान हादसे में हुए दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को नगर के मुंसिफ रोड स्थित भगतसिंह मूर्ति पर एकत्रित होकर अहमदाबाद विमान हादसे व केदारनाथ हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की। इस दौरान ओमप्रकाश प्रजापति, पूरनसिंह मौर्य, वीरेन्द्र सिंह कश्यप, सोमवीर प्रजापति, पुष्पेन्द्र कश्यप, अनिल मौर्य, आकितल, रजनेश दिवाकर, पप्पू यादव, लल्ला बाबू, हरिओम,




विमलेश कुमारी, उम्मेदसिंह मौर्य, सी.पी. मौर्य, संजय मदान, रजत यादव, सुभाष पाल, सलीम, राजीव रस्तौगी, भावना सक्सैना, सोनी ठाकुर, सीमा रस्तोगी, सुभाष वाल्मीकि, राजेश चौहान, टिंकू, अमन शर्मा, अक्षय शर्मा, आकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# तीसरे खलीफा हजरते उस्माने गनी का यौमे शहादत मनाया

**कुन्दरकी।** नगर की सेफियों वाली पुलिया स्थित सिद्दीके अकबर मस्जिद में नबी ए करीम के तीसरे खघ्लीफा उस्माने गनी रदीअल्लाहो अन्हो का यौमे शहादत मनाया महफिल का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से मोलाना गय्यूर अहमद आफाकी ने किया मुब्ल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया गुलाम नबी अत्तारी ने नाते रसूल और मनकघ्बत उस्माने गनी रदीअल्लाहो अन्हो पेश की मुफ्ती बिलाल रजा अत्तारी ने हजरते उस्माने गनी रदीअल्लाहो अन्हो की सीरत बयान की आखघ्रि मुल्क व मिल्लत की खुशहाली और अमन शांति के लिए मौलाना गय्यूर अहमद आफाकी ने दुआ कराई इस मौके पर हाजी रियाज उद्दीन अत्तारी मुहम्मद इन्तजार रजवी मुहम्मद अनीस डॉ मोहसिन अत्तारी हाजी इब्राहिम हाजी नसीम इरफान खान हाजी फहीम मास्टर अरशद आदि मौजूद रहे।

IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **23.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **10.07.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **मुरादाबाद-दिल्ली रोड जीएल - 3बी - 303 बुद्धि विहार, प्रथम तल, चरण सिंह चौक चौराहा, इंडियन बैंक के ऊपर, मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244001.**

**शाखा का नाम: मुरादाबाद-बुधबाजार, तालुका - मुरादाबाद.**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25897692, GL27293728, GL27577734, GL31611996, GL31625432, GL33269139, GL33289884, GL33690462, GL33708922, GL33714405, GL33718842, GL33737016, GL33744465, GL33749406, GL33753648, GL33773207, GL33784237, GL33790839, GL33902353, GL33911367, GL34016774, GL34041425, GL34052703, GL34061070, GL34086992, GL34104863, GL34104886, GL34107618, GL34113261, GL34119219, GL34126382, GL34127650, GL34134778, GL34141271, GL34147505, GL34202552, GL34209268, GL34239766, GL34277695, GL34285458, GL34440174, GL34625403, GL34626105, GL35192735, GL35332629, GL35532418.

**शाखा का नाम: मुरादाबाद-दिल्ली रोड जीएल, तालुका - मुरादाबाद.**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL30793134, GL31858296, GL31946088, GL31961854, GL33815998, GL34336502.

**शाखा का नाम: मुरादाबाद-ईदगाह रोड जीएल, तालुका - मुरादाबाद.**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25692722, GL32420511, GL33557993, GL33575852, GL33591808, GL33829453, GL33927512, GL33939850, GL34025770, GL34032546, GL34046897, GL34079142, GL34286099, GL34337841, GL34397660, GL35059012.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

**दिनांक: 16.06.2025**
स्थान: मुरादाबाद

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

## बाबा कैंची धाम की स्थापना, किया प्रसाद वितरण



**मुरादाबाद।** यप परिवार यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल धार्मिक प्रकोष्ठ द्वारा नीम करोली बाबा कैंची धाम की स्थापना दिवस पर साई मन्दिर रोड पर एकत्रित होकर सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ कर महा आरती में भाग लिया तत्पश्चात भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू किया। जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने हनुमान जी, नीम करोली बाबा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेने के बाद प्रार्थना प्रसाद वितरण किया। वितरण के दौरान मानसी टंडन, प्रेमवला, वीनू आहूजा, प्रीति शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिया समुदाय ने मनाई ईद-ए-गदीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगवानपुर।** नगर पंचायत अगवानपुर में ईद ए गदीर का त्यौहार शिया समुदाय में बड़े ही हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया। नगर के मोहल्ला सराय फारूख की अंजुमन जीनत ए अजा की ओर से ईद ए गदीर के मौके पर नगर के टेंपो स्टैंड पर शरबत पिलाया गया। नगर के पंजेतनी इमाम बारगाह में महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े।

महफिल में राहिल नकवी ने निजामत के फराहिज को अंजाम दिया। इस दौरान मौलाना मो.हुसैन ने बताया कि रसूल अल्लाह के आखिरी हज के दौरान मैदान ए खघ्म में ऊंटों के कजावो के मिंबर पर हजरत अली को अपने साथ लेकर गए और हजरत अली का हाथ थाम कर कहा जिस जिस का में मौला हूं उस उस के अली मौला है।

लेकिन कुछ लोगों ने हजरत अली की खघ्लाफत को नहीं माना और साकीफा में अपना खुदका खलीफा बना लिया और हजरत अली की खघ्लाफत को नहीं माना गदीर ए खघ्म में अल्लाह के रसूल के इस ऐलान के बाद हर वर्ष ईद ए गदीर पूरी दुनिया में बड़े ही हर्षौंल्लास से मनाया जाता है। इस दौरान दानिश नकघ्वी, असलम नकघ्वी,




आदिल नकघ्वी, नैय्यर अब्बास नकघ्वी, शजर अब्बास, युनुस नकवी, एजाज नकवी, शाहरुख अली, बबलू, फैज नकघ्वी, शादाब नकवी, चांद नकघ्वी, आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण व उनकी बाल लीलाओं के श्रवण से चित्त पवित्र होता है: अर्द्धमौनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिवांगन, वैव ग्रीन, रामगंगा विहार में आयोजित ष्श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहष के चतुर्थ दिवस कथा व्यास आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान के अनन्त अवतरण एवं उनकी दिव्यलीलाओं के श्रवण मात्र से मनुष्य आनन्द धाम में सुवासित करता है। महाराज पृथु ने श्रीभगवान्ध से कहा आप वर देने वाले ब्रह्मादि देवताओं को भी वर देने में समर्थ हैं।आपकी माया से ही मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप आपसे विमुख होकर अज्ञानवश अन्य स्त्री-पुत्रादि की इच्छा करता है। कोई भी बुद्धिमान् पुरुष आपसे देहाभिमानियों के भोगने योग्य विषयों को कैसे माँग सकता है? वे तो नारकी जीवों को भी मिलते ही हैं।

मेरी तो यही प्रार्थना है कि आप मुझे दस हजार कान दे दीजिये, जिनसे मैं आपके लीलागुणों को सुनता ही रहूँ। अमृत-कणों को लेकर महापुरुषों के मुख से जो वायु निकलती है, उसी में इतनी शक्ति होती है कि वह तत्त्व को भूले हुए हम कुयोगियों को पुनः तत्त्वज्ञान करा देती है, अतएव हमें दूसरे वरों की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि पाप, भगवान् से ज्यादा प्रबल हैं तो जीव का उद्धार ही नहीं होगा, परंतु कितना ही ठसाठस भरा हुआ अँधेरा हो, प्रकाश होते ही सब नष्ट हो जाता है। आपको बाधा दे, ऐसी पाप में शक्ति नहीं है, रुपये अच्छे लगते हैं, बेटा-बेटी अच्छे लगते हैं, आदर-सत्कार अच्छा लगता है, यह बाधा है।सत्संग की बातें तो सुनते हैं, पर धन, मान-बड़ाई, आदर-सत्कार आदि को पकड़े-पकड़े। शरीरादि वस्तुएँ 'अपनी' तो हैं ही नहीं, 'अपने लिये' भी नहीं हैं। यदि ये अपने लिये होतीं, तो इनकी प्राप्ति से हमें पूर्ण तृप्ति या सन्तोष हो जाता। पूर्णता का अनुभव भगवान् के मिलने पर होता है, जो वास्तव में अपने हैं।भगवान् ने मनुष्य को शरीरादि वस्तुएँ इतनी उदारतापूर्वक और इस ढंग से दी हैं कि मनुष्य को ये वस्तुएँ अपनी ही दीखने लगती हैं। जो वस्तुएँ अपनी नहीं हैं, उस भूल को मिटाने के लिये साधक अध्यात्मचित्त से गहरा विचार करके उन्हें भगवान् के अर्पण कर दे। व्यवस्था में संगीता विश्नोई, आदेश विश्नोई, शिवम विश्नोई, कनिष्का विश्नोई, पूनम चावला, ऐशु भाटिया, आयुषी विश्नोई, सुनीता गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, वैष्णवी विश्नोई, श्वेतांश विश्नोई, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, सौरभ अग्रवाल, निखिल आदि ने सहयोग दिया।

## विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि, निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विवेकानंद नगर में संगठन सर्जन की ओर से बैठक एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अहमदाबाद में हाल ही में हुए दर्दनाक हादसे में पीड़ित हुए नागरिकों के प्रति संवेदना प्रकट करना एवं उनके लिए न्याय की माँग करना था। बैठक में संगठन की प्रमुख सदस्या अनिता की अध्यक्षता में अहम विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही पीड़ितों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक उपरांत कैंडल मार्च निक. ाला गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगठन की महानगर अध्यक्षा अधिवक्ता खुशनुमा भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम उनके मार्गदर्शन में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूजा चड्ढा ने कहा: "यह सिर्फ एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि हमारी एकजुटता और संवेदनशीलता की अभिव्यक्ति है। जब भी कोई समाज पीड़ा से गुजरता है, तब हम सबकी जिम्मेदारी है कि उनके साथ खड़े हों।" संगठन ने प्रशासन से माँग की कि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिले और भविष्य में ऐसे हादसे न हों इसके लिए कड़े कदम उठाए जाएं। इसमें मुख्य रूप से शामिल हुई नीलम भारद्वाज, अंजलि शिशोदिया, प्रीती उपाध्य, मुस्कान सिंह आदि मौजूद रहे।

**संबंध विच्छेद/बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र बलजीत अरोड़ा व उसकी पत्नी ईशिता अरोड़ा के बुरे आचरण व झगड़ालू स्वभाव से तंग आकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर उन दोनों पति-पत्नी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से हमारे उपरोक्त पुत्र बलजीत अरोड़ा व पुत्रवधू ईशिता अरोड़ा से हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा। वे अपने किए गए किसी भी कृत्य या अच्छे-बुरे कार्य, लेनदेन, मुकदमेंबाजी इत्यादि के स्वयं देनदार व जिम्मेदार होंगे। इन्द्रजीत सिंह पुत्र श्री चमन लाल व श्रीमती हरजीत कौर पत्नी इन्द्रजीत सिंह निवासी गण मालवीय नगर, मंदिर वाली गली शहर व जिला मुरादाबाद।

# नेत्र चिकित्सा शिविर का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा डाक विभाग के सहयोग से आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया 70+ आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा 18 साल तक की उम्र के नए आधार कार्ड बनाए गए एवं सभी उम्र के आधार कार्ड में संशोधन किया गया मुफ्त नेत्र जांच श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम की तरफ से आंखों की जांच की व्यवस्था कैंप में की गई। कैंप का उद्घाटन मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया। कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल का प्रयास सराहनीय है सभी को इससे प्रेरणा लेकर जनसामान्य की समस्याओ का समाधान करने मे सहयोग करना चाहिए आयोजन के



लिए पंडित अशोक भारतीय तथा राष्ट्रीय व्यापार मंडल का धन्यवाद करते हुए क्षेत्र की जनता से कैंप का लाभ उठाने की अपील की आधार कार्ड सेंटर पर लम्बी लाइन लगी है।

राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता अशोक भारतीय आशु पंडित आदि ने उपस्थित होकर कैंप में अपना अमूल्य योगदान दिया तथा क्षेत्र की जनता से आयुष्मान कार्ड व आधार कार्ड व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया इस अवसर पर 50 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड बनवाए तथा 200 से ज्यादा लोगों के आधार कार्ड बनाए गए एवं लगभग 225 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा विधायक अजीत पाल त्यागी के आह्वान पर लगाये गए कैंप की जनता ने सराहना की।

प्रमोद चौधरी दीपक चौधरी संजीव चौधरी ने सभी अतिथियों का पटका पहनाकर माला पहनाकर स्वागत किया तथा सभी व्यवस्थाओं सहित जलपान के साथ सभी का स्वागत किया राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारी ने आगामी 24 अगस्त में भी इसी जगह पर कैंप लगाने की घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अजीत पाल त्यागी बालकिशन गुप्ता प्रमोद चौधरी दीपक चौधरी संजीव चौधरी संदीप त्यागी रसम अशोक भारतीय श्रेया आई सेंटर के डा विकास वीरवाल रि आईएएस ओमव. ीर वीरवाल आशु पंडित सौरभ यादव राहुल तोमर गुड्डू मुखिया अंकित त्यागी अरुण त्यागी बृजपाल चौधरी बिरजू हरेंद्र शर्मा भीष्म शर्मा मनोज चौधरी विनोद चौधरी अनिल चौधरी तथा डाक विभाग से मनोज हेमंत वैशाली तासीन अनुराग कौशल राजेंद्र अनिल आदि का सहयोग सराहनीय रूप से रहा आदि उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MAHBOOB RAZA से बदलकर अब **MEHBOOB AHMAD पुत्र YONUS AHMAD** रख लिया है। भविष्य में अब मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**MEHBOOB AHMAD पुत्र YONUS AHMAD मोहल्ला हकीमान, शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **23.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **10.07.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **रामपुर-सौकत अली रोड जीएल - शौकत अली रोड, एचडीएफसी बैंक के पास, रामपुर सिटी, रामपुर, उत्तर प्रदेश-244901**

**शाखा का नाम: रामपुर-रामपुर स्वार बस स्टैंड जीएल, तालुका - सुअर**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL24846789, GL32629966, GL32636841, GL33612234, GL33613102, GL33638748, GL34068480, GL34089241, GL34273938, GL34344334.

**शाखा का नाम: रामपुर-सौकत अली रोड जीएल, तालुका - रामपुर**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL23870193, GL25398663, GL25512464, GL25513863, GL25542465, GL27289106, GL28298876, GL28298960, GL30576902, GL32085956, GL32093450, GL32167192, GL32345467, GL32708950, GL32863209, GL33782273, GL33823184, GL34004856, GL34011637, GL34013057, GL34050697, GL34086440, GL34149955, GL34199963, GL34214403, GL34234732, GL34286921, GL34328481, GL35175308.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

**दिनांक: 16.06.2025**
स्थान: रामपुर

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# जीवन में आनंद प्राप्त करने के लिए योग अद्भुत साधन: चारु मेहरोत्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में कुलपति के आदेश के अनुपालन में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अंतर्गत क्रीडा एवं रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं को योग के लाभ बताने के लिए एक वेबिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा ने अपने संदेश मे कहा कि जीवन में आनंद प्राप्त करने के लिए योग एक अद्भुत साधन है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है।योग का हर रोज अभ्यास करना शरीर को रोगों से ग्रसित होने से बचाता है। उन्होंने कहा कि नेत्र के रोगों के लिए जलनेति, त्राटक का अभ्यास, दमा के लिए गौमुखासन, मधुमेह के अर्धमृत्सेन आसन उच्च रक्तचाप के लिए भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए।साथ ही प्राचार्या ने छात्राओं से कहा कि योग अभ्यास का पूरा लाभ पाने के लिए आपको कुछ सरल नियमों का पालन करने की जरूरत है जैसे सूर्योदय या सूर्यास्त के समय योग करें। योग करने से पहले स्नान जरूर करें। योग शुरू करने के 2 घंटे पहले कुछ भी न खाएं। खाली पेट ही योग करना चाहिए। योग करने के 30 मिनट बाद तक कुछ ना खाएं। आरामदायक कपड़े पहनें। शांत वातावरण में योग अभ्यास करें। मन को भी शांत रखें।कार्यक्रम का संयोजन व संचालन रसायन विज्ञान प्रभारी डॉ सविता अग्रवाल एवं क्रीडा विभाग प्रभारी शिवानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में शारफा, छवि, मारिया, आफरीन, फबेहा, वरहमना, मिस्बाह आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## मोदीनगर भाजपा ने किया संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष अभियान के अंतर्गत मोदीनगर शहर मंडल संकल्प सभा कार्यक्रम छतरी वाले मंदिर में मण्डल अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मानसिंह गोस्वामी( क्षेत्रीय उपाध्यक्ष), डॉ उदिता त्यागी (क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा) एवं जिला उपाध्यक्ष श्री राम कुमार त्यागी रहे। कार्यक्रम में गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, जिला उपाध्यक्ष स्वदेश, नवेंद्र गौड़, अमित कराटे,रोहित अग्रवाल,



वेंद्र चौधरी, अनिला सिंह, विजय वाल्मीकि, अमित टिसवाड, नवीन जायसवाल एवम कार्यक्रम में मंडल के समस्त पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैंने अपने पुत्र शमशाद अहमद व पुत्रवधू श्रीमती फरहाना की नाफरमानी व गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से उनकी बच्ची जुनैरा सहित बेदखल/ऑक कर दिया है। यदि कोई भी व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का लेनदेन व सम्बन्ध रखता है तो वह स्वंय जिम्मेदार रहेगा। मेरा अथवा मेरे परिवार से कोई मतलब वास्ता, लेनदेन आदि का ना होगा।

**अब्दुल्ला पुत्र हमीदुल्ला निवासी मौहल्ला समना सराय कस्बा व थाना शेरकोट तहसील धामपुर, बिजनौर।**

# BCCI ने रणजी ट्रॉफी का फार्मेट बदला

● अब एक-एक टीमों को प्रमोट और रेलीगेट किया जाएगा, दिलीप ट्रॉफी फिर जोनल टीमों में होगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी के फार्मेट में बदलाव किया है। अगले सीजन से इस टूर्नामेंट में एक-एक टीमों को प्रमोट और रेलीगेट किया जाएगा। ये बदलाव बीसीसीआई के सभी एज ग्रुप टूर्नामेंट में लागू होंगे। यह फैसला शनिवार को अपेक्स काउंसिल की मीटिंग में हुआ है।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा है कि सभी मल्टी-डे मेंस टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सीजन से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा। जबकि एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा। अब तक रणजी के हर सीजन के बाद 2 टीमों को प्लेट से एलीट ग्रुप में प्रमोट किया जाता था। जबकि, सबसे निचले स्थान पर रहने वाली 2 टीमों को एलीट से प्लेट ग्रुप में रेलीगेट किया जाता था।

रणजी ट्रॉफी का 2025-26 सीजन 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो राउंड में होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नाकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की जोनल फार्मेट में वापसी हो गई है। यह इस सीजन का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।

ईरानी कप एक से पांच अक्टूबर तक खेला जाएगा। बोर्ड ने कहा- श्टीम का चयन क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट सहित सभी वनडे टूर्नामेंट में प्लेट डिवीजन को फिर से शामिल किया गया है। अब तक नाकआउट चरण में टीमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेलती थी, लेकिन इस सीजन से टाप टीमों को सुपर लीग में तीन और मैच मिलेंगे।

ग्रुप ए और बी की टाप टीमें फाइनल खेलेंगी। बाटम-6 टीमें प्लेट ग्रुप में शामिल होंगी। एसएएमटी 26 नवंबर से 18 दिसंबर तक खेला जाएगा। बीसीसीआई के वाइट बाल के सभी टूर्नामेंट में लीग राउंड में बराबरी पर रहने वाली टीमों में से आगे बढ़ने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट से होगा।

इंटरनेशनल क्रिकेट में यह नियम पहले से लागू है। इसे डोमेस्टिक में भी शामिल किया गया है। क्यों बदलना पड़ा फार्मेट? बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में 9 नई टीमों को शामिल किया था, इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे रणजी ट्रॉफी में क्रिकेट की क्वालिटी प्रभावित हुई। मेघालय को पिछले सीजन में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

# विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड से पांच टी-20 खेलेगा भारत

● तीन वनडे मैच भी आयोजित होंगे, 11 जनवरी को पहला मैच, बीसीसीआई ने 8 को होस्ट बनाया

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम अगले साल फरवरी-मार्च होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड से 5 टी-20 मैचों की होम सीरीज खेलेगा। बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल ने शनिवार को न्यूजीलैंड के भारत दौरे का शेडयूल जारी किया।

इसके अनुसार, न्यूजीलैंड की टीम 11 जनवरी से 18 जनवरी तक 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। उसके बाद 21 जनवरी से 31 जनवरी तक 5 टी-20 मैचों की सीरीज होगी। बोर्ड ने इन मैचों के लिए 8 वेन्यू का ऐलान किया है। वनडे मैच बड़ौदा, राजकोट और इंदौर में होंगी। जबकि नागपुर, रायपुर, गुवाहाटी, वाईजैक, त्रिवेंद्रम टी-20 मैचों की मेजबा. नी करेंगे। इस सीरीज के बाद भारत और श्रीलंका को टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है। ऐसे में यह दौरा भारत की तैयारियों के लिहाज से अहम होगा। इसमें भारत अपना टाइटल डिफेंड करने उतरेगा।

टीम इंडिया ने 2024 में द. अफ्रीका को 7 रन से हराते हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। भारत के होम कैलेंडर में 3 सीरीज शामिल इस सीजन में भारत का होम कैलेंडर काफी व्यस्त है। टीम को विंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बाल सीरीज व द. अफ्रीका से तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर है। जहां टीम इंडिया को 20 जून से 5 टेस्ट मैच खेलने है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्टूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर आस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी।



# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 3-2 से हराया

● भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली करारी शिकस्त, दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रही





**एंटवर्प, वार्ता।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा हैं।

यहां खेले गए मुकाबले में संजय ने मैच के शुरुआती तीसरे मिनट में गोलकर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। हालांकि इसके एक मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया के टिम ब्रैंड ने गोल. कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अगले ही मिनट में ब्लेक गोवर्स ने गोल दागकर स्कोर 2-1 कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को दोगुना कर दिया।

इसके बाद 18वें मिनट में कूपर बर्न्स ने गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। इस गोल के बाद भारतीय टीम दबाव में दिखी और ऑस्ट्रेलिया टीम आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान दोनों टीमों को पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रही।

पहला हाफ ऑस्ट्रेलिया के दो गोल से आगे रहने के साथ समाप्त हुआ। दस मिनट के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने नए जोश के साथ मैदान में वापसी की। 36वें मिनट में दिलप्रीत बेहतरीन मैदानी गोलकर स्कोर 3-2 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में कुछ ऐसे क्षण थे जब भारत बराबरी कर वापसी कर सकता था लेकिन वे मौके का फायदा नहीं उठा सके।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

● भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की

कोंटिच, वार्ता। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारतीय जूनियर महिला टीम ने शनिवार को को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के लिए जोसी लॉटन ने (पांचवें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम की नंदिनी ने थोड़ी देर बाद ही आठवें मिनट में इसका जवाब देते हुए गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद पहले क्वार्टर के आखिर में भारतीय टीम की उप कप्तान हिना बानो ने (14वें) मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोलकरने के कई मौके भुना नहीं पायी। भारतीय टीम की रक्षापंक्ति ने ऑस्ट्रेलियाई हमलों को विफलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। भारतीय टीम की यह लगातार चौथी जीत है। भारतीय जूनियर महिला टीम अब 17 जून को नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

# इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच में सरफराज खान का शानदार शतक

● भारत ए ने बनाए 299/6, सिराज-कृष्णा को 2-2 विकेट

**बेकनहम, वार्ता।** बेकनहम में चल रहे इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच के दूसरे दिन सरफराज खान ने अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए मुख्य भारतीय टेस्ट टीम के खिलाफ धमाकेदार शतक जड़ा। 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 76 गेंदों में 101 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि जसप्रीत बुमराह के लिए यह दिन फीका रहा और वे 7 ओवर में एक भी विकेट नहीं ले सके।

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ए का स्कोर 299/6 था, जिसमें ईशान किशन 45 रन और शार्दुल ठाकुर 19 रन पर नाबाद हैं। दिन का सबसे बड़ा आकर्षण सरफराज का तूफानी शतक रहा, जिसमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल थे। अन्य खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का मौका देने के लिए उन्हें रिटायर्ड आउट कर दिया गया। इंग्लिश परिस्थितियों में सरफराज का यह प्रदर्शन उनकी प्रतिभा को मजबूती प्रदान करता है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में 92 रन बनाए थे। 20 जून से शुरू हो रही इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए सरफराज को टीम में जगह नहीं मिली है। ऋतुराज गायकवाड़ 2 गेंदों पर ही आउट हो गए पारी की शुरुआत में, भारत ए ने ऋतुराज गायकवाड़ का विकेट दो गेंदों पर खो दिया, जिन्हें मोहम्मद सिराज की गेंद पर ऋषभ पंत ने कैच किया। हालांकि, अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 और साई सुदर्शन ने 38 रन बनाए। दोनों टेस्ट टीम का हिस्सा हैं । सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को दो-दो विकेट मिले भारतीय गेंदबाजों में, सिराज (2/86) और प्रसिद्ध कृष्णा (2/41) ने उल्लेखनीय योगदान दिया, जबकि नितीश कुमार रेड्डी को एक विकेट मिला। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह प्रभाव नहीं छोड़ सके और 7 ओवर में 36 रन देकर विकेटविहीन रहे। अर्शदीप सिंह (12 ओवर में 0/52) भी कोई विकेट नहीं ले सके। पहले दिन भारत की बल्लेबाजी में कप्तान गिल व राहुल ने अर्द्धशतक जड़े।

# बोरसे-बाबूता की जोड़ी ने विश्वकप में जीता गोल्ड

● 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में पहले स्थान पर रहे, भारत तीसरे स्थान पर




**बर्लिन, वार्ता।** आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने बर्लिन में खेले जा रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन वर्ल्ड कप में भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। नार्वे के जीनेट हेग डयूस्टैड और जान-हरमन हेग ने ने। के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14 से हरा कर ब्रान्ज मेडल जीता।

भारतीय ने गोल्ड, चीन की जोड़ी ने सिल्वर और नार्वे की जोड़ी ने ब्रान्ज मेडल जीता। बोरसे और बाबूता क्वालिफिकेशन में 635.2 के साथ फाइनल में अपना स्थान पक्का किया बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ फाइनल के लिए स्थान पक्का किया। वह दूसरे स्थान पर रहे। बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर बनाया जबकि बोरसे ने 317.5 का स्कोर कर। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में, बोरसे ने पेरू के लीमा में वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर सिल्वर मेडल हासिल किया था। भारत पाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में भारत ने चार मेडल के साथ पाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने जहां 10 मीटर राइफल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीता, वहीं सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता। जबकि सिफ्ट कौर समरा और एलावेनिल वलारिवन ने अपने-अपने व्यक्तिगत इवेंट में ब्रान्ज मेडल जीते थे। भारत अब चीन (छह) और नार्वे (चार) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। चीन ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रान्ज मेडल जीते हैं, जबकि नार्वे ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रान्ज मेडल जीतकर पाइंट टेबल में टाप स्थान पर है।

## यूपी में केरल को हरा कर जीता स्वर्ण

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल की पुरुष टीम ने कोच्चि में खेले गए नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में केरल की टीम को 21-14 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश टीम इस राष्ट्रीय प्रतियोगता में अपराजित रही है। हर्ष डगर,कुशल सिंह,दिग्विजय सिंह और रिआंशू नेगी की टीम में यह थ्री ऑन थ्री नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अंडर 23 जीती। यूपी ने तेलंगाना को सेमी फाइनल में 19-17 से पराजित किया जबकि क्वार्टर फाइनल में यूपी ने मध्य प्रदेश को 21-14 से हराया था। 11 से 13 जून तक खेली गए टूर्नामेंट के लीग मैच में दिल्ली , मिजा. रम , गुजरात और गोवा को हरा कर यूपी टीम इस पूरी प्रतियोगता में अपराजित रही। इस वर्ष यह यूपी बास्केटबॉल टीम का राष्ट्रीय प्रतियोगताओं में दूसरा पदक है । इससे पहले सीनियर नेशनल थ्री ऑन थ्री बास्केटबॉल चैंपियनशिप पुरुष में रजत पदक जीत था।

## जेक फ्रेजर-मैकगर्क की तूफानी फिफ्टी

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** जेक फ्रेजर-मैकगर्क के 38 गेंदों में (88) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारी के बाद जेवियर बार्टलेट और हारिस राउफ (चार-चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को 32 रनों से हरा दिया।

जेक फ्रेजर-मैकगर्क शनिवार को खेले गए मुकाबले में 38 गेदों में 11 छक्के और दो चौके लगाते हुए (88) रनों की पारी खेलते अपनी टीम का स्कोर आठ विकेट पर 219 रन का स्कोर पहुंचाया। वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ सीजन के पहले मैच में 151 रन बनाकर एमएलसी इतिहास में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने वाले फिल एलन 27 गेंदो में 52 रन जड़कर अर्द्धशतक बनाया।

## राडुकानू ने बर्लिन ओपन से नाम लिया वापस

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू ने पीठ की समस्या के कारण सोमवार से शुरु हो रहे बर्लिन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। 22 वर्षीय खिलाड़ी फ्रेंच ओपन से पहले पिछले महीने स्ट्रासबर्ग में प्रतिस्पर्धा करने के बाद से पीठ की समस्या से जूझ रही हैं। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन ने शुक्रवार को क्वींस में झेंग किनवेन से क्वार्टर फाइनल में हारने के दौरान ऑफ-कोर्ट मेडिकल टाइमआउट लिया। राडुकानू ने कहा कि यह पिछले कुछ हफ्तों से चल रहा है, और मुझे पहले भी पीठ की समस्या हो चुकी है। यह मेरी कमजोरी है।

**खेल विशेष**

## प्रणति ने एशियाई जिम्नास्टिक्स में वॉल्ट में जीता कांस्य

**द. कोरिया, वार्ता।** भारत की प्रणति नायक ने एशियाई कलात्मक जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इस तरह उन्होंने महाद्वीपीय मीट के इतिहास में सबसे सफल भारतीय जिमनास्ट के रूप में अपनी पहचान और मजबूत कर ली है। जेचियन जिमनैजियम में प्रतिस्पर्धा कर रही 30 वर्षीय ओलंपियन ने 13-466 का संयुक्त स्कोर बनाया और चीन की झांग यिहान और वियतनाम की गुयेन थी क्विन न्हू के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। प्रारंभिक दौर में 13-083 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली नायक ने पदक दौर में अपने पहले वॉल्ट में 13-666 के स्कोर के साथ जोरदार शुरुआत की। हालांकि, 12-866 के दूसरे प्रयास में वह थोड़े निराशाजनक रहीं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। यह नायक का महिलाओं की वॉल्ट में तीसरा एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य है, जो उलानबटार (2019) और दोहा (2022) में उनके पिछले पोडियम फिनिश

# द. अफ्रीका की महिला टीम ने विंडीज को हराया

● एन म्लाबा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए , दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में 1-1 से बराबरी की

**केव हिल, वार्ता।** सुने लूस (76), नोंडुमिसो शंघासे (55) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद एन- म्लाबा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 40 रनों से हराया दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

वेस्टइंडीज की टीम ने शनिवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 16वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने लॉरा वुलफार्ट (28) को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। 19वें ओवर में ऐफी फ्लेकर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद नोंडुमिसो शंघासे और सुने लूस की जोड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 85 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने नोंडुमिसो शंघासे को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। नोंडुमिसो शंघासे ने 48 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (55) रनों की पारी खेली। मैरीजान कैप्प (32), सिनालो जाफ्टा(दो) रन बनाकर आउट हुई। 43वें ओवर में आलिया ऑलेन ने सुने लूस को आउट किया। सुने लूस ने 65 गें. दों में आठ चौकों की मदद से (76) रन बनाये। एनरी डर्कसन (37), क्लोई ट्राइऑन (28) फ्लेचर का शिकार बनी। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 309 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से एफी फ्लेचर ने चार विकेट लिए। हेली मैथ्यूज को दो विकेट मिले। करिश्मा रामहैरक और आलिया ऑलेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 310 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 50 ओवरों में 269 के स्कोर पर सिमट गई और 40 रनों से मुकाबला हार गई। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक (56) रनों की पारी खेली। शमैन कैंपबेल ने (53) रन बनाये। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे शिनेल हेनरी (39), जायडा जेम्स (18), जैनिलिया ग्लास्गो, स्टेफनी टेलर और किआना जोसेफ (17) रन बनाकर आउट हुई।




## जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: कमिंस

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया।

# धारदार हथियार से गला रेतकर की गई तांत्रिक की घर में हत्या

## पुलिस दे रही आरोपियों के घर दबिश, तंत्र क्रिया में बहन की मौत की रंजिश रखने वाले भाई सहित चार पर हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में एक दिलद. हलाने वाली घटना सामने आई है, घर में घुसकर एक तांत्रिक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई, घटना की वजह तांत्रिक क्रिया बताई जा रही है, घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ पुलिस के आला अधिकारी पहुँचे, मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया, घटना कुंदरकी थाना इलाके के हरियाना गाँव से है, बीती रात गुलाब सिंह अपने घर पर सो रहा था, गुलाब सिंह तांत्रिक क्रिया करके लोगों का इलाज करता है, बीती रात घर में घुसकर बदमाशों ने उसकी धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी है, गुलाब सिंह के शरीर पर अलग अलग पार्ट पर घात किया गया है, घटना के बाद परिवार में कोहरामउ मच गया, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मोके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया।

फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किये हैं, परिजनों का आरोप है गांव के पास के युवक की बहन का इलाज गुलाब सिंह ने तांत्रिक क्रिया से किया था, उस दौरान युवक की बहन की मौत हो गई, युवक को लगा कि उसकी बहन की मौत गुलाब सिंह के गलत इलाज करने से हुई है,



इसी रंजिश के चलते युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर गुलाब सिंह की हत्या की है, परि. जनों ने युवक को नामजद और



चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### एक सप्ताह में कुन्दरकी थाना इलाके में दूसरी हत्या

**कुन्दरकी।** हाल ही में थाना इलाके के नगर स्थित कन्या इंटर कॉलेज के पास एक युवती की कुछ लोगों ने गला रेतकर कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी की थी जिन्हें गिरफ्तार कर हत्या के मामले में जेल भेज दिया था।

1 सप्ताह बाद इस दूसरी हत्या की वारदात से लोगों में खौफ है। एक ही जैसी दो वारदात होने से यह दोनों घटनाएं क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि पुलिस ने एक घटना का खुलासा कर दिया है जबकि दूसरी घटना में शामिल लोगों की पुलिस तलाश कर रही है।

### लगभग दो सप्ताह पूर्व भी नानपुर के जंगल में मिला था मानव कंकाल

**कुन्दरकी।** थाना इलाके के आगरा नेशनल हाईवे स्थित नानपुर के जंगलों में लगभग दो सप्ताह पूर्व कुछ लोगों ने एक मानव कंकाल पड़ा हुआ देखा था जिसकी सूचना पुलिस को दी थी पुलिस ने मानव कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था हालांकि मानव कंकाल की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने उसकी जांच के लिए डीएनए रिपोर्ट कराई थी। एक महीने के भीतर इस तीसरी घटना से सनसनी फैली हुई है। एक के बाद एक हत्याओं से स्थानीय पुलिस पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

## योग शिविर में सिखाए जा रहे विभिन्न योगासन



**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एंव वूमेन प्राइड के द्वारा सीतारोड स्थित बिंदल फार्म हाउस में 11 दिवसीय योग शिवर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ 11 जून को किया गया। शिविर में प्रशिक्षित ट्रैनर श्रुति अग्रवाल ने विभिन्न प्रकार की बीमारियों को योग के द्वारा कैसे सही किया जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की और समझाया कि योग एक अद्भुत साधन है जो न केवल शरीर को लचीला बनाता है बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। योग के द्वारा हम अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचान सकते हैं और जीवन को एक नए दृष्टिकोण से देख सकते हैं। यह हमें संतुलन और आत्मविश्वास का एहसास कराता है जिससे हम अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। प्रशिक्षका ने शिवर के चौथे दिन भुजंगासन, शशांकासन, अश्व. संचलन आसन, पर्वतासन, मरझारी आसन और भ्रामरी प्राणायाम जैसे कुछ नए आसनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर डॉ सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, शुभा कागजी, अलका मंगल, शुभ्रा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, साधना, काव्या, प्रांसी, वंदना, नैना, निधि, मंजरी, पूजा, मानसी आदि उपस्थित रहीं।

## चुनावी रंजिश को लेकर बकरीद पर हुई मारपीट में14 के खिलाफ मुकदमा

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने गांव गौधी में बकरीद के दिन चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में पूर्व प्रधान के तीन बेटों समेत 14 लोगों के खिलाफ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है।एसएसपी को दी तहरीर में गांव गौधी निवासी जुल्फेकार पुत्र कल्लन ने कहा है कि बकरीद के दिन अपने बेटों परवेज, आफताब आलम, फरमान अली और नसीर अली के साथ गांव में इरफान पुत्र सुलेमान के घर पर आयोजित कार्यक्रम में जा रहा था। रास्ते में पूर्व प्रधान के बेटों इमरान,सरफराज, इरफान ने देखकर छींटाकशी शुरू कर दी। विरोध करने पर अपने साथियों साकिब,शमीम, फुरकान, नौशाद, निसार,जरीफ, इब्राहीम, जीलानी, मुख्तलिफ, मसकूर और अमन को बुला लिया। आरोपी कारखाने से सरिए लेकर आए और सभी को पीटकर मरा हुआ समझकर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

पीड़ित का कहना है कि थाना पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण तो करा लिया पर केस दर्ज नही किया। शनिवार की रात को पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रधान पुत्रों समेत 14 आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने इससे पहले भी पूर्व प्रधान पुत्र इमरान की तहरीर पर 12नामजद एवं 7अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। विवाद की वजह आगामी पंचायत चुनाव की रंजिश बताई जा रही है।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने में 8 के खिलाफ केस दर्ज

**भोजपुर।** गांव सरदार नगर अटरिया निवासी ग्रामीण ने रामपुर के थाना टांडा के गांव नगरी निवासी फुरकान के खिलाफ 22वर्षीय बहन को 12जून की रात को एक बजे बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में तहरीर दी है। ग्रामीण ने बहन को भगाकर ले जाने में सहयोग करने में हफीज,लतिफत,अलीना, शमशेर पप्पी खां एवं आरोपी के माता-पिता को नामजद किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो महिलाओं समेत 8के खिलाफ युवती को अगवा करने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर

### मकसद में कामयाब न हुआ तो महिला पर कर दिया हमला, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज

**कांठ।** घटना थाना छजलैट क्षेत्र के गांव की है वहां की रहने वाली लड़की का कहना है कि उसे पड़ोसी कपिल पुत्र टोनी परेशान करता रहता है उस पर बुरी नजर रखता है वह इज्जत के खातिर किसी से कुछ कह नहीं पाती 13 जून की रात करीब 8:00 बजे कपिल धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस गया बुरी नीयत से उस पर झपट पड़ा तथा कपड़े फाड़ने शुरू कर दिए इसका विरोध किया तो उसने सर व गले पर वार करके उसे घायल कर दिया शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए इन्होंने वामुश्किल आरोपी से बचाया इस दौरान उसने घर में भी काफी तोड़फोड़ की तथा जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़िता थाने पहुंची और थाना प्रभारी निरीक्षक को सारी जानकारी देकर हमलावर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की हैं।

### बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में क्राइम इंस्पेक्टर रामनरेश यादव ने किया ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**कांठ।** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में आज ताइक्वांडो के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें पहुंचे इंस्पेक्टर क्राइम रामन. रेश यादव ने कहा कि आज के समय में प्रत्येक छात्र एवं छात्रा को ताइक्वांडो सीखना चाहिए यह आत्मरक्षा के लिए एक हथियार भी है और खेल भी उन्होंने कहा कि खेलों से ना केवल स्वास्थ अच्छा रहता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है उन्होंने शिविर में आए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजना शर्मा ने कहा कि ताइक्वांडो अकाडमी के समर कैंप से खासकर बालिकाओं के अंदर आत्मरक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ेगा। बालि. काओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह समर कैंप प्रेरणादायक पहल है। ताइक्वांडो अकाडमी के कोच हर्ष शर्मा ने इसके इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी भावेश शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में आत्मरक्षा ना केवल विकल्प है।

बल्कि आवश्यकता है माध्यम है कार्यक्रम में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले सभी खिलाड़ियों का तालियो के साथ स्वागत किया गया सभी अतिथियों एवं मुख्य कोच रितिका शर्मा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुशील कुमार चौहान प्रधानाचार्य अंजना शर्मा अनिल शर्मा देवेंद्र बिश्नोई आकाश शर्मा हर्ष शर्मा सुनीता शर्मा माया बिश्नोई पलक शर्मा सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

### नीट-2025 परीक्षा परिणाम घोषित छात्रों को मिली सपनों की मंजिल

**चन्दौसी।** नीट परीक्षा-2025 का परिणाम जारी हो चुका है। 14 जून को एनटीए द्वारा नीट परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। इस वर्ष करीब 22 लाख छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया था। जैसे ही परिणाम जारी हुआ तो छात्रों ने अपना-अपना परिणाम देखना शुरु कर दिया। परिणाम से कोई तो हताश हुआ तो कोई प्रसन्न। बता दें कि नीट परीक्षा का आयोजन पूरे देश में 04 मई को हुआ था। परिणाम के बाद छात्रों के चेहरे पर खुशी और निराशा दोनों देखने को मिली। कुछ छात्रों ने कोचिंग संस्थानों और ऑनलाइन संसाधनों की मदद को अपनी सफलता का श्रेय दिया, वहीं कुछ छात्रों ने पेपर के कठिन स्तर की शिकायत भी की। चन्दौसी के अर्पित पाठक पुत्र डा. ए.के. पाठक एवं अर्चना पाठक द्वारा नीट-2025 परीक्षा में कुल 563 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 6713 हासिल की है। अर्पित ने बताया कि बहुत ही परिश्रम के बाद उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल किया है। बता दें कि अर्पित ने अपनी 10वीं की परीक्षा चंदौसी के सेक्रेड हार्ट स्कूल से उत्तीर्ण करने के बाद अपनी 12वीं की पढ़ाई दिल्ली से की थी। फिलहाल बेटे की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है।

### विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजिल




**चन्दौसी।** रविवार को प्रात: 07 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंदौसी नगर की सुभाष शाखा के स्वयंसेवक सपरिवार वन विहार कार्यक्रम के लिए जे0पी0 घाट अनूपशहर और हरि बाबा धाम के लिए गए। गंगा घाट पर स्वयंसेवकों ने गंगा स्नान करने के उपरांत शाखा लगाई और देश की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंतन किया। अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति हेतु 02 मिनट का मौन रखकर मां गंगा से विशेष प्रार्थना की। वहां से हरि बाबा बांध पहुंचकर सभी ने वहां चलने वाले अखंड कीर्तन में भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नगर कार्यवाह उदय, नगर प्रचार प्रमुख डा0 विवेक, विक्रम, गोपाल, तरुण नीरज, सुशील, आशीष, मुदित, अनिल, बृजकिशोर, दिवाकर, सरजू, श्याम का सहयोग रहा।

## सड़क चौड़ीकरण को लेकर हटाए गए पेड़



**चन्दौसी।** मालगोदाम रोड स्थित 35बी रेलवे फाटक पर सड़क के चौहड़ीकरण का कार्य चल रहा है। सड़क को दोनों ओर से चौड़ा किया जा रहा है। साथ ही सड़क के किनारे पेड़ों को भी हटाया गया है। शनिवार को जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व एसपी के0के0 बिश्नोई द्वारा सड़क निर्माण को देखा। जिलाधिकारी ने रविवार तक पेड़ों को हटाने के लिए कहा जिसका असर साफ दिखाई दिया। रविवार को पीडब्ल्यूडी एवं रेलवे द्वारा पेड़ों को हटाने का कार्य शुरु किया गया। अब 35बी रेलवे फाटक का रास्ता काफी चौड़ा नजर आ रहा है और सड़क तैयार की जा रही है।

## बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने थाना भगतपुर के गांव चूहानगला निवासी आसिम पुत्र छिददा की तहरीर पर अज्ञात प्लेटिना बाइक चालक के खिलाफ वादी के भाई अनवर,भांजे हमजा और पिता को घायल कर भाग जाने के आरोप में केस दर्ज किया है। ग्रामीण ने तहरीर में कहा है कि 11जून को भाई अनवर बाइक पर पिता और भांजे को लेकर भोजपुर में कान की दवाई लेने जा रहा था। भोजपुर रेलवे क्रासिंग के निकट तेज गति से आ रहे प्लेटिना बाइक चालक जिस पर तीन सवारियां बैठीं थीं लापरवाही से भाई की बाइक में टक्कर मारकर गांव रानी नांगल दिशा को भाग गए। घायलों का उपचार महानगर में चल रहा है। केस की विवेचना उप निरीक्षक रजनीश पंवार कर रहे हैं।

## सीएचसी में सफलतापूर्वक हो रहीं ऑपरेशन डिलीवरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन डिलीवरी सफलता पूर्वक की जा रही हैं। इसी क्रम में रुस्तम नगर सहसपुर गांव के मुजीब की पत्नी रुखसाना की ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी कराई गई तो उसने 4 किलो 340 ग्राम बजनी स्वस्थ बेटी को जन्म दिया जिससे अस्पताल के स्टाफ ने भी संतोष व्यक्त किया। ऑपरेशन डॉ रेशमा वजाहत और एनेस्थीसिया के डॉ दुर्गेश्वर प्रसाद ने सफलतापूर्वक किय चिकित्सा अधीक्षक डॉ हरिश्चंद्रा ने बताया कि यह डिलीवरी निर्धारित समय के जीतने के उपरांत हुई है इसलिए हमने



बच्चे को एसएनसीयू में भर्ती किया है बच्चा ठीक है उन्होंने बताया कि हम नॉर्मल डिलीवरी वाले बच्चे को भी एसएनसीयू में रखते हैं ताकि आगे कोई दिक्कत नहीं आए इससे अस्पताल के स्टाफ और मुजीब के परिवार में खुशी है कि पहले जिस कार्य के लिए मुरादाबाद जाना पड़ता था वह सुविधा अब बिलारी में ही उपलब्ध हो रही है।

## गोवर्धन भगवान का कथा प्रसंग प्रभावी ढंग से सुनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के शिव मंदिर बच्चा बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने गोवर्धन भगवान का प्रसंग बड़े ही प्रभावी ढंग से सुनाया गोवर्धन भगवान को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए और उनसे सदैव रक्षा करने की प्रार्थना की गई। कथा प्रसंग में सुनाया की गोकुल वासियों से इंद्र कुपित हो गए तब उन्होंने सबक सिखाने की ठानी और अति वृष्टि के रूप में प्रकोप आरंभ कर दिया ऐसे में गोकुल वासी परेशान हुए तब उन्होंने भगवान कृष्ण से सुरक्षा करने की विनती की तब कृष्ण जी ने अपनी एक उंगली पर ही गोवर्धन पर्वत को उठाकर गो.



कुल वासियों के ऊपर छाते की तरह तान दिया और उनकी सुरक्षा की। तब से गोवर्धन की पूजा होने लगी आज बड़ी संख्या में गोवर्धन की परिक्रमा की जाती है। कहते हैं कि देवलोक से देवात्माएं भी विभिन्न वेश धारण कर गोवर्धन भगवान की परिक्रमा कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं। इसके उपरांत श्री कृष्ण का गोपियों के संग यमुना किनारे महारास लीला का बड़े ही सुंदर ढंग से वर्णन किया। व्यास जी ने कहा हजारों गोपियों ने सांसारिक भगवान कृष्ण को ही अपना पति मानकर अपना सुहाग अमर कर लिया। रास में प्रत्येक गोपी के साथ कृष्ण जी दिखाई दे रहे हैं। कथा प्रसंग के माध्यम से कहा की पत्नी के लिए पति ही उसका परमेश्वर है उसका सच्चे मन से आदर और सेवा करनी चाहिए क्योंकि उनके लिए पतिव्रत धर्म ही सर्वोपरि है। रानी मीराबाई में रानी बनने के बाद भी उनमें सतोगुण प्रधान रहा और उन्होंने कृष्ण जी को ही अपना पति मान लिया परिवार और समाज में उनका जितना विरोध होता गया वह उतनी ही कृष्ण जी के निकट होती गई होती गई। मैं उतनी ही कृष्ण के निकट होती गई।

कथा में सीतांशु दीक्षित,मुन्ना श्रोत्रिय, मोहनलाल शर्मा,कुलदीप सक्सेना लव कुमार गुप्ता ताराचंद शर्मा अखिलेश मिश्रा चकित मिश्रा शकुन मिश्रा आदि रहे।

## अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगत लोगों को दी श्रद्धांजलि



**चन्दौसी।** जायट्स ग्रुप वुमेन शिखर और संकल्प ग्रुप द्वारा श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया जिसमें अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगत हुए यात्रियों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलित दी गई। इस दौरान अध्यक्ष शोभा शर्मा, शिवानी शर्मा, नीतू रस्तोगी, शीनू शर्मा, नंदिनी अग्रवाल, सुनीता शर्मा, नीरू सिंह, सीमा, सुप्रिती गुप्ता, शालिनी शर्मा, नूतन अग्रवाल, शिखा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

## 11 वीं व 12 वीं के विद्यार्थी भी करा सकेंगे इंस्पायर अवॉर्ड में पंजीकरण

**कुंदरकी।** बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय इंस्पायर अवार्ड मानक योजना चला रहा है। इसमें पहले कक्षा 6 से 10 तक के ही विद्यार्थियों का पंजीकरण होता था, किन्तु इस सत्र से कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राएं भी शामिल हो सकेंगे। इंस्पायर अवार्ड में पंजीकरण की शुरुआत 15 जून से हो रही है । इसमें चयनित विद्यार्थी के नवाचारी आईडिया को मॉडल तैयार करने के लिए मंत्रालय की ओर से 10 हजार रुपये दिए जाते हैं। नोडल प्रभारी बबिता मेहरोत्रा ने बताया कि पहले कक्षा 6 से 10वीं के विद्यार्थियों को ही पंजीकरण का मौका मिलता था लेकिन इस साल से इसमें भी नवाचार किया जा रहा है। इस बार इसमें कक्षा छह से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकेंगे।आवेदन के लिए पोर्टल 15 जून से 15 सितंबर तक खुला रहेगा। छात्र-छात्राएं शिक्षकों की मदद से नवाचारी आईडिया को लेकर पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय से पांच पंजीकरण अनिवार्य हैं। इस संबंध में सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पंजीकरण कराने वाले छात्र-छात्राएं अपना खाता अपडेट रखें। बबिता मेहरोत्रा ने बताया कि वर्ष 2023- 24 एवं 2024-25 की जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन 26 जुलाई को होगा।

सभी चयनित विद्यार्थी अपने मॉडल की तैयारी अपने गाइड टीचर के मार्गदर्शन में प्रारंभ कर दें।

इस प्रदर्शनी से विद्यार्थी राज्य स्तर के लिए चयनित होंगे।

## शिव-पार्वती रसोई परिवार के तत्वावधान में निशुल्क भोजन का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रकाश नगर चौराहे पर शिव पार्वती रसोई परिवार की और आलू टमाटर चावल और जल वितरण किया गया संस्था के अध्यक्ष और संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट द्वारा बताया गया है।

इस अवसर पर संस्था की ओर से अर्जुन सिंह अंकुर यादव सुनीत अग्रवाल बिट्टू कश्यप योगेश भारती राहुल शर्मा राजकुमार विवेक गुप्ता ओम प्रकाश सिंह पारस त्यागी कपिल गुप्ता आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। शिव पार्वती रसोई का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है जिसमें निशुल्क भर पेट भोजन के साथ साथ फल और मिष्ठान भी वितरण की व्यवस्था रहती है और संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को फ्री मेडिकल कैंप का भी




आयोजन किया जाता है और आने वाले समय में इस संस्था द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे। संस्था का उद्देश्य व मूल वाक्य है। 'अन्न है सभी के लिए' पुष्प यादव अध्यक्ष शिव पार्वती रसोई परिवार।

# सम्पादकीय

सोमवार, 16 जून 2025

## डब्ल्यू-डब्ल्यू 3 की आहट

क्या दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की तरफ बढ़ रही है। जिस तरह इजरायल व ईरान एक–दूसरे पर भयानक व विनाशकारी हमले कर रहे हैं और यह सिलसिला पिछले तीन दिन से लगातार जारी है, उसको देखकर यह आशंका प्रबल हो चली है कि यह संघर्ष तीसरे विश्वयुद्ध को जन्म दे सकता है। यह आशंका यूं ही नहीं है। एक तरफ जहां इजरायल के साथ अमेरिका सीना तानकर खड़ा है और पश्चिमी देश भी इजरायल को सहयोग करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ रूस, चीन, उत्तर कोरिया जैसे देश लामबंद होते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि ऐसे देश भी हैं, जो दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील कर रहे हैं, लेकिन यह अपील कोई कारागर होती दिखाई नहीं दे रही है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इजरायल–ईरान संघर्ष को लेकर लगभग 50 मिनट की बातचीत भी टेलीफोन पर हो चुकी है, जिसमें दोनों नेताओं ने चिंता जताई और इस युद्ध पर कैसे लगाम लगाई जाए, इस पर चर्चा की है, लेकिन उसका नतीजा भी अभी तक जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है। युद्ध कितना भयावह हो चला है, इसका अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि ईरान व इरायल दोनों के बड़े शहरों में इस समय मौत का तांडव मचा है और चारों तरफ वहां आग ही आग और धमाके सुनाई दे रहे हैं। मिसाइलें ऐसे बरस रही हैं जैसे कोई आतिशबाजी हो रही हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मौजूदा हालात में जिस तरह का वातावरण बना है, उसके लिए इजरायल पूरी तरह जिम्मेदार है। ऐसे समय में जब अमेरिका व ईरान के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता चल रही थी और उस वार्ता का छठां दौर रविवार को होना था, उससे पहले ही ईरान पर हमले का कोई मतलब नहीं बैठता। यही कारण है कि कई जानकार लोग यह मानते हैं कि ईरान को बातचीत में उलझाकर बड़ी चालाकी के साथ ईरान पर हमला बोला और उसके कई वैज्ञानिक, सैन्य कमांडर सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमले बोले। स्थिति कितनी विचित्र है कि डोनाल्ड ट्रम्प अपने बयानों से कई विरोधाभास पैदा कर रहे हैं। एक तरफ कहते हैं कि अगर ईरान को महाविनाश से बचना है, तो उसे परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करना ही होगा। नहीं तो उसका कुछ भी नहीं बचेगा। दूसरी तरफ कहते हैं कि अमेरिका का ईरान पर हमले से कोई लेना–देना नहीं है और वह ईरान को चेतावनी भी देते हैं कि वह अमेरिकी हितों पर हमला करने की गलती न करे। नहीं तो उसका अंजाम अच्छा नहीं होगा। जबकि ईरान साफ कर चुका है कि जो भी इजरायल को समर्थन करेगा, वह भी उसको अपने दुश्मन के रूप में ही लेगा और उस पर सीधे सैन्य कार्रवाई करेगा। जाहिर है यह पूरा परिदृश्य विश्व पटल पर बड़ी भयावह तस्वीर पेश कर रहा है, क्योंकि भले ही देखने में यह संघर्ष ईरान व इजरायल के बीच हो रहा है, लेकिन अगर बात आगे बढ़ती है जो कि बढ़ती दिखाई भी दे रही है, तो यह पूरी दुनिया को प्रभावित करेगी। ऐसे में यह पूरी दुनिया की भी जिम्मेदारी बनती है कि मध्य पूर्व में तनाव कम करने के लिए वह आगे आए, क्योंकि इस समय जिस तरह के हालात हैं, अगर यह यहां नियंत्रित नहीं होते तो चीजें हाथ से निकल भी सकती हैं।


## हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे



केंद्र की मोदी सरकार में देश सुरक्षित हुआ है, पहले 11 जिलों में नक्सलवाद हावी था, आज सिर्फ तीन जिले बचे हैं, मेरी बात याद रखना 31 मार्च 2026 को हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे, कांग्रेस शासन में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे, मोदी के शासन में तीन बार प्रयास हुआ, उरी में हमला किया, तो सर्जिकल स्ट्राइक किया, पुलवामा किया, तो हमने एयर स्ट्राइक किया, पहलगाम में हमला किया तो ऑपरेशन सिंदूर से हमने उनके मुख्यालय को जमीन में मिला दिया, जहां पर बैठकर वो इंटरव्यू देते थे, वहां से रोने के उनके वीडियो सामने आ रहे हैं।

–अमित शाह
केंद्रीय गृहमंत्री

## इस्लामी इतिहास का एक महत्वपूर्ण पर्व है ईद-ए-गदीर





कमर अब्बास

दुनिया के तमाम इलाही मजाहिब, एक परवरदिगार के अलावा किसी की इबादत करने को गुनाह करार देते हैं। तमाम मजाहिब में इलाही कानून को समझाने के लिए मुखतलिफ शख्सियात का जिक्र तारीखी किताबों में मिलता है जिन्होंने उस मजहब के कानूनों के मुताबिक जिन्दगी गुजार कर अपने वक्त और आने वाले वक्त के आम इंसानों के लिए राहे अमल तैयार की। इस्लाम में ऐसी शख्सियात की फेहरिस्त में सबसे अव्वल और आलातरीन नाम हुजूर मुहम्मद मुस्तफा (स.) का है जिन्होंने अरब के अंधेरे को ताकयामत दिन के उजाले में तब्दील कर दिया। अरब में फैली तमाम जहालत को दूर करके, इल्म और अमल की बाकमाल ताकत से दुनिया को आशना कराया। इस फेहरिस्त में दूसरा नुमायां नाम हजरत अली का है जिन्होंने हुजूर के ऐलान यह नबुव्वत से पहले ही आपकी गोद में परवरिश पाई और इस्लामी कानूनों के अमल को ना सिर्फ दुनिया में उरूज पाते देखा बल्कि उस परवाज का हिस्सा भी रहें। हुजूर (स.) से आपकी नजदीकी का यह आलम था कि हुजूर (स.) ने खुद को शहरे इल्म और अली को उस शहर का दरवाजा करार दिया यानी जिसे हुजूर स. के इल्म तक पहुंचना है उसे दरवाजे यानी अली से होकर गुजरना होगा। इसी तरह एक और जगह हुजूर स. ने खुद को और अली को एक ही नूर के दो टुकड़े करार दिया।

इस नजदीकी का नुकता यह कमाल, हुजूर स. की जिन्दगी के पहले और आखिरी हज से वापसी के दौरान मैदान यह खुम में दिया गया खुतबा है जिसमें आप ने हाजी सहाबियों की कसीर तादाद के सामने अल्लाह की हम्द के बाद अपनी हैसियत बयान की फिर वहां मौजूद तमाम लोगों से अपनी सरपरस्ती, हुकूक ओ विलायत का इकरार लिया। हाजरीन ने अली को मुबारकबाद पेश की और उनकी विलायत का इकरार किया। इस मौके को गदीर ए खुम के नाम से जाना जाता है। इस तारीख को लिखने का सबब जहां एक तरफ 18 जिल्हिज को यौमे गदीर को ईद–ए–गदीर के तौर पर याद करते हुए आप सब को मुबारकबाद पेश करना है वहीं दूसरी तरफ यह भी याद दिलाना है कि इस्लाम की इन दोनों आलातरीन शख्सियात ने हम्द यह खुदा के साथ–साथ इल्म और अमल की कसरत से तालीम दी है। दोनों की बशरी जिन्दगी जहां एक तरफ इंसानियत की खिदमत को अव्वलतरीन दर्जा देती है वहीं दूसरी तरफ जुल्म और बातिल की खुली मुखालफत को भी पहला फर्ज करार देती है।

इस्लाम का बुनियादी कलमा ला यानी इंकार से शुरू होता है जो किसी भी झूठ की खुली मुखालफत है। इसी ला की वजह से आप दोनों और आपकी नस्लों ने बेशुमार परेशानियों और मजालिम का सामना किया लेकिन कभी बातिल से दोस्ती तो दूर कभी राजी भी नहीं हुएं। ऐसी शख्सियात को जिन्दगी का रोल मॉडल मानने का दावा करने वाली कौम के चमकते चेहरे माने जाने वाले लोग आज बातिल से ना सिर्फ राजी हैं बल्कि उससे दोस्ती को फख्र का सबब समझने लगे हैं। बातिल की तमाम निशानियां जैसे तड़क भड़क का दिखावा, गरीबों और कमजोरों पर जुल्म, कुफ्र की ताकतों की तारीफ, दौलत को ईमान पर तरजीह देना, जिस्मानी मेहनत को कमतर समझना, झूठी तारीफों से खुश होना वगैरह, आज कौम में आम हो चुकी हैं। इसलिए ईद ए गदीर मनाते हुए हम सब अपने अपने गिरेबान में झांककर ईमानदारी से वो सिफात तलाश करें जो इस्लाम की आलातरीन शख्सियात ने अपने चाहने वालों में होने को वाजिब बताया है और अगर कोई कोताही पाएं तो उसे दूर करके उन सिफात को अपनी जिन्दगी में उतारने की कोशिश करें वरना याद रखिए यह ईद भी रस्म होगी और आने वाला मुहर्रम भी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बातिल के सामने न झुकने का पर्व है ईद-ए-गदीर

इस्लाम धर्म के इतिहास में कई महत्वपूर्ण घटनाएं घटित हुई हैं, जिनका व्यापक प्रभाव मुसलमानों की धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक दिशा में पड़ा है। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण घटना है ईद–ए–गदीर, जिसे शिया मुसलमान बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। यह दिन पैगम्बर हजरत मोहम्मद (स.अ.) द्वारा अपने चचेरे भाई और दामाद हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करने की स्मृति में मनाया जाता है। यह घटना इस्लामी इतिहास की सबसे निर्णायक घटनाओं में से एक मानी जाती है।

**गदीर का ऐतिहासिक प्रसंग**

गदीर एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ है जलाशय या तालाब। गदीर–ए–खुम वह स्थान है जहां यह ऐतिहासिक घटना घटी। हिजरी 10वीं वर्ष (632 ई.) में हज के अवसर पर, पैगम्बर मोहम्मद (स.अ.) ने अंतिम हज (हजतुल विदा) किया। जब वह मक्का से लौट रहे थे, तो गदीर नामक स्थान पर (जो मक्का और मदीना के बीच स्थित है) उन्होंने एक बहुत बड़ा जनसमूह एकत्र किया। यह लगभग 1,20,000 लोगों की भीड़ थी। इस जनसमूह के सामने उन्होंने एक ऐतिहासिक भाषण दिया, जिसे खुत्बा–ए–गदीर कहा जाता है। इसी भाषण में उन्होंने हजरत अली का हाथ उठाकर कहा घोषणा की। यह घोषणा केवल आत्मीयता या निकटता का प्रतीक नहीं थी, बल्कि एक आधिकारिक उत्तराधिकार का स्पष्ट संकेत था। इस घोषणा के बाद पैगम्बर ने हजरत अली का हाथ उठाया और उन्हें नेतृत्व सौंपा।

**हजरत अली का व्यक्तित्व**

हजरत अली न केवल पैगम्बर के दामाद थे, बल्कि वह एक महान योद्धा, न्यायप्रिय खलीफा, विद्वान और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनके कथन और कार्य आज भी न्याय, ईमानदारी, और नेतृत्व के प्रतीक माने जाते हैं।

**ईद–ए–गदीर का वर्तमान संदर्भ**

आज जब दुनिया में धार्मिक मतभेद और सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहे हैं, ईद–ए–गदीर का संदेश हमें एकता, नेतृत्व में पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों की याद दिलाता है। यह पर्व एक प्रेरणा है कि समाज में नेतृत्व योग्यता, चरित्र और ईश्वर की मरजी के अनुसार चुना जाना चाहिए। ईद–ए–गदीर, विशेष रूप से शिया मुसलमानों के लिए, एक बहुत ही बड़ा धार्मिक पर्व है। यह दिन–

1. इमामत की स्थापना का दिन है।
2. नेतृत्व की आधिकारिक घोषणा का दिन है।
3. विलायत (नेतृत्व) और तौहीद (एकेश्वरवाद) के परिप्रेक्ष्य में एकता का संदेश देता है।

(एस. आर. ज़ैदी)

## राफेल गिराने का दावा, डसॉल्ट ने पाक को लताड़ा

**भारत ने अभी तक ऑपरेशन के दौरान विमानों के नुकसान का विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, एयर मार्शल ए.के. भारती, महानिदेशक एयर ऑपरेशन्स ने ११ मई को प्रेस ब्रीफिंग में इसी तरह के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने मिशन की सफलता पर जोर देते हुए कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। हारना युद्ध का ही एक हिस्सा है। भारती ने कहा, आपको यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या हमने आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का अपना उद्देश्य हासिल कर लिया है।**



अक्षत श्रोत्री

शायद कोई ही ऐसा दिन जाता होगा जब दुनिया भर में पाकिस्तान अपनी बेइज्जती ना करवाता हो। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। डसॉल्ट एविएशन के सीईओ एरिक ट्रैपियर ने पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर दिया है कि पिछले महीने हुए संघर्ष के दौरान भारत ने राफेल जेट खो दिए थे, उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद ने जो कहा वह ष्गलतष् है। डसॉल्ट एविएशन राफेल जेट बनाती है, जो भारतीय वायु सेना का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान है।

फ्रांसीसी पत्रिका चैलेंजेस से बात करते हुए ट्रैपियर ने पाकिस्तान के इस दावे का खंडन किया कि 7–10 मई को भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच संघर्ष के दौरान तीन राफेल जेट विमानों को मार गिराया गया था। टकराव के दौरान भारत के कम से कम एक राफेल के नुकसान के बारे में रिपोर्ट के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, ट्रैपियर ने कहा, भारतीयों ने संवाद नहीं किया है, इसलिए हमें ठीक से नहीं पता कि क्या हुआ। हम पहले से ही जानते हैं कि पाकिस्तानी जो कह रहे हैं वह गलत है। उन्होंने हवाई युद्ध के परिणामों पर परिप्रेक्ष्य जोड़ते हुए इस बात पर बल दिया कि किसी सैन्य मिशन की सफलता का आकलन केवल क्षति की अनुपस्थिति से नहीं किया जा सकता। जब आप लड़ाकू विमान उड़ाते हैं, तो आप एक मिशन को अंजाम दे रहे होते हैं।

मिशन की सफलता शून्य नुकसान नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पूरा होना है। डसॉल्ट के सीईओ ने एक ऐतिहासिक समानता बताई द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, यह नहीं कहा गया था कि मित्र राष्ट्र इसलिए युद्ध हार गए क्योंकि उन्होंने अपने सैनिक खो दिए थे। ट्रैपियर ने कहा, हम देखेंगे कि क्या कोई नुकसान हुआ और क्या युद्ध के उद्देश्य पूरे हुए। जब सच्चाई सामने आएगी तो कुछ लोग हैरान हो सकते हैं। इस्लामाबाद ने पहले दावा किया था कि उसने 7 और 10 मई को छह भारतीय विमानों को मार गिराया था। यह शत्रुता भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुई थी, जिसमें पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

भारत ने अभी तक ऑपरेशन के दौरान विमानों के नुकसान का विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, एयर मार्शल ए.के. भारती, महानिदेशक एयर ऑपरेशन्स ने 11 मई को प्रेस ब्रीफिंग में इसी तरह के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने मिशन की सफलता पर जोर देते हुए कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। हारना युद्ध का ही एक हिस्सा है। भारती ने कहा, आपको यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या हमने आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का अपना उद्देश्य हासिल कर लिया है। इसका उत्तर स्पष्ट रूप से हां है। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त कीं। सिंगापुर में शांगरी–ला डायलॉग में बोलते हुए चौहान ने पाकिस्तान के दावों को बिल्कुल गलत बताया। हालांकि उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि संघर्ष के शुरुआती दौर में भारतीय जेट विमान गिराए गए थे, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने या उनमें राफेल शामिल थे या नहीं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या राफेल अब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमानों में से एक है, तो ट्रैपियर ने लड़ाकू जेट की विश्वसनीयता पर दृढ़ता से अपना पक्ष रखा। ष्मुझे लगता है कि राफेल वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा विमान है, एफ–35 से बेहतर है और बाजार में मौजूद सभी चीनी विमानों से कहीं बेहतर है। माना कि एफ–22 जैसे विमानों के साथ सीधे मुकाबले में राफेल को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उन्होंने इसकी बहुमुखी प्रतिभा पर जोर दिया। यह कहना हमेशा जटिल होता है कि हम पूर्ण रूप से सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मैं ईमानदारी से सोचता हूं कि हम समझौता करने में सर्वश्रेष्ठ हैं। मान लीजिए कि आप एक ऐसा विमान चाहते हैं जो हवा से हवा में मिशन, टोही, हवा से जमीन पर हमला, परमाणु मिशन और विमानवाहक पोत पर चढ़ने में सक्षम हो। उस स्थिति में, मुझे लगता है कि राफेल वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा विमान है। (ये लेखक के निजी विचार हैं)

## एआई के सामने क्या भारत का सरकारी तंत्र तैयार है





फहीम तन्हा

आज जब पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानि एआई की नई क्रांति की ओर बढ़ रही है, भारत भी इस दौड़ में पीछे नहीं है। बड़े शहरों में तो स्टार्टअप, तकनीकी संस्थान और कॉर्पोरेट ऑफिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जादू को अपने काम का हिस्सा बना रहे हैं। चैट–जीपीटी और ग्रोक जैसे टूल्स और मशीन लर्निंग आधारित एप्लिकेशन दिन–प्रतिदिन लोकप्रिय होते जा रहे हैं। दुनियाभर में ओपन एआई ने चैट–जीपीटी और एक्सएआई ने ग्रोक जैसे बहुत रोचक, रोमांचक एआई टूल दे दिए हैं, जो हर समस्या का समाधान सुझाने के लिए प्रसिद्धी पा रहे हैं, लेकिन क्या यही बदलाव देश के ग्रामीण इलाके, किसान, सरकारी कर्मचारी और शिक्षकों तक पहुंच रहा है या एआई केवल शहरों का ही फेमस शो बनकर रह जाएगा? यह सवाल बहुत बड़ा है क्योंकि भारत की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी आज भी गांवों में रहती है और इनके बिना भारत का विकास पूरा नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत में अभी भी कई मूलभूत समस्याएं जमी हुई हैं। बिजली की अनियमितता, कमजोर इंटरनेट कनेक्शन, कम डिजिटल साक्षरता और पुराने प्रशासनिक सिस्टम। ऐसे में जब देश एक डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग में प्रवेश कर रहा है, तो क्या यह लाखों गांव, छोटे कस्बे और सरकारी दफ्तर इसकी जटिलताओं को समझ और अपना सकते हैं?

कहा जा सकता है कि सरकार बड़े उत्साह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अथवा कृत्रिम बुद्धिमता आधारित योजनाएं और नीतियां पेश कर रही है पर उनका जमीनी क्रियान्वयन, खासकर गांवों में, फिलहाल संतोषजनक नहीं माना जा सकता है। उदाहरण के लिए, भारत में अब भी लगभग 40 फीसदी ग्रामीण इलाकों में तेज इंटरनेट उपलब्ध नहीं है। सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर की संख्या बेहद कम है, और उनमें भी प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं। ऐसे हालात में ।प्की शिक्षा और उसका इस्तेमाल कठिन है।

**ऐसे मिलेगा किसानों को फायदा**

किसानों के लिए एआई यानी इस कृत्रिम बुद्धिमता में अपार संभावनाएं हैं, जैसे बेहतर फसल पूर्वानुमान, स्मार्ट सिंचाई, मिट्टी का विश्लेषण, और कीट नियंत्रण के डिजिटल समाधान, लेकिन ज्यादातर किसान न तो स्मार्टफोन के नियमित उपयोगकर्ता हैं और न ही एआई से जुड़े एप्लिकेशन की समझ रखते हैं। भारत में 70 फीसदी से अधिक किसान 10वीं कक्षा से भी कम पढ़े–लिखे हैं, जो डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल में बाधा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्थानीय भाषाओं में और सरल तरीके से किसानों तक पहुंचाना नितांत आवश्यक है, नहीं तो यह तकनीक उनके लिए दूर की कौड़ी ही रहेगी।

सरकारी तंत्र भी एआई अपनाने में अभी काफी पीछे है। आज भी सरकारी विभागों में फाइलों का पहाड़ और मैन्युअल कामकाज चलता है। कई बार नई तकनीकें लागू होने के बावजूद कर्मचारियों को उनकी पूरी ट्रेनिंग नहीं मिल पाती। डिजिटल गवर्नेंस तभी सफल हो सकती है जब प्रशासन के हर स्तर पर लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टूल्स का सही ज्ञान और प्रयोग करना आए। शिक्षा के क्षेत्र में भी एआई की पहुंच सीमित है। जहां बड़े शहरों के तकनीकी संस्थान कृत्रिम बुद्धिमता के बारे में छात्रों को आधुनिक शिक्षा दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण स्कूलों में यह एक सपना जैसा है। नई शिक्षा नीति NEP 2020 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात हुई है पर सरकारी स्कूलों में अभी भी डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षित शिक्षकों की भारी कमी है। बिना आधारभूत डिजिटल शिक्षा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई व्यर्थ होगी।

एआई के बढ़ते प्रभाव से नौकरियों को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। अनुमान है कि आने वाले दशक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन कई पारंपरिक नौकरियां खत्म कर सकता है, खासकर डाटा एंट्री, क्लर्क, कॉल सेंटर जैसे काम। यह चिंता योग्य है, क्योंकि भारत में लाखों लोग ऐसे कामों पर निर्भर हैं। इसके अलावा, डेटा प्राइवेसी और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दे भी गांव के आम लोगों के लिए नए और समझ से बाहर हैं। इसको आप इस तरह भी समझ सकते हैं कि इस लेख को तैयार करने में भी एआई टूल चौट–जीपीटी की काफी मदद ली गई है।

**कुछ अहम कदम उठाने होंगे जरूरी**

अगर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सफलतापूर्वक भारत के हर हिस्से में फैलाना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर जन जागरूकता और प्रशिक्षण अभियान जरूरी हैं। यह अभियान स्थानीय भाषाओं में होना चाहिए ताकि हर कोई इसका फायदा समझ सके। सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और किसानों को एआई के फायदों और सीमाओं की जानकारी देना अनिवार्य होना चाहिए। इसके साथ ही, स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा को प्रयोगात्मक और व्यवहारिक बनाना होगा ताकि छात्र इसे सिर्फ पढ़ाई तक सीमित न रखें बल्कि जीवन में इस्तेमाल कर सकें।

यह भी जरूरी है कि एआई की नीति बनाते समय सिर्फ तकनीकी विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि सामाजिक वैज्ञानिक, ग्रामीण प्रतिनिधि और आम जनता की भी राय ली जाए। इससे नीति ज्यादा प्रभावी और समावेशी बनेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत के विकास के लिए एक बड़ी शक्ति हो सकती है, बशर्ते हम इसे पूरे देश के लिए बराबर अवसर के साथ उपलब्ध कराएं। सिर्फ शहरों और बड़े उद्योगों तक सीमित रहने पर यह तकनीक नई सामाजिक और आर्थिक असमानताएं पैदा कर सकती है।

इसलिए कृत्रिम बुद्धिमता की इस नई लहर को हर भारतीय के लिए एक अवसर बनाना होगा, न कि एक खतरा। इसके लिए हमें न केवल बुनियादी डिजिटल अवसंरचना मजबूत करनी होगी, बल्कि शिक्षा, प्रशिक्षण और सरकारी प्रशासन को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुकूल बनाना होगा। तभी इस संक्षिप्त एआई के नाम से मशहूर हो चुकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वादा पूरा हो सकेगा और भारत एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र बन सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बड़े एक्शन की तैयारी में इजरायल

# ईरान-इजरायल में संघर्ष चरम पर

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान और इजरायल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है।

इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। आईडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजरायल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को तबाह किया है। पिछले तीन दिनों के दौरान इजरायली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 13 इजरायली मारे गए हैं और 300 से ज्यादा घायल हैं। इजरायल के हाइफा शहर के बाजान तेल रिफाइनरी सेंटर को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने कहा है कि अगर इजरायल हमले रोक लेता है तो ईरान भी रोक देगा। हालांकि इस पर इजरायल की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।



**■ मिलिट्री लोकेशन खाली करें ईरानी नागरिकः इजरायल**

**■ ईरान ने इजरायल की हाइफा रिफाइनरी पर मिसाइल दागी**

## इजरायल को हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोके अमेरिकाः इराक

**बगदाद।** इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबाह अल-नुमान ने शनिवार को कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है। इराक ने दोहराया कि वह अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या उसे ईरान या अन्य पड़ोसी देशों पर इजरायली हमलों के लिए इस्तेमाल किए जाने का सख्त विरोध करता है। बयान में कहा गया है कि इराक ने संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए अब तक अत्यधिक संयम बरता है। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि इराक को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन पर जवाब देने का पूरा अधिकार है। इराक ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की, जिसमें सैन्य अभियान चलाने के लिए इजरायल की ओर से उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने की निंदा की गई।

## हजारों न्यूयॉर्कवासी ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ राष्ट्रपति विरोध प्रदर्शन में हुए शामिल

**न्यूयॉर्क।** हजारों न्यूयॉर्कवासी लगातार बारिश होने के बावजूद ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के खिलाफ शहर में आयोजित राष्ट्रव्यापी 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। पूरे न्यूयॉर्क में इस दिन 90 से अधिक 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शनों की योजना बनाई गई है, और पूरे देश में लाखों लोगों के 'राष्ट्रव्यापी अवज्ञा दिवस' में शामिल होने की उम्मीद है। शनिवार को 'नो किंग्स' वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन अधिनायकवाद, अरबपति केन्द्रित राजनीति और लोकतंत्र के सैन्यीकरण को अस्वीकार करने के लिए आयोजित किया गया है। अकेले न्यूयॉर्क में मैनहट्टन, क्वींस, ब्रुकलिन और स्टेटन द्वीप में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। विशेष रूप से, हजारों प्रदर्शनकारी मैडिसन स्क्वायर पार्क की ओर शांतिपूर्ण मार्च करने से पहले ब्रायंट पार्क और फिफ्थ एवेन्यू के आसपास एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प प्रशासन की निंदा करते हुए विभिन्न तख्तियां लेकर चल रहे थे।

# अमेरिका समर्थित राहत केंद्र के पास गाजा में गोलीबारी

**■ आठ फलस्तीनियों की मौत, दर्जनों लोग घायल**

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। गाजा पट्टी में रविवार को एक राहत केंद्र के पास हुई गोलीबारी में आठ फलस्तीनियों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। यह राहत केंद्र इजरायल और अमेरिका के समर्थन से संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चश्मदीदों ने इस हमले के लिए इजरायली सेना को जिम्मेदार ठहराया है।

हालांकि, इजरायली सेना की ओर से इस पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि रविवार तड़के रफा शहर में दो राहत केंद्रों की ओर भीड़ जा रही थी। तभी इजरायली सेना ने गोलियां चलाईं। राहत कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि इजरायल की नाकेबंदी और सैन्य अभियान की वजह से गाजा में भुखमरी की स्थिति बन गई है और अकाल का भी खतरा बढ़ गया है। गोलीबारी उन केंद्रों से कुछ सौ मीटर दूर हुई, जो गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे हैं। इजरायल और अमेरिका इस संस्था के जरिए संयुक्त राष्ट्र की वितरण प्रणाली की जगह लाना चाहते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने इस नई वितरण प्रणाली को मानने से इनकार कर दिया है और कहा है कि यह मानवीय सिद्धांतों के खिलाफ है। पिछले एक महीने में जबसे ये राहत केंद्र शुरू हुए हैं, इनके पास रोजाना गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं। चश्मदीदों का कहना है कि इजरायली सेना बार-बार इन केंद्रों की ओर जा रही भीड़ पर गोलीबारी करती है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, अब तक दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं। इजरायली सेना का कहना है कि वह सिर्फ चेतावनी देने के लिए गोली चलाती है, जब कोई संदिग्ध व्यक्ति उनके सैनिकों के करीब आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन के यात्रियों को न्यूजीलैंड में वीज़ा छूट की सुविधा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया से यात्रा करने वाले चीन के नागरिकों के लिए वीज़ा छूट नीति की घोषणा की। इमिग्रेशन न्यूज़ीलैंड के अनुसार नवम्बर 2025 से ऑस्ट्रेलिया में वैध वीजा रखने वाले चीन के पासपोर्ट धारकों को वीज़ा के बजाय न्यूज़ीलैंड इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल अथॉरिटी (एनजेडईटीए) के जरिये तीन महीने तक न्यूजीलैंड आने की अनुमति दी जायेगी। यह छूट केवल ऑस्ट्रेलिया में रुकने वाले चीन के नागरिकों के लिए है, आवागमन करने वाले यात्रियों पर लागू नहीं होगी। आवेदकों को अभी भी एनजेडईटीए के लिए मानदंड पूरा करना होगा। आज वीज़ा छूट की घोषणा 12 महीने के लिए एक परीक्षण नीति है जिसका उद्देश्य चीनी पर्यटकों के लिए न्यूजीलैंड को अधिक आकर्षक बनाना है।

### नेपाल में पुल ढहने से तीन लोगों की मौत

काठमांडू। पूर्वी नेपाल में शनिवार को एक निर्माणाधीन पुल ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुल शनिवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे ढह गया जिससे छह मजदूर घायल हो गए। पुल का निर्माण पंचथर और तापलेजंग जिलों को जोड़ने के लिए किया जा रहा था। पंचथर जिला पुलिस के प्रवक्ता रूपेश तमांग ने कहा कि तीन लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है।

### अमेरिका से उत्तम व्यापार के लिए प्रतिबद्ध यूरोपीय संघ

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर हुई बातचीत में कहा कि ईयू नौ जुलाई से पहले उनके साथ एक 'उत्तम' व्यापार समझौता करने के लिए प्रतिबद्ध है। ईयू अध्यक्ष ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। इस बीच अमेरिका की ओर से स्टील और एल्युमिनियम आयात पर शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लागू हो गया है, जिससे व्यापार विवाद तेज हो गया और यूरोपीय उत्पादकों ने इस फैसले से भारी नुकसान की चेतावनी दी है। यूरोपीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने भी 26 मई को तब टिप्पणी की जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से बातचीत को बेनतीजा बताया था।

# नाईजीरिया में 100 लोगों को मौत के घाट उतारा

## सैकड़ों घायल, कई लापता, बंदूकधारियों ने कई परिवारों को घरों में बंद कर जिंदा जलाया

**अबुजा।** नाइजीरिया के नॉर्थ-सेंट्रल बेन्यू स्टेट के गुमा स्थित येलेवाटा में कम से कम 100 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सैकड़ों लोग घायल हैं और दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। ह्यूमन राइट्स ग्रुप एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि यह हमला शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुआ।

घायलों को अब तक जरूरी मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। एमनेस्टी के मुताबिक, इस सामूहिक हमले में हमलावरों ने गांव के कई परिवारों को उनके घरों में बंद करके जिंदा जला दिया। लोग इतने बुरी तरह जल गए, उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। बेन्यू पुलिस ने हमले की पुष्टि की है, लेकिन यह नहीं बताया कि हत्याएं किसने की और कितने लोग मारे गए हैं। स्थानीय लोगों ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि हमले में 100 से अधिक लोगों के मरने की आशंका है। बेन्यू में जमीन-पानी के लिए मुस्लिम-ईसाई लोगों में लड़ाई बेन्यू नाइजीरिया के मध्य बेल्ट में है, जिसके उत्तर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी है और दक्षिण में ज्यादातर ईसाई रहते हैं। दोनों समुदायों के बीच अक्सर जमीन और पानी के लिए लड़ाई होती है। जातीय और धार्मिक बंटवारे के कारण ये झगड़े और भी बदतर हो जाते हैं। खासकर जमीन को लेकर मुस्लिम और ईसाई चरवाहों और किसानों के बीच कॉम्पिटिशन है। चरवाहों को अपने मवेशियों के चरने लिए और किसानों को खेती के लिए जमीन की जरूरत होती है। किसान चरवाहों पर आरोप लगाते हैं कि वे मवेशियों को उनके खेतों में चराते हैं और फसल नष्ट कर देते हैं। चरवाहों का तर्क होता है कि ये जमीन चरागाह के रास्ते हैं, जिन्हें देश की आजादी के पांच साल बाद 1965 में पहली बार कानून बनने के बाद अधिकार मिला था। नाइजीरिया में चरवाहों और किसानों के बीच जमीन और पानी के लिए अक्सर लड़ाई होती है। मई में चरवाहों ने 42 लोगों की गोली मारकर हत्या की पिछले महीने, नाइजीरिया के बेन्यू के ग्वेर वेस्ट जिले में हुए एक के बाद एक कई हमलों में संदिग्ध चरवाहों ने कम से कम 42 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अप्रैल में बेन्यू के पड़ोसी राज्य पठार में कम से कम 40 लोग मारे गए थे। शोध फर्म एसबीएम इंटेलिजेंस के अनुसार, 2019 से अब तक बेन्यू में झड़पों ने 500 से अधिक लोगों की जान गई है और 22 लाख लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।



**■ मई में चरवाहों ने 42 लोगों की गोली मारकर हत्या की**

# बमबारी के कारण ईरान की गैस रिफाइनरी में विस्फोट

## विस्फोट के कारण फजर जाम गैस रिफाइनरी के एक हिस्से में आग लग गई

**■ ईरानी निष्क्रिय रक्षा और बचाव बल स्थिति को संभाल रहे हैं**



**तेहरान।** ईरान के दक्षिणी प्रांत बुशहर में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक रिफाइनरी में शनिवार को इजरायल के हमले से विस्फोट हो गया। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया इजरायल के एक माइक्रो एरियल वाहन ने बुशहर प्रांत में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक ऑनशोर रिफाइनरी पर हमला किया जिससे रिफाइनरी में विस्फोट हो गया।

एजेंसी ने कहा कि विस्फोट के कारण फजर जाम गैस रिफाइनरी के एक हिस्से में आग लग गई है, हालांकि अभी तक नुकसान की सीमा के बारे में कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा है कि ईरानी निष्क्रिय रक्षा और बचाव बल स्थिति को संभाल रहे हैं। यह हमला इजरायल द्वारा ईरानी सैन्य और परमाणु सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश भर के अन्य शहरों पर हवाई हमले किए। हमलों का उद्देश्य ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे, बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन और सैन्य क्षमताओं को कमज़ोर करना था। ईरान ने हमलों के जवाब में शुक्रवार रात और शनिवार की सुबह को इजरायली ठिकानों पर रॉकेट से हमला किया। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ के अनुसार हमलों के कारण तीन लोग मारे गए और 172 अन्य घायल हो गए।



तेल अवीव। गोलीबारी की चेतावनी देने वाले सायरन के दौरान एक आश्रय में बैठे इजरायली लोग।

# ट्रम्प खाड़ी देशों के हालात पर चिंतित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मध्य पूर्व में तनाव और रूस-यूक्रेन शांति वार्ता पर फोन पर बात की और दोनों इस बात पर सहमत हुए कि 'इज़रायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें लगता है, जैसा कि मुझे भी लगता है, इज़रायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने एक घंटे की बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति को यह भी समझाया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष भी समाप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा हमने लंबी बातचीत की। रूस यूक्रेन के बारे में बात करने में बहुत कम समय लगा, लेकिन यह अगले सप्ताह के लिए होगा। ट्रम्प ने कहा 'पुतिन नियोजित कैदी अदला-बदली कर रहे हैं-दोनों पक्षों से बड़ी संख्या में कैदियों की तुरंत अदला-बदली की जा रही है।' शनिवार को ट्रम्प का 79वां जन्मदिन था। उन्होंने बताया कि पुतिन ने फोन पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



**■ पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं**

## पुतिन, ट्रम्प ने फोन पर मध्य पूर्व की स्थिति पर की चर्चा

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फोन पर मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा की है। क्रेमलिन ने यह जानकारी दी है। पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने शनिवार को कहा कि बातचीत 50 मिनट तक चली, यह सार्थक, ईमानदार और बहुत उपयोगी थी। उन्होंने कहा स्वाभाविक रूप से यह मध्य पूर्व में स्थिति के खतरनाक रूप से बिगड़ने पर केंद्रित थी। उन्होंने एक बयान में कहा कि पुतिन ने ईरान के खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की निंदा की और संघर्ष के संभावित बढ़ने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुतिन ने संघर्ष को बढ़ने से रोकने के महत्व और संभावित मध्यस्थता प्रयासों में शामिल होने के लिए रूसी पक्ष की तत्परता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प भी स्थिति को बहुत चिंताजनक मानते हैं। उन्होंने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की पटरी पर लौटने की संभावना से इनकार नहीं करते हैं। उशाकोव के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी वार्ताकारों की टीम ईरानी प्रतिनिधियों के साथ काम फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पुतिन ने ट्रम्प को दो जून को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों द्वारा किए गए समझौतों के निष्पादन के बारे में भी जानकारी दी।

# ट्रम्प प्रशासन ने अप्रवासियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाईः रिपोर्ट

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां और होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का निर्देश दिया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह नीतिगत बदलाव इस चिंता के बीच किया गया है कि हालिया आव्रजन कार्रवाई से इन उद्योगों को नुकसान हो सकता है। शनिवार को नाम न बताने की शर्त पर सूत्रों के हवाले से कहा गया कि ये उद्योग बड़े पैमाने पर अप्रवासियों के श्रम पर निर्भर हैं, जिनमें से कई अवैध रूप से अमेरिका में हैं। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करने एवं निर्वासित करने के लिए पूरे देश के कार्यस्थलों पर छापेमारी तेज कर दी है। आईसीई एजेंटों द्वारा प्रवासियों को खेतों और कार वॉश में हिरासत में लेने की घटनाएं पिछले सप्ताह सुर्खियों में रही हैं। प्रवासियों पर कार्रवाई के बाद लॉस एंजेलिस और न्यूयॉर्क सहित कई अमेरिकी शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। प्रदर्शनों में हिंसा ने ट्रम्प प्रशासन को लॉस एंजेलिस क्षेत्र में नेशनल गार्ड के सदस्यों और सक्रिय-ड्यूटी मरीन भेजने के लिए मजबूर किया है, जबकि कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और अन्य स्थानीय अधिकारियों ने इसका विरोध किया है। फिलहाल, वाशिंगटन आईसीई एजेंटों की सुरक्षा करने और विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए सैन्य सदस्यों का उपयोग जारी रख सकता है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने गुरुवार शाम फैसला सुनाया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कैलिफोर्निया के नेशनल गार्ड को अवैध रूप से संघीय बना दिया है और संविधान का उल्लंघन किया है। इसके बाद नौवीं अमेरिकी सर्किट अपील अदालत ने आपातकालीन स्थगन जारी कर दिया।



## वियतनाम में वुटिप तूफ़ान के कारण छह लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम में वुटिप तूफान के कारण हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य लापता है। आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने रविवार को कहा देश के मध्यवर्ती भाग के किक्वांग बिन्ह और क्वांग त्रि प्रांतों में छह लोगों की मौत की खबर है, जबकि क्वांग बिन्ह में बाढ़ के पानी में बह जाने के बाद एक व्यक्ति लापता है। तूफान के कारण 47 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस क्षेत्र के 58,000 हेक्टेयर खेतों में पानी भर गया जिसमें धान और अन्य फसलें लगी हुई थीं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण देश भर में 40 लोग मारे गए या लापता हो गए हैं।

# जमीन पर पटका-फिर घुटने से दबाई गर्दन

**■ आस्ट्रेलिया में पुलिस ने की भारतीय की हत्या**

**एडिलेड।** आस्ट्रेलिया में पुलिस के एक अधिकारी पर भारतीय की गैर इरादतन हत्या के आरोप लगे हैं। आरोप है कि पुलिस अधिकारी ने भारतीय मूल के इस युवक को पकड़कर जमीन पर पटका, फिर घुटने से उसकी गर्दन दबाई थी।

हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इसकी मौत हो गई। आस्ट्रेलिया के शहर एडिलेड के मोडबरी नार्थ में भारतीय मूल के निवासी 42 वर्षीय गौरव कुंदी रहते थे, कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन पहले उनकी मौत हो गई, इसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ, जिससे सामने आया कि कुंदी की हालत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के दौरान बिगड़ी थी। आस्ट्रेलिया मीडिया के मुताबिक पुलिस अधिकारी ने घुटने से कुंदी की गर्दन दबाई थी। आस्ट्रेलिया मीडिया के मुताबिक रायस्टन पार्क में कुंदी को गिरफ्तार किए जाने का प्रयास किया गया था। दरअसल पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच झगड़ा होते हुए देखा था, जबकि यह उनकी पत्नी पत्नी अमृतपाल कौर थीं।